हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार ● 30.01.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 188 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## महाकुंभ में भगदड़, 30 की मौत, 60 घायल

### मौनी अमावस्या पर 5.76 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी



### मारे गए लोगों के परिजनों को 25-25 लाख मुआवजे का एलान

महाकुंभ भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया है। इसके साथ ही घटना की न्यायिक जांच का भी आदेश दिया है। इसके लिए तीन सदस्यीय समित भी बन रही है। यह जांच पुलिस की पड़ताल से अलग होगी। इसके साथ ही मुख्य सचिव और डीजीपी को भी गुरुवार को प्रयागराज जाने का आदेश सीएम योगी ने दिया है।

### महाकुंभ में हुई भगदड़ की खबर सुनकर मन व्यथित है : मुख्यमंत्री

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि महाकुंभ में हुई दुखद भगदड़ की खबर सुनकर मन व्यथित है, जिसमें कम से कम 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को कहा है कि मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकसंतप्त तीर्थयात्री परिवारों के साथ हैं। इस दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पूर्ण आशा है कि भारत सरकार इस घटना की पूरी तरह से जांच करेगी और ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। हम सभी को मिलकर ऐसी त्रासदियों से सबक लेना चाहिए और भविष्य में सुरक्षा के उचित इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए ताकि ऐसी घटना दुबारा ना हो।

### भगदड़ में पलामू की महिला की मौत

**पलामू :** उतरप्रदेश के प्रयागराज में 144 साल के बाद लगे महाकुंभ मेले में मची भगदड़ में पलामू की एक महिला भी शामिल है। महिला रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव की रहने वाली है, जिसकी पहचान गायत्री देवी (60) अमरेश पांडेय की पत्नी के रूप में हुई है।

एजेंसी

**प्रयागराज :** मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर बुधवार को बेरीकेडिंग टूटने की घटना के बाद मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि 60 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए कहा कि मरने वालों में 25 की शिनाख्त कर ली गयी है जबकि पांच की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। कुछ घायलों के परिजन अपने मरीज को लेकर चले गये है जबकि 36 का इलाज स्थानीय मेडिकल कालेज में किया जा रहा है। उन्होने बताया कि ब्रह्म मुहुर्त से पूर्व प्रातः एक से दो बजे के बीच मेला क्षत्र में अखाडा मार्ग पर भारी भीड़ का दवाब बना और भीड़ के इस दवाब में दूसरी ओर के बेरीकेड टूट गये और लोग बेरीकेड फांद कर दूसरी ओर आ गये जहां श्रद्धालु ब्रह्म मुहुर्त का इंतजार कर रहे थे, भीड़ ने उन्हे नहीं देखा और उनको कुचलना शुरू कर दिया। यद्यपि प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करते हुए भीड़ को काबू किया और एबुंलेंस से 90 घायलों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन इसमें 30 श्रद्धालु की मौत हो गयी।

श्री कृष्ण ने बताया कि मरने वालों में से 25 की पहचान हो चुकी है जबकि अन्य की शिनाख्त की जानी बाकी है। इनमे से कर्नाटक के चार, असम और एक गुजरात का एक एक श्रद्धालु शामिल है। कुछ घायलों को परिवार के सदस्य लेकर चले गये हैं तथा 36 घायलों का इलाज स्थानीय मेडिकल कालेज में चल रहा है।

उन्होने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये मेला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया है जिस पर घायल के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस समय स्थिति पूरी तरह सामान्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी पूज्य संतो, महामंडलेश्वरों से आग्रह किया गया है कि वे इस अमृत स्नानों के भागीदार बने। श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए अखाड़ों ने अमृत स्नान किया जो सकुशल संपन्न हो गया है। श्री कृष्णा ने बताया कि अमृत स्नान पर्व में आज कोई वीवीआईपी अथवा वीआईपी प्रोटोकाल नहीं था और आगामी अमृत स्नान पर्व में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं की जायेगी। बुधवार को अब तक 5 करोड़ 71 लाख लोग अब तक संगम में स्नान कर चुके हैं। वहीं मंगलवार तक कुल 19 करोड़ 94 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया था।

## कैबिनेट : निर्माण कार्य में जीएसटी दर 12 से बढ़ाकर 18 फीसदी की गयी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि निर्माण कार्य श्रेणी की जीएसटी दर में 12.00 फीसदी के स्थान पर 18.00 फीसदी की वृद्धि होगी। इस परिप्रेक्ष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत कार्य संविदाओं में भुगतान/अंतर राशि देयता के लिए प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति दी गई।

### बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

- झारखण्ड उच्च न्यायालय अन्तर्गत दायर वाद संख्या-WPS No. 777/2023, राज कुमार राम बनाम झारखण्ड सरकार एवं अन्य तथा उक्त से उद्भूत अवमाननावाद संख्या- Cont (c) 190/2024 राज कुमार राम बनाम झारखण्ड सरकार एवं अन्य के क्रम में राज कुमार राम, सेवानिवृत पदचर की सेवा नियमित एवं सम्पुष्ट किये जाने एवं अनुमान्य वित्तीय लाभ दिए जाने की स्वीकृति दी गई।
- झारखण्ड उच्च न्यायालय में दायर वाद WP(S) No.-7081/2023 विजय कुमार ठाकुर बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य के आलोक में विजय कुमार ठाकुर, सेवानिवृत्त (दिनांक-30.04.2024 को), वरीय अनुदेशक (तदर्थ रूप से नियुक्त), हस्तशिल्प संसाधन-सह-विकास केन्द्र, जमशेदपुर की सेवा नियमित करते हुए पेंशनादि लाभों की स्वीकृति दी गई
- निर्माण कार्य श्रेणी की जीएसटी दर में वृद्धि (यथा 12.00 फीसदी के स्थान पर 18.00 फीसदी) के परिप्रेक्ष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत कार्य संविदाओं में भुगतान/अंतर राशि देयता हेतु प्रक्रिया निर्धारण की स्वीकृति दी गई।
- मतियस विजय टोप्पो, झा०प्र०से० (कोटि क्रमांक-863/03), तत्कालीन विशेष विनियमन पदाधिकारी, रांची, सम्प्रति-निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग को सेवा से बर्खास्त करने संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई।
- राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों एवं संस्थानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से झारखण्ड राज्य उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना लागू करने की स्वीकृति दी गई।
- उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रांची द्वारा WP(S) No. 4074/2016, रश्मि प्रसाद बनाम राज्य सरकार एवं अन्य तथा WP(S) No. 4418/2016, दीपक कुमार बनाम राज्य सरकार एवं अन्य वाद में दिनांक 23.01.2024 को पारित आदेश के अनुपालन में वादीगण की स्नातक प्रशिक्षित वेतनमान में नियुक्ति के अनुमोदन हेतु गैर-सरकारी सहायता प्राप्त भाषायी अल्पसंख्यक विद्यालय, डोरण्डा बालिका उच्च विद्यालय, डोरण्डा, रांची में सहायक शिक्षकों के 02 छाया पद, 26 फरवरी, 2009 से 31 दिसम्बर, 2017 तक की अवधि हेतु सृजन की स्वीकृति दी गई।

## ओलंपियन सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सौंपे भूखंड आवंटन के कागजात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हॉकी में राज्य और देश का नाम रोशन करने वाली ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को रांची के हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में 3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन का कागजात सौंपा। राज्य सरकार ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर झारखंड की दो बेहतरीन महिला हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे एवं निक्की प्रधान के खेल उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राजधानी रांची में उनका अपना घर होने के सपने को आखिरकार पूरा कर दिया है।

मुख्यमंत्री के द्वारा इन दोनों स्टार हॉकी खिलाड़ियों को हरमू आवासीय कॉलोनी के प्लॉट नंबर - 10 (बी) तथा 10 (ए) में 3750-3750 वर्ग फीट भूखंड आवंटन की हस्तगत प्रतियां आवास निर्माण के लिए उन्हें प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ी बेटियों का सम्मानित किया जा रहा है। हमारी बेटियों ने अपने हुनर और काबिलियत से सिर्फ राज्य का ही नही बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई दशकों से झारखंड की बेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश और दुनिया में अलग पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने प्रदर्शन की बदौलत कई बार हमारी बेटियों ने लोगों को आश्चर्यचकित किया है कि झारखंड जैसे पिछड़े और आदिवासी बहुत क्षेत्र जहां सीमित संसाधनों में तैयारी कर इतनी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई ऐसे मौकों पर देखने को मिला कि राज्य के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने खेल पर फोकस करते हुए नई रास्ता तलाशने का काम किया है जिससे यहां के युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने रांची में हॉकी के अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ-साथ कई बड़ी-बड़ी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक कर दिखाया है। ऐसे खेल आयोजनों से यहां के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिल रहा है। खेल स्वस्थ मानसिकता को विकसित करने का एक बेहतर माध्यम है।

### मंईयां सम्मान योजना के कारण जनता पर नहीं पड़ने देंगे अतिरिक्त बोझ : सीएम

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार इस योजना के लिए जनता पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगी। इसके बजाय, सरकार अपने आंतरिक संसाधनों से ही योजना के लिए आवश्यक राशि की व्यवस्था करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि भारत सरकार देश की आधी आबादी के लिए 25-26 हजार करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान करती है, जबकि झारखंड सरकार ने अपनी आधी आबादी के लिए 15-16 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे मंईयां योजना को लेकर आश्वस्त और निर्भीक रहें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना पूरे देश में झारखंड की अलग पहचान बनाने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि एक राज्य का अपने बजट की इतनी बड़ी राशि से आधी आबादी के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रयत्नशील होना एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि झारखंड को अक्सर "सोने का चिड़िया" कहा जाता है, लेकिन वास्तव में यह देश के सबसे पिछड़े राज्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में राज्य ने कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार ने हार नहीं मानी है। उन्होंने कहा कि स्कूल, आधारभूत संरचना, सड़क, बिजली और पानी को लेकर बड़े पैमाने पर काम हुए हैं।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढ़ेर हो गए है। घटना स्थल से दो इंसास राइफल बरामद किए गए हैं।

बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह चाईबासा के सोनुवा थाना क्षेत्र के बिलाटी टोला के पास स्थित जंगल में झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर के जवानों की टीम संयुक्त रूप से जंगल में सर्च ऑपरेशन के लिए निकली थी।

इसी दौरान उनका नक्सलियों के साथ आमना-सामना हो गया।



पुलिस को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग शुरू की। सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली मौके से जंगल का फायदा उठाकर भागने लगे। सर्च अभियान के दौरान अभी तक दो नक्सलियों का शव बरामद किया गया है, जिसमें एक महिला और एक पुरुष शामिल है।

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चाईबासा के सोनुवा थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में दो नक्सली को मार गिराया गया है। इसमें से एक की पहचान जोनल कमांडर संजय गंझू के रूप में हुई है। वहीं, दूसरा मारी गई महिला नक्सली एक करोड़ के इनामी अनल दा की महिला मित्र बताई जा रही है। इलाके में सर्च अभियान अभी भी जारी है।

मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की सूचना पर सुरक्षाबलों के उत्साह को बढ़ाने के लिए झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमल वी होमकर चाईबासा के लिए रवाना हो गए हैं।

स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान एवं
द्वितीय चरण कुष्ठ रोग खोज अभियान

30 जनवरी से 14 फरवरी 2025

"एक साथ आइए हम जागरुकता बढ़ायें, गलत धारणाओं को दूर करें और सुनिश्चित करें कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कोई भी व्यक्ति पीछे ना छुटे"

हाथ मिलाएँ, कुष्ठ मिटाएँ

कुष्ठ रोग छुआछूत का रोग नहीं है



कुष्ठ

न अभिशाप न पुश्तैनी रोग

जल्द करवायें मुफ्त
जाँच और ईलाज

NLEP

अधिक जानकारी हेतु अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र, अस्पताल, जिला कुष्ठ अधिकारी एवं सहिया दीदी से संपर्क करें अथवा टोल फ्री नम्बर 104 पर पर कॉल करें।

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज़ को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचाने हेतु नि:शुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 108 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर- 18003456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24x7 नि:शुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 345412 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

# हमारा प्रयास है कि हजारीबाग क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जाए : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर के लोकप्रिय एवं कर्मठ विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को कटकमसांडी प्रखंड के डांटोखुर्द पंचायत अंतर्गत ग्राम डांटो बाजार से आराभुसाई तक जाने वाली मुख्य सड़क (लंबाई - 1.00 किमी) के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस बहुप्रतीक्षित सड़क का निर्माण रु 66,06,559 की लागत से किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। इस शुभ अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने विधायक प्रदीप प्रसाद का पारंपरिक झारखंडी संस्कृति के अनुसार ढोल-नगाड़ों और नृत्य के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने विधायक जी को माला पहनाकर और जयघोष के साथ अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस विकास कार्य के प्रति अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि यह सड़क उनके लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस सड़क के न होने से उन्हें लंबे समय से असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, खासकर बारिश के दिनों में सड़क की खराब स्थिति के कारण गांवों से बाहर जाना मुश्किल हो जाता था। अब इस निर्माण कार्य से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। इस मौके पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपस्थित जनसमूह और पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की हमारा संकल्प है कि हजारीबाग क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत किया जाए। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंचें, यह हमारी प्राथमिकता है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, जिससे विकास के नए द्वार खुलेंगे। आने वाले समय में हम इसी तरह क्षेत्र के अन्य गांवों को भी सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है और इसी विजन के तहत हजारीबाग को आधुनिक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। गांव के वरिष्ठ नागरिक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की यह सड़क हमारे लिए एक वरदान साबित होगी। वर्षों से हम खराब रास्ते के कारण परेशान थे। विधायक जी का धन्यवाद, जिन्होंने हमारी परेशानी को समझा और इस सड़क के निर्माण के लिए पहल की। वहीं, महिला समिति की सदस्य ने कहा की इस सड़क के बनने से न केवल हमारा गांव शहर से जुड़ेगा, बल्कि हमारे बच्चों को स्कूल जाने में भी आसानी होगी। पहले बारिश में स्कूल पहुंचना मुश्किल हो जाता था, लेकिन अब हमें राहत मिलेगी।

## जयनगर पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र झामुमो की बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कोडरमा जिला के जयनगर पूर्वी भाग जिला परिषद क्षेत्र झामुमो की बैठक गोहाल बाजार सेड पर हुई, जिसमें बतौर मुख्यातिथि पूर्व अध्यक्ष झारखंड राज्य आवास बोर्ड सह पूर्व विधायक, बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित हुये। बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने की जबकि संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष इस्लाम्म अंसारी ने की। इस अवसर पर जयनगर प्रखंड के पूर्वी भाग जिला परिसद क्षेत्र के तिलोकरी, खरियोडीह, घरौंजा, गड़गी, कटिया, तेतरोंन, रूपायडीह और गोहाल पंचायत के झामुमो नेता, कार्यकर्ता भारी संख्या में सम्मिलित हुए। बैठक में बूथ स्तर पर चुनाव की समीक्षा की गईं। जिन बूथों पर झामुमो प्रत्याशी की हार हुई वहाँ बेहतर कार्य करने का निर्देश झामुमो प्रत्याशी पूर्व विधायक श्री यादव द्वारा कार्यकताओं को दिया गया, वहीं जिन बूथों पर झामुमो की जीत हुई उनके हौसला अफजाई भी की गई। पूर्व विधायक यादव ने कहा कि भले ही हम सब मामूली अंतर से चुनाव में पराजित हो गए हैं, लेकिन हम सब की पूर्ण बहुमत की सरकार राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी है। मैं बीते दिनों बरकट्ठा में सोहराय मिलन समारोह के दौरान राज्य के आदरणीय शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन जी से जयनगर में डिग्री कॉलेज निर्माण की मांग भी किया हूँ। मैं प्रयास करूंगा की विधानसभा क्षेत्र का विकास हो। बैठक में सदस्यता अभियान पर भी बल दिया है, यह निर्णय लिया गया है अधिक से अधिक सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा, प्रखंड समिति जयनगर बनायेगी औ? विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के नीति सिद्धान्तों से आम लोगों को अवगत कराया जायेगा और झामुमो सबसे मजबूत पार्टी बनेगी।

## अबुआ बजट संगोष्ठी में वेक्टर क्लासेस के प्रतिनिधिमंडल ने रखे सुझाव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** झारखंड सरकार के वित्त विभाग द्वारा आयोजित अबुआ बजट पूर्व संगोष्ठी में वेक्टर क्लासेस के प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया और आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में हुई इस संगोष्ठी में संस्थान निदेशक दीपक गुप्ता, वित्त विशेषज्ञ कृष्णा कुमार राणा और शिक्षक राजेश कुमार ने वेक्टर क्लासेस का प्रतिनिधित्व किया। संगोष्ठी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्तराम मीणा और विभिन्न विभागों के सचिवों समेत देश के कई विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर वेक्टर क्लासेस के वित्त विशेषज्ञ कृष्णा कुमार राणा को जन पहल से आर्थिक पहल पर दिए गए उनके सुझावों के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वेक्टर क्लासेस के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और राज्य के समग्र विकास के लिए विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय रखी। वित्त विशेषज्ञ कृष्णा कुमार राणा ने सरकार को जल संरक्षण, न्यूनतम कर में भागीदारी, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के नियमों में बदलाव, स्वरोजगार एवं रोजगार को बढ़ावा देने, और वाहन लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को पंचायत स्तर तक लाने संबंधी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कृष्णा कुमार राणा ने कहा कि सरकार इस तरह की संगोष्ठियों के माध्यम से जमीनी स्तर की समस्याओं और उनके समाधान को बजट प्रक्रिया में शामिल करने की पहल कर रही है, जो एक सार्थक प्रयास है। संस्थान निदेशक दीपक गुप्ता ने बताया कि इस संगोष्ठी में झारखंड में आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने, ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों के विकास को गति देने और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर विशेष चर्चा हुई।

## बरही बना लघु-कुटीर उद्योग का केंद्र, डोकरा एवं लेडरक्राफ्ट प्रशिक्षण से स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही क्षेत्र लघु कुटीर उद्योग का एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनता जा रहा है। मंगलवार को पंचायत भवन बरही पूर्वी में 25 दिवसीय बेल मेटल डोकरा एवं लेडरक्राफ्ट प्रशिक्षण सह लघु उत्पादन इकाई का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह विशेष घटक योजना के तहत मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड द्वारा प्रायोजित था। प्रशिक्षण का संचालन जन जागरण केंद्र द्वारा ग्राम बाराटांड एवं कोनरा, प्रखंड बरही में किया गया, जिसमें कुल 20 अनुसूचित जाति की महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र एवं टूल किट वितरित किए और उनके बनाए उत्पादों की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को लघु उत्पादन इकाई स्थापित करने में प्रखंड विकास कार्यालय से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। समारोह के दौरान बीडीओ ने कहा कि बरही लघु कुटीर उद्योग के लिए एक उभरता हुआ केंद्र है और इसमें असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने उद्योग विभाग (मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर बोर्ड) एवं जन जागरण केंद्र द्वारा दिए गए इस प्रशिक्षण की सराहना की। प्रशिक्षण उपरांत सभी महिला प्रशिक्षुओं को प्रतिदिन 180 रुपये का मानदेय मिलेगा, जो उनके बैंक खाते में ऑनलाइन हस्तांतरित किया जाएगा। 25 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने डोकरा आर्ट में जाली, कछुआ, हाथी और पेन स्टैंड जैसे विभिन्न डिजाइन बनाए, जबकि लेडरक्राफ्ट प्रशिक्षण में आधुनिक डिजाइन के पर्स, बैग और की-रिंग तैयार किए गए। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण में बने बेल मेटल डोकरा उत्पादों को देखा और उनकी सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रखंड विकास कार्यालय में लघु कुटीर उद्योग के उत्पादों के प्रचार-प्रसार और बिक्री के लिए एक आउटलेट खोला जाए।समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि जिला उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, हजारीबाग श्रीशपति त्रिपाठी ने विशेष घटक योजना और अन्य सरकारी योजनाओं जैसे पीएम विश्वकर्मा, पीएमईजीपी, हस्तशिल्प आर्टिजन कार्ड आदि की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षुओं को इन योजनाओं का लाभ उठाकर सफल उद्यमी बनने का सुझाव दिया।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की जिला स्तरीय बैठक पांच फरवरी को

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप निलेश के निदेर्शानुसार हजारीबाग के रिंग रोज होटल कारगिल पेट्रोल पंप के सामने दिनांक 5 फरवरी 2025 को समय 12 बजे जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। इसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव करेंगे। उक्त बैठक में सभी साहू समाज के गणमान्य, समाजसेवी, बुद्धिजीवी महानुभव सज्जनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे उक्त बैठक की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आशीष कुमार साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

## विस्थापित प्रभावित परिवारों की समस्याओं का हल करे कंपनी नहीं तो होगा चक्का जाम : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** हजारीबाग जिला समाहरणालय में जिला प्रशासन एसडीओ राजकिशोर प्रसाद के अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं बड़कागांव विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के लोग इस बैठक में शामिल हुए। जिसमें रूप से विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को हजारीबाग जिला प्रशासन और विधायक के समक्ष रखा। मौके पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कड़े शब्दों कंपनी के द्वारा विस्थापित प्रभावित परिवारों के साथ हो रहे अनदेखा का विरोध करते हुए कंपनी के अधिकारियों एवं हजारीबाग जिला प्रशासन को कहा कि सभी विस्थापित प्रभावित परिवार को एनटीपीसी के द्वारा 2016 का कट ऑफ डेट हटाया जाए जिस गांव को जिस तिथि को विस्थापित किया जाता है उस तिथि को मानते हुए उस घर में रह रहे लड़का लड़की 18 वर्ष का है उसे विस्थापन का लाभ दिया जाए। विस्थापित परिवार के घर का मुआवजा का भुगतान करने तथा विस्थापन लाभ का भुगतान करते हुवे साथ साथ करते हुए घर तोड़ने से पहले रैयतों को कम से कम 6 माह का समय दिया जाए मकान बनाने के लिए साथ ही विस्थापन प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। वैसे विस्थापित परिवार जिनके घर का मुआवजा नहीं मिला है और घर मकान तोड़ दिया गया है 2020 जो आज तक मुआवजा नहीं मिला है। जैसे ग्राम मंझली डाडी लगभग 30 से 35 घर मकान है। ग्राम चेपा कला में लगभग 20 से 25 घर मकान तोड़ दिया गया है जो आज तक मुआवजा नहीं मिला है वही कंपनी के प्रशांत सिंह द्वारा धमकी दिया जाता है की पुराना घर माफी करो तभी आपको मिलेगा। वैसे विस्थापित परिवार उनके जिनका जमीन एनटीपीसी में अधिग्रहित हो चुका है उसको रोजगार से जोड़ा जाए तथा वैसे परिवार जिसको रोजगार देकर के बाद में कंपनी के द्वारा घर तोड़ने का जबरन दबाव बनाकर नहीं तोड़ने पर रोजगार से बैठा दिया गया है। एनटीपीसी के द्वारा 2016 से 2025 तक का प्रदूषण का लाभ से वंचित रखा गया है कोई भी सुविधा आज तक विस्थापित गांव का व्यक्ति का लाभ नहीं मिला है। ग्राम मंझली डाडी अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझली डाडी तथा आंगनबाड़ी केंद्र एनटीपीसी कंपनी के द्वारा जबरन तोड़ दिया गया है आज तक नहीं बनाया है। विस्थापित परिवार को घर मकान का मुआवजा भूमि अधिग्रहण 2013 के नियमों वाली के तहत पक्का मकान घर अल्वेस्टर घर का दर से भुगतान किया जाए।

## एक नजर

### सामूहिक विवाह दो फरवरी को



**बरही :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से आगामी 2 फरवरी को 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने और समाज में समानता व एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी एवं उनके प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ने बरही क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख एवं सम्मानित व्यक्तियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा और समारोह को यादगार बनाने में सहयोग करने की अपील की। प्रीति कुमारी व गुरुदेव गुप्ता ने बताया कि यह सामूहिक विवाह न केवल सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सहायता मिलेगी। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दें और इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनें। इस विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं, ताकि नवविवाहित जोड़ों को एक भव्य और सम्मानजनक माहौल मिल सके।

### प्रेस क्लब में तीन को होगी सरस्वती पूजा

**हजारीबाग :** हजारीबाग प्रेस क्लब में इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की भव्य पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा को लेकर बुधवार को हजारीबाग प्रेस क्लब के सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सरस्वती पूजा कमेटी के अध्यक्ष दीपक सिंह ने किया, वहीं संचालन पूजा कमेटी के सचिव सागर कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में विशेष रूप से मार्गदर्शन के रूप में क्लब के सचिव विस्मय अलंकार मौजूद रहें। यह आयोजन पूरी तरह से पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न होगा। पूजा के उपरांत, बीते वर्षों की तरह इस बार भी माता सरस्वती को हाथों में उठाकर झील घाट में विधिपूर्वक विसर्जित किया जाएगा। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है, जो पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करेंगी। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा एवं हवन,माँ सरस्वती की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार,समाज के सभी वर्गों की सहभागिता के साथ श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद व्यवस्था एवं संस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या का आयोजन होगा।

### सिम्फनी ने वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में किया प्रवेश

**हजारीबाग :** सिम्फनी लिमिटेड ने वॉटर हीटिंग सॉल्यूशन क्षेत्र में प्रवेश किया है। कंपनी ने 9-लेयर पुरोपॉड टेक्नोलॉजी के साथ वॉटर हीटर की एक श्रृंखला लॉन्च की है जो कठोर पानी को नरम पानी में परिवर्तित करने के साथ हानिकारक रसायनों एवं असुद्धिओ को फिल्टर करती है, जो बालों के झड़ने के मुख्य कारणों में से एक है। कंपनी ने वॉटर हीटर सेगमेंट में 3 मॉडल हैं। फाइव स्टार रेटेड वॉटर हीटर की रेंज सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक, हेवी-ड्यूटी हीटिंग तत्व, बेहतर स्थायित्व के लिए टाइटेनियम प्रो कोटिंग, लंबी उम्र के लिए मैग्नीशियम रॉड और व्यापक सुरक्षा सुविधाओं के साथ आती है।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद सामूहिक विवाह उत्सव की तैयारियां जोरों पर



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आगामी 02 फरवरी 2025 (रविवार) को आयोजित होने वाले सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 में 101 जोड़ों के सामूहिक विवाह की तैयारियां जोर पकड़ने लगी है। अब महज तीन दिन ही शेष हैं और हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना अहम योगदान दे रहें हैं। सांसद मनीष जायसवाल के अनुपस्थिति में उनके निर्देश पर उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल, उनके भाई प्रशांत जायसवाल उर्फ.राजा, निशांत जायसवाल उर्फ.राजू, इकलौता बेटा करण जायसवाल सहित सांसद प्रतिनिधि और सांसद सेवा कार्यालय से जुड़े लोगों के अलावे उनके शुभचिंतक दिनरात एक किए हुए हैं। विवाह स्थल हजारीबाग स्टेडियम (कर्जऩ ग्राउंड) को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। यहां पार्किंग, अतिथियों और बारातियों का स्वागत, पार्किंग, भोजन व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। हजारीबाग स्टेडियम में दो मंच एक अतिथियों के लिए और दूसरा पंडित जी एवं कला जत्था टीम के लिए निर्माण किया जा रहा है। 101 जोड़ों के लिए अलग- अलग 101 बेदियों का निर्माण किया जा रहा है। जहां जयमाला और शादी रचाई जाएगी। 101 जोड़ों के शानदार बारात निकालने की तैयारी है जिसके लिए विशेष प्रभारी बनाया गया है। कुल मिलाकर यह सांसद सामूहिक विवाह उत्सव-2025 हजारीबाग की धरती पर ऐतिहासिक होगा और जहां 202 वर- वधू की एक एक नई जिंदगी की शुरूआत होगी वहीं उनके इस सामूहिक विवाह उत्सव का 50 हजार से अधिक लोग गवाह बनेंगे। दूल्हा पक्ष के लोगों को सिमरा रेस्ट हाउस के समीप स्थित अपकमिंग जीडी गोयनका स्कूल में और कन्या पक्ष के लिए सनराइज इन में ठहरने का इंतजाम किया गया है। उक्त कार्यक्रम को लेकर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि समाज के अत्यंत जरूरी पहलू में सहयोग करते हुए मैंने दूसरी बार हजारीबाग की धरती पर सामूहिक विवाह कराने का निर्णय लिया है और आगामी 02 फरवरी 2025 को यह मूर्त रूप लेने जा रहा है। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 के तहत 101 जोड़ों का विवाह पूरे धूमधाम से हजारीबाग स्टेडियम में संपन्न होगा। उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से इस उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इसे ऐतिहासिक और सफल बनाने का अपील भी किया।

### 90 दिवसीय डोर टू डोर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हजारीबाग :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग की ओर से बैनरतले 90 दिवसीय डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन केरेडारी प्रखंड में किया गया। जिसका मॉनिटरिंग डी एल एस ए सचिव गौरव खुराना के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम मे पी एल वी अविनाश कुमार, अनिल कुमार दास, मुकेश कुमार रवि, प्रकाश कुमार, सुमित कुमार, ब्रजकिशोर कुमार के द्वारा लोगों को घरेलू हिंसा, डायन भूत प्रतिषेध अधिनियम,नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान, इत्यादि से संबंधित जानकारी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को यह भी बताया गया कि आपसी छोटे छोटे विवादों मे डी एल एस ए के माध्यम से बातचीत कर विवाद को निपटाया जा सकता है। डी एल एस ए एक ऐसी जगह है जहां त्वरित एवं नि:शुल्क कार्य किया जाता है,जहां से प्रत्येक दिन दोनों पक्षों मे समन्वय बनाते हुए विवाद को समाप्त किया जा रहा है। तथा आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध करवाया जाता है। समय समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत का आयोजन कर दोनों पक्षों के सहमति तथा लोक अदालत का लाभ देते हुए मुकदमे को समाप्त किया जा रहा है। साथ ही साथ लोगों जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। साथ ही साथ टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ने निकाली जागरूकता रैली



**चौपारण :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण द्वारा पीसीपी, एनडीटी एक्ट के तहत जागरूकता रैली आयोजित की गई। जिसमें भारी संख्या में सहिया दीदी, बीटीटी सहिया साथी एवं अस्पताल के स्वास्थ कर्मी शामिल हुए। रैली अस्पताल से निकलकर ब्लॉक मोड, चतरा मोड होते हुए बाजार तक गई। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या बंद करो। गांव शहर में अलग जगह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी है अनमोल उपहार शिक्षा है उसका संदेश दिया गया। रैली को सफल बनाने में एमओ डॉ फरहान महफूज, बीपीएम जागेश्वर शर्मा, बीडीएम, बटीटी, सहिया साथी एवं सहिया दीदी के महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आज वनभोज सह मिलन समारोह में मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं इरफान अंसारी होंगे शामिल



**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड के डाडीकलां पंचायत भवन में कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के द्वारा बृहस्पतिवार को होने वाले वनभोज सह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री राधाकृष्ण किशोर, इरफान अंसारी, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक सह कांग्रेस के केंद्रीय सचिव अंबा प्रसाद शामिल होंगे।यह कार्यक्रम सुबह 10.00 बजे से लेकर शाम 5.00 बजे तक चलेगा। जिसमें पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना के विस्थापित तथा प्रभावित लोग शामिल होंगे। जिसकी तैयारी पूरी हो गई है। उक्त आशय कि जानकारी कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति ने दी।

## एक नजर

### जेबीवीएनएल ने लोगों से की स्मार्ट मीटर लगवाने की अपील

**रांची :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने बिजली उपभोक्ताओं से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने की अपील की है। जेबीवीएनएल ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर इंस्टॉल कराना है, वे अपने क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर सकते हैं। कहा कि जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नबंर उनके बिजली कनेक्शन से नहीं जुड़ा है, वे जेबीवीएनएल के टोल-फ्री नबंर या क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से नंबर अपडेट कर सकते हैं। मोबाइल नंबर अपडेट होने के बाद उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिल व्हाट्सएप पर भेजे जाएंगे। इसके अलावा उपभोक्ता व्हाट्सएप के जरिए भी अपना बिजली बिल डाउनलोड कर सकते हैं।

### पूजा पंडालों में पर्यावरण का संदेश देती दिखाई देंगी मां सरस्वती

**रांची :** विद्या की लक्ष्मी मां सरस्वती की पूजा तीन फरवरी को शैक्षणिक संस्थानों, मुहल्लों और चौक चौराहों पर मनाया जाएगा। इसे लेकर सभी स्थानों पर छोटे और बड़े स्तर पर पंडाल बनाये जा रहे हैं। घरों और सड़कों पर चलते वाहनों को रोककर दस रुपये, बीस रुपये और पचास रुपये चंदा लिए जा रहे हैं। बड़े पंडाल बनाने के लिए गुमला, लातेहार व गढ़वा से कारीगर बुलाये गए हैं। वहीं छोटे पंडाल के लिए सामूहिक रूप से युवा अपने स्तर पर पूजा पंडाल बना रहे हैं। छोटे पंडाल बनाने के लिए अपने स्तर पर डिजाइन बनाए जा रहे हैं। कहीं बहती नदी के ऊपर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किए जायेंगे, तो कहीं तालाब संरक्षण का संदेश भी देते दिखाई देंगे। वहीं आसपास के पर्यावरण से धीरे-धीर तितली गायब को बचाने का संदेश के रूप में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किए जायेंगे। स्वास्तिक रेसीडेसी में फ्लाइट के बीच सरस्वती पूजा मनाया जाएगा। यहां पर दूसरी बार पूजा हो रही है। पूजा के दिन स्थानीय कलाकारों को बुलाया जा रहा है। पूजा पंडाल के अध्यक्ष प्रकाश साहा ने बताया कि सुबह नौ पूजा शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही भजन कीर्तन का भी आयोजन होगा, जो मां सरस्वती की महिमा का गुणगान करते दिखाई देंगे। नेताजी नगर कॉलोनी श्री अन्नापूर्णा क्लब में रांची का सबसे बडा प्रतिमा स्थापित किया जा रहा है। यहां पर डेढ़ लाख की लागत से शिवाजी के किले का भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही मां सरवस्ती प्रतिमा भी महाराष्ट की संस्कृति के अनुसार बनाई जा रही है।


**द. पू. रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **क्र. सं. एवं निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; जमा बयाना राशि : (1) सीकेपी-साउथ-24-25-38, दिनांक: 28.01.2025;** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन डंगोआपोसी (डीपीएस) रेलवे स्टेशन पर आरओएच/सिक लाइन शेड के लिए सेंटर ऑफ एक्सील लिफ्टिंग का प्रावधान तथा सी एंड डब्ल्यू यार्ड में रैक जांच सुविधाओं का सुधार। **कार्य का दायरा :** (1) स्थापित आकार 46 मी. x 11 मी. के साथ जी + 1 सेंटर ऑफ एक्सील लिफ्टिंग, (2) स्टोरेज रूम (26 मी. x 7 मी.), (3) पैनल रूम (10 मी. x 7 मी.), (4) डीजी रूम 15 मी. x 7 मी., (5) 600 मीटर लम्बी एवं 2.5 मीटर चौड़ी (संशोधित लोकेशन तथा आकारों) के लिए लाइन संख्या 1-2, 2-3, 3-4, 4-5, 5-6, 6-7 के बीच सीमेंट कंक्रीट पाथवे का निर्माण; रु. 4,68,36,477.98; रु. 3,84,700। **(2) सीकेपी-साउथ-24-25-48, दिनांक : 28.01.2025;** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन डंगोआपोसी रेलवे स्टेशन पर एनहैंस्ड रोलिंग इन सुविधाओं का सुधार तथा डंगोआपोसी में सी एंड डब्ल्यू यार्ड में आरओएच शेड का सिक लाइन कवर शेड द्वारा (60 मीटर x 22 मीटर) विस्तार; रु. 4,86,43,264.70; रु. 3,93,200। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** रु. 0 (प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख :** 18.02.2025 (प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदाताओं/बोलीदाता ही इस निविदा में भाग ले सकते हैं। **द्रष्टव्य :** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-1072)


## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय चित्रकार शिविर का कल्याण मंत्री ने किया उद्घाटन

# विरासत को रंगों में संजोकर नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य : चमरा लिंडा

- जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरव को चित्रों में उकेरने की अनूठी पहल।
- राज्यभर के प्रतिभाशाली जनजातीय चित्रकारों की रही भागीदारी।
- सोहराई, कोहबर, पिठौरा जैसी पारंपरिक कलाओं में वीरों की गाथा।



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि सरकार, झारखंड की जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। झारखंड की जनजातीय कला और संस्कृति को संजोने और जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के गौरवशाली इतिहास को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ही राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वह बुधवार को डॉ. राम दयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान परिसर, मोराबादी, रांची में राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर का उद्घाटन कर रहे थे । यह ऐतिहासिक आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

### जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष हमारी अस्मिता और प्रेरणा का प्रतीक

मंत्री ने कहा कि झारखंड के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष हमारी अस्मिता और प्रेरणा का प्रतीक है। उनकी शौर्यगाथा को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। इस चित्रकार शिविर के माध्यम से हमें उन वीर सेनानियों की वीरता को पुनः जीवंत करने का अवसर मिला है। साथ ही झारखंड का जनजातीय समाज हमेशा से अपनी कला, संस्कृति और संघर्षशीलता के लिए जाना जाता है। यहां के कलाकारों की प्रतिभा अद्भुत है, और यह शिविर उन कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा जिससे, वे अपनी कला के माध्यम से इतिहास को संजो सकें।

### शिविर का उद्देश्य और महत्व

इस वर्ष धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का ऐतिहासिक उत्सव मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में झारखंड के वीर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रांकन हेतु यह चार दिवसीय जनजातीय चित्रकार शिविर (29 जनवरी से 1 फरवरी 2025) आयोजित किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य झारखंड की वीरभूमि से जुड़े जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, तिलका मांझी, वीर बुधु भगत, नीलांबर-पीतांबर सहित अन्य अमर योद्धाओं के संघर्ष और योगदान को चित्रों के माध्यम से जीवंत करना है।

### जनजातीय कलाकारों की भागीदारी

इस शिविर में झारखंड के कोने-कोने से आए वरिष्ठ एवं युवा जनजातीय चित्रकार हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागी कलाकार अपने चित्रों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की गाथाओं को जीवंत रूप देंगे। चित्रकला की विभिन्न शैलियों, जैसे सोहराई, कोहबर, पिठौरा, गोंड, वारली और अन्य जनजातीय कला रूपों का प्रयोग किया जाएगा, जिससे झारखंड की समृद्ध कला परंपरा को भी बल मिलेगा।

### संस्थान परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन

शिविर के अंत में सभी चित्रों को एक विशेष प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें झारखंड के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। इन चित्रों को झारखंड के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, संग्रहालयों और सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास से अवगत हो सकें।

### सरकार की जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहन देने की पहल

श्री लिंडा ने यह भी घोषणा की, कि झारखंड सरकार राज्य के जनजातीय कलाकारों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के जनजातीय कलाकारों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार कई योजनाओं पर कार्य कर रही है।

### जनजातीय समाज में उत्साह

इस आयोजन को लेकर जनजातीय समाज में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई समुदायों के प्रतिनिधि, कलाकार, शोधार्थी और विद्यार्थी भी इस शिविर में शामिल हुए। सभी ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि झारखंड की गौरवशाली परंपरा को नई पहचान देने में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

### समापन समारोह में होगा विशेष सम्मान

यह चार दिवसीय शिविर 1 फरवरी 2025 को संपन्न होगा। समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ चित्रकारों को विशेष सम्मान और पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही, झारखंड सरकार द्वारा इन चित्रों को आधिकारिक रूप से संरक्षित करने की योजना भी बनाई गई है।

धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित यह राज्य-स्तरीय जनजातीय चित्रकार शिविर झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों की गाथाओं को एक नई पहचान देगा। यह न केवल झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य करेगा, बल्कि जनजातीय चित्रकारों को भी एक नया मंच प्रदान करेगा। जनजातीय समाज की अमूल्य धरोहर को सहेजने के लिए इस तरह के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे। मौके पर मुख्य रूप से टीसीडीसी प्रबंध निदेशक नियोलसन बागे, कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा व अन्य मौजूद थे।

## सीपी सिंह की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**रांची :** पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक सीपी सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। रांची पुलिस ने उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह मामला रांची के हिन्दपीढ़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 123/2024 से जुड़ा हुआ है, जिसमें पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए हैं। इस मामले में एफआईआर विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद सिंह के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में दर्ज की गई थी। बता दें कि सहायक निवार्ची पदाधिकारी ने सीपी सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। सीपी सिंह पर आरोप लगाया गया था कि हिंदपीढ़ी क्षेत्र में भाजपा के चुनाव चिन्ह 'कमल' के झंडे लगाए गए थे, जो आचार संहिता का उल्लंघन था। चार्जशीट दाखिल होने के बाद अब कोर्ट द्वारा इस मामले को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में ट्रांसफर किया जा सकता है, जहां इसकी आगे की सुनवाई की जाएगी।

# राज्य में निर्माणाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज का कार्य समय पर हो पूरा : शिल्पी नेहा तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग से जुड़े भवनों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर जोर देने का निर्देश दिया है। नेपाल हाउस में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में निमार्णाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज का कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण करने को कहा है।

बैठक के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि नये भवन के निर्माण कार्य के साथ- साथ पहले से बन कर तैयार भवन का भी रख रखाव जरूरी है। खासकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जुड़े लैंप-पैक्स के लिए ये निर्देश ज्यादा जरूरी है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कृषि उत्पाद के स्टोरेज से जुड़े भवनों का निर्माण कार्य तय समय सीमा के अंदर होनी चाहिए। राज्य में जर्जर लैंप-पैक्स के स्थान पर नये भवन का निर्माण समय की आवश्यकता है। राज्य में निमार्णाधीन 19 कोल्ड स्टोरेज के साथ-साथ छोटे कोल्ड स्टोरेज की भी समीक्षा की गई। राज्य में पर्याप्त संख्या में कोल्ड स्टोरेज नहीं होने से कृषि उत्पाद , फल , सब्जी के रख रखाव में किसानों को परेशानी हो रही है। ऐसे कोल्ड स्टोरेज के निर्माण के क्रम में गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा जोर देने का निर्देश दिया गया है। बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस बार मौसम अनुकूल रहने की वजह से धान की अच्छी पैदावार हुई है। मोटा अनाज और दलहन की भी पैदावार पहले की तुलना में बेहतर है। किसानों को समय पर बीज वितरण के लिए राज्य में स्टोरेज की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए विभाग को भवन की जरूरत है और भवन निर्माण विभाग को इसके लिए समय सीमा के अंदर भवन उपलब्ध कराना होगा। बैठक में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्धिख, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल और दूसरे विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी शक्ति, न्याय और जनकल्याण की अप्रतिम प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वे केवल एक कुशल प्रशासिका ही नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और परोपकार की प्रतिमूर्ति थीं।

राज्यपाल बुधवार को राष्ट्र सेविका समिति और रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आर्यभट्ट सभागार में आयोजित 'लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती समारोह' के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कला, संस्कृति और धर्म के संरक्षण के लिए उन्होंने अनुकरणीय कार्य किए। उनकी शासन-व्यवस्था पूर्णतः प्रजा के हितों पर केंद्रित थी, जिससे समाज को नई दिशा प्रदान की।

राज्यपाल ने काशी विश्वनाथ मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब हम 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर हैं, तब अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों के योगदान से हमें नई प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन न केवल प्रशासनिक दक्षता, बल्कि परोपकार और नारी सशक्तिकरण का भी सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने इस समारोह के आयोजन के लिए राष्ट्र सेविका समिति एवं रांची विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह प्रयास लोकमाता अहिल्याबाई की प्रेरणादायी गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भ्रष्टाचार चरम पर, विश्व में भारत की छवि खराब : पंकज मिश्र

**रांची :** जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार चरम पर है। वैसे तो पूरा विश्व इसकी गिरफ्त में है। औसतन 50 फीसद भ्रष्टाचार संपूर्ण विश्व में है। मगर कई देशों में हालात चिंताजनक है। उनमें भारत भी है। भ्रष्टाचार धारण सूचकांक (करप्शन परसेप्शन इंडेक्स) के मुताबिक 180 देशों में भारत का 93 वें स्थान पर होना केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाने को मजबूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत की छवि खराब होना सभी नागरिक का सर शर्म से झुका देता है। सभी राजनीतिक दलों को भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने का संकल्प लेकर लोकनायक जी के सपनों को साकार करना होगा। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार धारण सूचकांक (सीपीआइ) की सूचि देश में चल रहे व्यापारिक गतिविधियों और देशवासियों की धारणा के आधार पर तैयार की जाती है। इसका मतलब हुआ देशवासी अपने ही देश में व्याप्त भ्रष्टाचार को स्वीकार कर रहे हैं। जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि भ्रष्टाचार को कम करने की दिशा में चीन का प्रयास सराहनीय है। उसने भ्रष्टाचार में शामिल 36 लाख लोगों पर कार्रवाई कर अपनी रैंकिंग में सुधार लाते हुए 76 वां स्थान प्राप्त कर लिया। वहीं भारत 88 वें से 93 वें स्थान पर चला गया। तीसरे सबसे बड़े आर्थिक देश होने का दावा खोखला लगता है, क्योंकि हम भ्रष्टाचार के मामले में पाकिस्तान, नेपाल म्यांमार, बंगलादेश, श्रीलंका के करीब हैं। जबकि भारत को डेनमार्क, फिनलैंड, न्यूजीलैंड, नार्वे, सिंगापुर, अमेरिका, इंग्लैंड के आसपास होना चाहिए।

### सेवा भारती का वार्षिकोत्सव 9 फरवरी को




**रांची :** सेवा भारती रांची महानगर का रजत जयंती-25वां वार्षिकोत्सव आगामी 9 फरवरी को कडरु मैदान, डी ए वी कपिल देव स्कूल के निकट रांची में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एक बैठक बिरसा चौक स्थित सेवा निकेतन में महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वव्यवस्था प्रमुख विनय लाल ने वार्षिकोत्सव संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मौके पर महानगर सचिव श्याम टोरका ने बताया कि सेवा भारती के वार्षिकोत्सव में सेवा बस्तियों के बच्चे व महिलाएं शामिल हगी। मौके पर स्वावलंबन केंद्र की छात्राओं का देशभक्ति समूह गीत प्रतियोगिता, सामूहिक योगासन, रंगमंचीय कार्यक्रम होंगे। बैठक में शुभेंदु भट्ट, रमाशंकर बगड़िया, कमल पोद्दार, सुनील सिंह, मनोज कुमार, निधि सहाय कावेरी, कावेरी सिन्हा, कंचन प्रभा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### महुआ माजी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन मामले में चार्जशीट दाखिल, 15 फरवरी को पेशी




**रांची :** राज्यसभा सांसद महुआ माजी के खिलाफ चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में जांच अधिकारी ने अपनी जांच पूरी कर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अदालत ने इस पर संज्ञान लेते हुए 15 फरवरी की तारीख उपस्थिति के लिए निर्धारित की है। चार्जशीट में आरोप प्रथम दृष्ट्या सही पाए गए हैं। मामला विधानसभा चुनाव के दौरान सरकारी बिजली खंभों पर महुआ माजी के बैनर और पोस्टर लगाने से जुड़ा है। इस संबंध में हिंदपीढ़ी थाने में कांड संख्या 122/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में पुलिस ने महुआ माजी से पूछताछ की थी, जिसके बाद थाने से ही उन्हें जमानत दे दी गई थी।

### एनयूएसआरएल में पांच दिनों तक चला एफडीपी प्रोग्राम, देशभर के कई एक्सपर्ट्स ने दिए व्याख्यान



**रांची :** रांची स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) में 24 जनवरी से 29 जनवरी तक आयोजित फैकल्टी डवेलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन हुआ। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास समापन समारोह में शामिल रहे। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षकों को देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञों और अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में बेहतर माहौल बनाने, शिक्षण विधियों में नयी तकनीकों का उपयोग करने और अन्य कई विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

प्रोग्राम का उद्घाटन सत्र प्रोफेसर डॉ. शांता कुमार, डायरेक्टर, GNLU गांधी नगर के द्वारा हुआ। पहले दिन ठवरफ्छ ने इस कार्यक्रम के दौरान GNLU के साथ एमओयू (समझौता ज्ञापन) भी किया।

प्रोग्राम के दूसरे सत्रों में कई प्रमुख विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया इनमें मुख्य रूप से प्रोफेसर डॉ. एन. के. चक्रवर्ती, वीसी, NUJS, कोलकाता ने लीगल रिसर्च डिजाइन पर व्याख्यान दिया। डॉ. सत्याकी रॉय, को-ऑर्डिनेटर, NPTEL, IIT कानपुर ने ऑनलाइन कोर्स और उसके तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. अंशुमान हजारिका, असिस्टेंट प्रोफेसर, IIM रांची ने केस स्टडी आधारित शिक्षण के महत्व और तकनीक के माध्यम से शिक्षा देने के बारे में बताया। प्रोफेसर लिसा पी. लुकोसे ने शिक्षण उपकरणों और विधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। मिसेज रामा कोंडापल्ली ने NAAC रैंकिंग सुधारने के तरीकों पर प्रकाश डाला। भाविन पटेल, निदेशक, ट्रस्टब्रिज रूल ऑफ लॉ फाउंडेशन ने डिप्लोमा कोर्स डिजाइन और छात्रों की जरूरतों के आधार पर कोर्स निर्माण पर जानकारी दी। NUSRL के कुलपति डॉ. प्रो. अशोक आर. पाटिल ने कहा, यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जहां हम शिक्षकों के साथ-साथ विश्वविद्यालय और छात्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर सके। इस कार्यक्रम ने सभी में एक नई ऊर्जा का संचार किया है, और हम नये सत्र की शुरूआत उत्साह के साथ करेंगे। यह पांच दिनों का कार्यक्रम हमारे लिए बहुत लाभकारी रहा है। यह FDP प्रोग्राम शिक्षकों की क्षमताओं को और मजबूत करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय के शैक्षिक वातावरण में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## एक नजर

### नागरिक समिति ने जरूरत मंदों के बीच किया कंबल वितरण



**तेतुलमारी** : मोनी अमावस्या के शुभ दिन को जोगता नागरिक समिति ने जरुरत मंदों के बिच इस कड़ाके के ठंढ के देखते हुए कम्बल वितरण का कार्य किया जिसमें मुख्य रूप से पुर्व बियाडा चेयरमैन विजय कुमार झां, जोगता थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार,जोगता नागरिक समिति अध्यक्ष श्री अनुज कुमार सिन्हा, पुर्व पार्षद जसीम अन्सारी, श्री शंकर चौहान,गिता सिंह, सुशीला देवी,ने जरूरत मंदों के बिच कम्बल वितरण किए, जिसमें मुख्य रूप से जोगता नागरिक समिति के सदस्य आसगर मियां, हसीब खान,एस के मोबीन, मंगल चौहान, निर्मल कुमार निषाद, श्री धर पान्डे, मन्नु महतो,अजय चौहान, मुसर्त खातुन,खुशीर्दा खातुन,संतोष पासवान,बिन्वा देवी,सान्ती देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### स्वदेशी जागरण मंच की समीक्षा बैठक संपन्न

**बोकारो** : स्वदेशी जागरण मंच की बैठक मेला संयोजक बृजेश कुमार सिंह उर्फ ललन सिंह के अवासीय कार्यालय लोहांचल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह ने किया वही संचालन प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी 'दीपक' ने किया। बैठक में पिछले दिनों संपन्न हुई 10 दिवसीय इस्पतांचल स्वदेशी मेला की समीक्षा की गई। मेला के दौरान दायित्वों के निर्वहन में कार्यकताओं ने अपनी बेहतर कार्यशैली का प्रदर्शन करते हुए मेला को बेहद खास बना दिया। बैठक के दौरान कार्यकताओं कि तरफ से सुझाव आया कि मेला का एक तिथि सुनिश्चित कर दिया जाए। लोगों को पहले से तिथि और माह पता चल सके। ताकि शहर वासियों को भी किसी प्रकार का कंफ्यूजन ना हो और मेला का आनंद बेहिचक ले सकें। वही कुछ कार्यकताओं ने कहा कि इस बार लिट्टी चोखा की दुकान नहीं होने के कारण मेला की रौनक फिकी रही। क्योंकि मेला घूमने आए दर्शक लिट्टी चोखा की दुकान को ढूंढते नजर आए। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बार मेला के आयोजन में राष्ट्रीय स्वदेशी कंपनियों को प्रमुखता से आमंत्रित किया जाएगा। इस मौके प्रमुख रुप से प्रमोद कुमार सिन्हा, कुमार संजय, विवेकानंद झा, राकेश रंजन, प्रेम प्रकाश, विनोद चौधरी, जयशंकर प्रसाद, अमर जी सिन्हा, दादन प्रसाद, मनीष श्रीवास्तव, सुजीत श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जेईई मेन- 1 : 653 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 16 रहे अनुपस्थित

**बोकारो**: राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए जारी संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य के प्रथम सत्र के तहत बुधवार को बोकारो के दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 653 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, कुल 669 परीक्षार्थियों में से 16 कैंडिडेट अनुपस्थित रहे। एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के अनुसार, अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 221 में 214 कैंडिडेट ने परीक्षा दी, जबकि 07 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र पर दूसरी पाली में कुल 219 में 217 ने परीक्षा दी और 02 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार, आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 114 में 111 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 03 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में कुल 115 में 111 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 04 अनुपस्थित रहे। सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि परीक्षाएं शांतिपूर्वक एवं कदाचारमुक्त चल रही हैं। गुरुवार (30 जनवरी) को अल्फा आईसीटी सेंटर में केवल पहली पाली में 54 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# सभी एलएस अभिभावकों की सहमति से अति कुपोषित दो बच्चों को लें गोद : डीडीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला समाज कल्याण विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति कार्य की समीक्षा किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी प्रखंडों की महिला पर्वेक्षिका आदि उपस्थित थे। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में परियोजनावार लक्ष्य और उपलब्धि की समीक्षा की। इस क्रम में शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध आंकड़ों एवं परियोजना से जिला को प्राप्त आवेदनों में लगभग 9,706 अंतर है। इस अंतर को समाप्त करने, सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों में उपलब्ध आवेदनों को प्राप्त कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय प्रधानाध्यापकों से इसका सर्टिफिकेट प्राप्त करें कि उनके यहां योजना से जुड़ने की आहर्ता रखने वाली कोई भी छात्रा छूटी नहीं है। उप विकास आयुक्त ने इस कार्य को हर हाल में महिला पर्वेक्षिकाओं को 05 फरवरी 2025 तक पूरा करने को कहा। उप विकास आयुक्त ने परियोजनावार गंभीर तीव्र कुपोषण मध्यम तीव्र कुपोषण की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने गंभीर तीव्र कुपोषण पीड़ित 02 बच्चों को सभी महिला पर्वेक्षिकाओं को अभिभावकों के सहमति से गोद लेने की बात कहीं। उन्हें गोद लेकर नजदीकी कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती कराएं, उनका क्लोज मानीटरिंग करें। उन्हें डाइट/फ्रुट बासकेट उपलब्ध करें। इन बच्चों की तब -तक देखभाल करें, जब तक वह ग्रीन जोन में नहीं आ जाएं। मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि परियोजना स्तर पर महिला पर्वेक्षिकाओं द्वारा जिन दो अति कुपोषित बच्चों को गोद लेंगी। उनका एक अलग से प्रोफाइल सहित संचिका खोलेंगे, परियोजना स्तर पर जिसका संधारण होगा। ताकि यह पता चल सके कि बच्चा अति कुपोषित से सामान्य श्रेणी में आ चुका है। साथ ही, यह कार्य महिला पर्वेक्षिका के मूल्यांकन का एक बिंदु होगा। उप विकास आयुक्त ने इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, पोषण ट्रैकर एप, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण हेतु जमीन चिन्हितकरण, केंद्रों में विद्युत कनेक्शन, सेविका/सहायिक चयन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना आदि के प्रगति की भी समीक्षा की और जरूरी दिशा निर्देश दिया। पोषण ट्रेकर एप का इस्तेमाल करते हुए डाटा को अपडेट करने को कहा। वहीं, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत लाभुकों को चिन्हित कर उन्हें योजना के तहत किस्त की राशि भुगतान करने का निर्देश दिया।

## युवती के साथ जबरन शादी के मामले की जगेसर मांझी परगना ने की निंदा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जगेसर मांझी परगना, लुगू बुरु घंटा बाड़ी धोरोम गढ, लुगू बुरू पुण्य थान सरना समिति ललपनिया ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर गिरीडीह पीरटांड के चीरकी गांव के आदिवासी संथाल युवती पूजा हेमरोम के साथ एक मुसलमान लडका एवं झामुमो नेता ताज हुसैन द्वारा जबरन शादी करने का दबाव एवं पूरे घर परिवारों को जान से मरने का धमकी देने का मामला को जाँच करते हुए आज तीखा अलोचना करते हुए काडी निंदा किया गया और अभियुक्त ताज हुसैन को गिराप्तार कर फस्ट ट्राइल कोर्ट मे उम्र कैद का सजा देने का मांग करता है और पीडीता के साथ सभी घर परिवारों को सुरक्षा प्रदान करने का मांग किया जाता है, प्रेस कांफ्रेंस मे उपस्थित बबली सोरेन, दिनेश कुमार मुर्मू, चंद्र देव हेमरोम, सुरेश सोरेन, किशुन हेमरोम, जगन मरांडी, अनिल कुमार हांसदा, लोग उपस्थित हुए।

## महाकुंभ मेले के लिए बोकारो से यात्रा करने वालों के लिए बड़ी चुनौती

▶ ट्रांसपोर्ट की कमी और भीड़-भाड़ के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : महाकुंभ मेला एक अत्यधिक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें लाखों लोग अपनी आस्था और विश्वास के साथ स्नान करने के लिए प्रयागराज जाते हैं। इस साल बोकारो से महाकुंभ के लिए यात्रियों का उत्साह अत्यधिक है, लेकिन यात्रीगण को कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। ट्रेनों में रिजर्वेशन नहीं मिल पा रहा है और इस कारण बसों और टैक्सी के विकल्प पर जोर दिया जा रहा है। अगर परिवार और दोस्त मिलकर बस का रिजर्वेशन करते हैं, तो 2200 से 2500 रुपये तक का किराया पड़ रहा है। वहीं, बोकारो के टैक्सी स्टैंड से जाने के लिए 15000 से 17000 रुपये की लागत आ रही है, जिसमें यात्री को टोल टैक्स की आवश्यकता नहीं है। डिजायर और अर्टिगा जैसी टैक्सियों में 20000 से 22000 रुपये का किराया हो रहा है, लेकिन टोल टैक्स इसमें भी नहीं लगता।

बोकारो से महाकुंभ के लिए केवल एक ही बस सेवा उपलब्ध है, जो 28 जनवरी से 25 फरवरी तक चल रही है। बबुआन बस और महाकुंभ भगवान बस 1500 रुपये में सामान्य सीट और 2000 रुपये में स्लीपर सीट का विकल्प दे रही हैं। हालांकि, रास्ते में अत्यधिक भीड़ के कारण, जो बसें चली हैं, वे वापस नहीं आ पा रही हैं, जिससे यात्रियों को टिकट मिलने में समस्या हो रही है।

## राहुल महतो 44वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में पहुंचे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के प्रतिभावान राहुल महतो 44वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं। बुढ़ीबिनोर गांव के सत्रह वर्षीय राहुल महतो ने 10 से 17 फरवरी, 2025 तक पश्चिम बंगाल के बोलपुर में होने वाली 44वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी यह उपलब्धि चैंपियन बनाने और जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को बढ़ावा देने में वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी की निरंतर सफलता को दशार्ती है। राहुल महतो की राष्ट्रीय मंच तक की साधारण शुरूआत राहुल की साधारण शुरूआत से राष्ट्रीय मंच तक की यात्रा, सहनशीलता, समर्पण और वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी द्वारा प्रदान की जाने वाली विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के प्रभाव का एक सच्चा प्रमाण है। एसएमजी +2 हाई स्कूल बिजुलिया में कक्षा 11 के छात्र राहुल चार सदस्यों के एक साधारण परिवार से आते हैं। जहाँ आर्थिक तंगी ने तीरंदाजी में उत्कृष्टता हासिल करने के उनके प्रयासों को कभी नहीं रोका। जून 2022 में अकादमी में शामिल होने के बाद से, राहुल ने विशेषज्ञ कोचिंग के तहत अपने कौशल को निखारा है और खेल में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है।

**राहुल का उल्लेखनीय प्रदर्शन और उपलब्धियां**

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित झारखंड जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी टीम चयन ट्रायल में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन ने राज्य के शीर्ष प्रतियोगियों में उनका स्थान सुनिश्चित किया। 60 शीर्ष तीरंदाजों के खिलाफ प्रभावशाली 665 अंक हासिल करके, राहुल इस क्षेत्र की सबसे प्रतिभाशाली प्रतिभाओं में से एक के रूप में उभरे। राहुल की सफलता ने उनके समुदाय में अपार गर्व की भावना जगाई है। जिससे खेल के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए अकादमी की प्रतिबद्धता को बल मिला है। राहुल एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं। वे अपने परिवार, अकादमी और समुदाय की आकांक्षाओं को अपने साथ लेकर चल रहे हैं। उनकी ये उपलब्धि पूरे देश के युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रदर्शित करती है।

## ऐक्शन टेसा ने 'टेसा सलाम' के साथ मनाया कारपेंटर्स मेगा मीट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : ऐक्शन टेसा जो भारत में एमडीएफ, एचडीएचएमआर, बॉयलो और पार्टिकल बोर्ड जैसे इंजीनियर्ड पैनल उत्पादों का प्रमुख निमार्ता है, ने बोकारो के होटल बीणा रीजेनसी में कारपेंटर्स मेगा मीट₹ का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मनोज उपाध्याय, आनंद प्रभात, आदित्य रंजन और बिहार एवं झारखंड टीम के साथ-साथ डिस्ट्रीब्यूटरों ने कारपेंटर्स को स्वागत किया। आनंद जी ने कहा कि यह आयोजन उन कारपेंटर्स के योगदान को मान्यता देने के लिए समर्पित है, जिनकी कारीगरी देशभर के घरों और व्यवसायों में सुंदरता और कार्यक्षमता लाती है। इस मीट का उद्देश्य न केवल कारपेंटर्स की कारीगरी को सम्मानित करना था, बल्कि उन्हें नई तकनीकों और डिजाइन पद्धतियों से भी अवगत कराना था। ऐक्शन टेसा का ब्रांड दर्शन कोई नहीं ऐसा के तहत यह पहल गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर जोर देती है, और पिछले एक दशक से कारपेंटर्स के साथ साझेदारी कर रही है, उन्हें मूल्यवान जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। इस अवसर पर ऐक्शन टेसा के प्रबंध निदेशक, अजय अग्रवाल ने वीडियो संदेश के माध्यम से कारपेंटर्स की भूमिका को सराहा और उनके कठिन परिश्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

# 95 बार एक ही बैंक खाता नंबर दर्ज कर अलग-अलग नाम से किया गया आवेदन : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के भौतिक सत्यापन में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन के क्रम में एक ही बैंक खाता का नंबर दर्ज कर अलग अलग नाम से अलग अलग प्रखंडों से कुल 95 बार आवेदन किया गया है। जिसमें चास प्रखंड चास नगर निगम क्षेत्र से कुल 67 बार एवं गोमिया प्रखंड से 28 बार आवेदन किया गया है। जांच क्रम में यह पता चला है कि इंडसइंड बैंक में ही ऐसे ज्यादतर बैंक खाता खुला है। यह सभी आवेदन पलामू जिले के डालटेनगंज के मेदनीनगर स्थित सीएससी वीएलई श्री सुमीत कुमार के आइडी सं. 542316220013 से किया गया है। सत्यापन क्रम में यह स्पष्ट हुआ है कि बैंक खाता संख्या 100253387047, जिसके खाता धारक का नाम यूसुफ है, पता - पतागोड़ा, बड़ाखांती, उत्तरदिनाजपुर, राज्य- पश्चिम बंगाल है। इस खाता का इस्तेमाल कुल 95 बार अलग अलग नाम से योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया गया है। इस दौरान दर्ज राशन कार्ड का संख्या भी फर्जी अंकित है, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जांच के क्रम में इसकी पुष्टी की है। वहीं, सभी नामों के उप नाम में किस्कू, हांसदा और मुर्मू शब्द जोड़ा गया है। 21 नवंबर 2024 को एक ही साथ कई बार आवेदन किया गया है। उपायुक्त ने खाता धारक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। स्वीकृति के क्रम में कई आवेदनों को बीडीओ,सीओ स्तर से स्वीकृत भी किया गया है। लेकिन, उपायुक्त के निर्देश पर सामाजिक सुरक्षा द्वारा एक से ज्यादा बार इंट्री एक ही खाता का संविक्षा के बाद राशि हस्तांतरित करने की स्वीकृति पर रोक लगाएं जाने के कारण राशि का हस्तांतरण खातों में नहीं किया गया। उधर, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सत्यापन क्रम में जिले में ऐसे कुल 11,200 डुप्लीकेट आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसका पुनः एक बार आंगनबाड़ी कर्मियों से भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। जिसके बाद संबंधितों को चिन्हित कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद ने मनाया भारतीय समाचार पत्र दिवस




**धनबाद**: बुधवार को धनबाद इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद,जिला 325, चैप्टर 8181 ने भारतीय समाचार पत्र दिवस पर सभी समाचार पत्रों को समाचार पत्र पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने,सामाजिक–राजनीतिक मामलों से पाठकों को अवगत कराने और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जो भारत के लोकतंत्र की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, इन सभी महत्वपूर्ण योगदानों के लिए देश के सभी समाचार पत्रों को बधाई धन्यवाद देकर सेलिब्रेट किया। इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने बताया कि आज हम स्वतंत्रता के पूर्व 1780 में पहले समाचार पत्र 'हिक्कीस बंगाल गजट' के प्रकाशन की स्मृति में इंडियन न्यूजपेपर डे मना रहे हैं। इसी साप्ताहिक अखबार ने पत्रकारिता के नए युग की शुरूआत की। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्याओं ने समाज के प्रति समाचार पत्रों की जिम्मेदारी को अहम बताते हुए प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। दैनिक जीवन में समाचार पत्र के योगदान की सराहना की गयी। प्रेस प्रतिनिधियों को शॉल, पौधे एवं स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। इनरव्हील क्लब धनबाद माइलस्टोन की सदस्याओं ने बताया कि प्रतिवर्ष नेशनल न्यूजपेपर डे का आयोजन इनर व्हील क्लब द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष लीना झा,सचिव ऋतु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल, एडिटर गीता चौबे, ऊषा सिंह, मनीषा गांधी आदि सदस्याओं ने भाग लिया।

### रैयत विस्थापित मोर्चा के लोगों ने सिजुआ महाप्रबंधक से की वार्ता




**धनबाद** : सिजुआ क्षेत्र के सम्मेलन कक्ष में बुधवार को रैयत विस्थापित मोर्चा के चार सूत्री मांग को लेकर वार्ता हुई। प्रबंधन की ओर से आश्वासन मिला। मौके पर प्रबंधन की ओर से सिजुआ क्षेत्र महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, एपीएम प्रमोद कुमार, एजीएम के के सिंह, बी बी सिंह, अनिल टुडू व रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष ध्रुव महतो, भगीरथ महतो, रमेश रवानी, कृष्णा निषाद,नरेश महतो, डालू राम महतो, बीरेंद्र किस्कू, क्रांति मुर्मू, सुरेश महतो, फूलचंद महतो, झंडू राम महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### समृद्धि ख्वास राजस्थान विधानसभा में बेस्ट स्पीकर के रूप में सम्मानित



**धनबाद** : टाटा स्टील भेलाटांड़ कोलियरी में कार्यरत श्यामल ख्वास की पुत्री समृद्धि ख्वास को राजस्थान विधानसभा में बेस्ट स्पीकर के रूप में सम्मानित किया। स्वच्छ वायू और जलवायू के लिए शासन व प्रशासन एवं नीति को सुदृढ़ करना' विषय पर समृद्धि ने राजस्थान विधानसभा सत्र के दौरान बेवाक टिप्पणी व वक्तव्य प्रस्तुत किया। जिसे विधानसभा समिति ने बेहतरीन माना. वर्ष 2024 सितंबर को ऑल ऑवर इंडिया सेलेक्सन के तहत देश के चार जोन में विभक्त किया गया था। समृद्धि का चयन इस्ट जोन के कोलकाता से हुआ था। उम्दा भाषण देते हुए समृद्धि ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। उसे विधानसभा द्वारा प्रशस्ती पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस सम्मान से परिजन सहित टाटा स्टील परिवार क्षेत्र के लोग गर्व महसूस कर रहे है। समृद्धि खवास स्कॉटिश चर्च कॉलेज कोलकाता यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स ऑनर्स में पढ़ाई कर रही है।दशवी व 12 वी कार्मेल स्कूल डिगवाडीह से की है। उन्होने कहा कि उसका लक्ष्य पीएचडी करने के बाद प्रोफेसर बनने की है। पिता श्यामल ख्वास ने बताया कि बेटी ने माता पिता का नाम रोशन करते हुए समाज को एक संदेश देने का काम किया है।

### हर घर नल जल योजना के लाभुकों को परेशानी



**बोकारो** : जारंगडीह उत्तरी पंचायत में जल सहिया का पद रिक्त होने से जलकर जमा करने में हर घर नल जल योजना के लाभुकों को परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। वंही जारंगडीह उत्तरी पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य ललित रजक ने विभागीय अधिकारियों से जल सहिया के खाली पद को भरे जाने की मांग किया है। बताते चले की हर घर नल जल योजना के तहत हर घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष है ऐसे में सहिया के जरिए जारंगडीह उत्तरी पंचायत में जल कर जमा नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की मांग है की सभी पंचायत में जल सहिया है सिवा इस पंचायत को छोड़कर। ऐसे में रिक्त पदों को तुरंत भरा जाय।

### चंदनकियारी में पदस्थापित चिकित्सक मुख्यालय में आवासन सुनिश्चित करें : विधायक

**बोकारो** : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदनकियारी ,पीएचसी कौड़िया,बरमसिया एवं सब सेंटर में पदस्थापित सभी चिकित्सक,नर्स,एएनएम समेत अन्य जो भी स्वास्थ्य विभाग में पदस्थापित हैं,ईलाज के लिए पहुंचनेवाले मरीजों के साथ अपनत्व का अहसास कराते हुए सेवा भाव से काम करें ताकि ठीक होने के बाद मरीज आपको धन्यवाद करे,उक्त बातें विधायक उमाकांत रजक ने सीएचसी में आयोजित बैठक में कही। विधायक ने कहा कि चंदनकियारी में पदस्थापित चिकित्सक मुख्यालय में आवासन रखना सुनिश्चित करें,सब सेंटर में रोस्टर के आधार पर डॉक्टर भेजना सुनिश्चित करें,एक्स रे मशीन रहने और टैक्निशियन पहुंचने के बावजूद मशीन खराब रहने पर नाराजगी जाहिर किया और उसे जल्द ठीक करने का निर्देश दिया,दीर्घकाल से जमे कुछ कर्मी जो विभाग का काम छोड़कर नेतागिरी करते हैं उन्हें अन्य जगहों पर भेजने की जरूरत बताया गया,हर सप्ताह बीडीओ सीएचसी का निरीक्षण करेगें और रिपोर्ट डीसी बोकारो को भेजने का निर्देश दिया।

# सॉफ्ट स्किल पर कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में विवि प्रेक्षागृह में सॉफ्ट स्किल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आज शुभारंभ किया गया। एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन, कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह, प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा, संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी तथा उप प्राचार्या मीनल श्वेता ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उदघाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. गोपाल पाठक ने पुरातन काल के साथ ही नए युग में भी सॉफ्ट स्किल की उपयोगिता की चर्चा की। उन्होंने पर्सनैलिटी डेवलपमेंट में सॉफ्ट स्किल की अपरिहार्यता पर प्रकाश डाला। सेवा कार्य में भी इसकी उपयोगिता पर उन्होंने बात की। प्रो. सी. जगनाथन ने अपने विदेश दौरे के दौरान इसकी उपयोगिता के संस्मरण उपस्थित श्रोताओं के साथ साझा किया। अलग-अलग संस्कृति के लोगों को एक दूसरे का सम्मान करने की भी उन्होंने सलाह दी। व्यक्तित्व विकास के लिए सॉफ्ट स्किल को उन्होंने आधार करार दिया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह ने नई तकनीक और वैश्विक संपर्क के लिए सॉफ्ट स्किल की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा ने दैनिक जीवन में इसकी जरूरत बतायी। आपसी संपर्क के क्षेत्र में भी उन्होंने उसकी जरूरत को रेखांकित किया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में प्रो. राजन तिवारी, प्रो. मानोशी रॉय, डॉ. संजीव श्रीवास्तव और सुश्री नम्रता सिंह ने विभिन्न विषयों पर अपना वक्तव्य रखा। इस अवसर पर श्रीमती जे. तनुश्री सेनगुप्ता ने इमोशनल इंटेलीजेंस पर प्रतिभागियों के समक्ष अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मीनल श्वेता और धन्यवाद भाषण आशुतोष द्विवेदी ने दिया। कार्यशाला के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान समेत माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



# मुरी-गोला पथ पर अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी/सिल्ली :** मुरी गोला मुख्य मार्ग पर बुधवार की अहले सुबह लोदमु आम बगान के समीप एक ट्रक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच 02 यू /9985 सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए पलट गई। दुर्घटना में ट्रक के चालक और खलासी बाल बाल बच गए किसी को कोई हताहत नहीं हुई। ट्रक के चालक ने बताया कि ट्रक रुंगटा कंपनी का है और चाईबासा से लोहे का छड़ लोड कर हजारीबाग जा रहा था।



# देवेंद्रनाथ महतो की मौजूदगी में साढ़े पांच लाख रुपये मृत परिवार को देने पर बनी सहमति



**अनगड़ा :** राहे मांझीडीह में एक बड़ा सड़क दुर्घटना घटित हुआ है। जिसमें कुड़ियामु निवासी राजेश महतो पिता विनोद महतो का सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गया है। इसके साथ ही अन्य तीन व्यक्ति बुरी तरह घायल है। तीनों घायल व्यक्ति फिलहाल अस्पताल में इलाजरत है। उक्त दुर्घटना ट/र गंगा कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क एवं पुल निर्माण में गलत कार्य शैली के हुआ है। निर्माण प्रक्रिया में भारी अनियमितता एवं गड़बड़ी के कारण हुआ। पीड़ित परिवार को समुचित न्याय दिलाने के लिए खछ्छट वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो दो दिन से आंदोलन में डटे रहे। सड़क जाम किया गया। जिसमें ग्रामीणों का भरपूर सहयोग देखने को मिला। परीणामत: कल मंगलवार देर शाम को साढ़े पांच लाख कि नगद राशि एवं अन्य शर्तों के साथ आंदोलन को स्थगित किया गया। उक्त मुआवजे की सहयोग राशि स्थानीय जिंतु पंचायत के मुखिया, ग्राम प्रधान एवं निर्वाचित वार्ड सदस्य के मौजूदगी में मृत के पत्नी ममता देवी एवं अन्य घायल परिवार को दिया गया। साथ ही देवेंद्र नाथ महतो ने उक्त गंगा कंस्ट्रक्शन कंपनी को सेफ्टी प्रिकॉशंस के सभी तय मानकों का अनुपालन के साथ ही कार्य करने का कड़ी चेतावनी दिया गया। ताकि भविष्य में ऐसी कोई आकस्मिक दुर्घटना ना हो।


## कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा

Email ID Zplohardaga@gmail.com Mobile no - 06526-222064

### अति अल्पकालीन सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुडू बस स्टैण्ड में नव निर्मित दुकानों को खुले डाक से आवंटित किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति जो उक्त दुकान किराये पर लेना चाहते है, निर्धारित जमानत की राशि का **DDC-cum-CEO, Zila Parishad Lohardaga** के पदनाम से निर्गत डी0डी0 के साथ आवदेन जमा कर सकते है।

| क्र0सं0 | दुकान संख्या | दुकान का न्यूनतम मासिक किराया | जमानत की राशि (प्रतिदुकान) | आवेदन करने की अंतिम तिथि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 3,4,5,8,9,10,11,12,13,14,15 एवं 16 | 2055.00 | 20000.00 | 05.02.2025 | 06.02.2025 |

नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सुचना पट्ट या लोहरदगा जिला के **website www.Lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.345415 Lohardaga(24-25):D


# हाथी ने मचाया उत्पात, बिंदोरा गांव में चार घरों को किया ध्वस्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर थाना अंतर्गत बिंदोरा गांव में जंगली हाथी का आतंक जारी है। बीती रात जंगली हाथी ने गांव में प्रवेश कर चार घरों पर हमला किया और उन्हें ध्वस्त कर दिया। साथ ही, घर में रखे अनाज को भी चट कर गया।पीड़ित किसानों के अनुसार, मंगलवार की देर रात 10:00 बजे के करीब एक जंगली हाथी गांव में घुसकर उत्पाद मचाने लगा, जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई। जंगली हाथी ने रात भर गांव में उत्पाद मचाते हुए चार घरों को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे कई सामानों को भी रौंद डाला। बुधवार की सुबह 4:00 बजे असरों और बेंदोरा गांव के ग्रामीण मिलकर बड़ी मशक्कत के बाद हाथी को कोड़ी जंगल की ओर खदेड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे वन रक्षकों ने पीड़ित किसानों से मिलकर नुकसान का आकलन किया और उन्हें मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। घटना से ग्रामीण काफी दशहत में हैं और जंगली हाथियों के लगातार हमले से भयभीत हैं। उन्हें डर है कि रात होते ही फिर जंगली हाथी उनके घरों पर हमला कर जान माल का नुकसान पहुंचा सकता है।

# बेन्दौरा में 2 माह से ट्रांसफार्मर खराब ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति में परेशानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के बेन्दौरा गांव में राजकीय मध्य विद्यालय बेंदोरा के बगल में लगे ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों और विद्यालय के छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है। यह ट्रांसफार्मर पिछले दो महीनों से खराब है, जिसके कारण विद्यालय में आईसीटी और संपर्क टीवी क्लास नहीं चल पा रही हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस ट्रांसफार्मर से लगभग 223 परिवारों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। विधानसभा चुनाव के दौरान भी यह ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसके बाद 63 केवी का एक नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था। लेकिन यह ट्रांसफार्मर भी एक सप्ताह के बाद खराब हो गया, क्योंकि इसकी क्षमता अधिक उपभोग के लिए उपयुक्त नहीं थी। अब ग्रामीणों और विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सहायक विद्युत अभियंता से अनुरोध किया है कि वे 100 केवी का एक नया ट्रांसफार्मर लगाएं, जो उनकी आवश्यकताओं को पूरा कर सके। उन्होंने कहा है कि यदि यह ट्रांसफार्मर लगाया जाता है, तो इससे न केवल विद्यालय के छात्रों को लाभ होगा, बल्कि ग्रामीणों को भी विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। इस संदर्भ में, प्रधानाध्यापक ने कहा है कि वे सहायक विद्युत अभियंता के इस निर्णय की प्रतीक्षा कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही यह ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा है कि इससे न केवल विद्यालय के छात्रों को लाभ होगा, बल्कि ग्रामीणों को भी विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों में चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात कर ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी देते हुए नए 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर लगवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि पिछले 2 महीने से बिना विद्युत के जीवन गुजारना काफी मुश्किल हो चुका है।




## ऊर्जा विभाग
## झारखण्ड सरकार
## विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
## विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉंची

### अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/115/2024-25** दिनांक– 29/01/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | पुलिस लाईन गढ़वा में 4 अदद 16 मीटर के हाईमास्ट लाईट एवं सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 1,05,06,659–00 | 10,000–00 | 2,11,000–00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.02.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 08.02.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 13.02.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 14.02.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रांची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, रांची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेंट प्रकोष्ठ का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490063 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची

PR 345414 Energy(24-25).D


# दुर्घटना रोकने के लिए डीटीओ ने किया घाटी और टोल प्लाजा का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** चुट्टूपालू घाटी घाटी में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने दिशा निर्देश जारी किया है। इस निर्देश के आलोक में बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने घाटी और पुंदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया। चुट्टूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में डीटीओ ने ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड पर ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से बालू के बैग्स रखने का निर्देश दिया। टोल और एनएचएआई के पदाधिकारियों को पर्याप्त संख्या में घाटी में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने चुट्टूपालू घाटी में सीसीटीवी कैमरा, साइन बोर्ड, स्पीड गति बोर्ड, लाइट आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान डीटीओ ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने सभी चालकों को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने, वाहन के फिटनेस पर विशेष ध्यान देने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूक किया।

# 124वें राधिका जयंती समारोह का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली राधिका मैदान में 124 वां राधिका जयंती समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव उपस्थित थे। राधिका जयंती समारोह के अवसर पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आस पास के काफी संख्या में छोटे-छोटे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व उपस्थित अतिथियों ने स्व राधिका बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर राधिका स्मारक समिति के अध्यक्ष भागवत सोनार ने स्वर्गीय राधिका बाबू के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में किए गए उनके कार्य उल्लेखनीय है। जिसका जितना वर्णन किया जाए कम है। हम सभी समाज के लोगों को एक जुटता बनाए रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अध्यक्ष भागवत सोनार,सचिव ऋषिकेश सोनार, जगदीश चंद्र गोराई, नगेन नाग, अनूप कुमार साहू, कार्तिक गोराई, नवल किशोर गुप्ता, कृष्ण कांत पाठक, सोनू कुमार साहू, जय विश्वकर्मा, शुभम चंद्र, कुंदन गोराई, प्रिंस विश्वकर्मा,भादुड़ी गोराई समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


## कार्यालय, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बानो

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा के ज्ञापांक–1112(५५)/स0क0, दिनांक– 30.12.2024 के आलोक में सिमडेगा जिला अंतर्गत बानो परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका पदों पर चयन हेतु निर्धारित आम सभा की विवरणी तिथिवार निम्नवत् है–

| क्र0 | परियोजना का नाम | पंचायत का नाम | आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | पदनाम | पोषक क्षेत्र में जाति बाहुल्य | चयन की तिथि एवं समय | आमसभा स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बानो | गेनमेर | कर्रादमाईर | सहायिका | ST | 05.02.2025 11:00 AM | आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर |
| 2 | | कोनसोदे | बुजगा कुलाडुरूम | सहायिका | ST | 06.02.2025 11:00AM | आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर |

अत: निर्धारित तिथि को सेविका तथा सहायिका के पद पर चयन हेतु इच्छुक उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्र की महिलाएँ अपने शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं उसकी छायाप्रति (स्व हस्ताक्षरित) के साथ चयन समिति के समक्ष उपस्थित हो सकती है। सेविका तथा सहायिका के चयन के लिए निम्न योग्यता निर्धारित है–

1. आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका उस गांव की स्थायी निवासी होनी चाहिए, जिस गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र अवस्थित है। यदि आंगनबाड़ी केन्द्र किसी गांव के टोले में अवस्थित हो तो उसे उसी टोले का निवासी होना चाहिए तथा लाभान्वितों के बीच से ही होना चाहिए।
2. सेविका/सहायिका उस गांव की बहु हो।
3. सेविका/सहायिका केन्द्र के पोषक क्षेत्र की स्थायी निवासी हो।
4. सेविका/सहायिका की उम्र 18 वर्ष से अधिक परन्तु 40 वर्ष से कम हो।
5. सेविका के लिए शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट उत्तीर्ण(बारहवीं कक्षा) तथा सहायिका के लिए मैट्रिक उत्तीर्ण (दसवीं कक्षा) आवश्यक है।
6. समान योग्यता रहने पर विधवा, परित्यक्ता को प्राथमिकता दी जायेगी।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,
बानो

PR 345320 Simdega (24-25)_D


# लातेहार में सड़क सुरक्षा माह के तहत मैराथन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार को रन फॉर रोड सेफ्टी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा आयोजित इस मैराथन का शुभारंभ समाहरणालय भवन से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने किया। दौड़ में डीटीओ सुरेंद्र कुमार और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संजीव मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद थे। मैराथन दौड़ समाहरणालय से प्रारंभ होकर थाना चौक और बाइपास रोड होते हुए जिला स्टेडियम पहुंची। कुल पांच किलोमीटर लंबी इस मैराथन में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व डीटीओ सुरेंद्र कुमार शामिल रहे। उपायुक्त की उर्जा देखकर अन्य अधिकारियों भी खूब दौड़े। दौड़ में नेहरू युवा केद्र, जिला पुलिस और बनवारी साहू महाविद्यालय व गांधी इंटर कॉलेज के छात्र व छात्रायें शामिल थीं। स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील लोगों से की। उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर की। डीटीओ ने भी कहा कि सड़क यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण अधिकांश दुर्घटनायें होती हैं। कार्यक्रम में जेबी कलामंच, रांची के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा जुंबा एवं कार्डियो एक्सरसाइज के माध्यम से लोगों का न सिर्फ मनोजरंजन किया गया वरन व्यायाम भी कराये गये। कार्यक्रम में गुड सेमेरिटन के तहत मनिका के अख्तर अंसारी को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन पत्रकार आशीष टैगोर ने किया। मौके पर मोटरयान निरीक्षक सुनील कुमार, एनवाईके की जिला युवा पदाधिकारी कंचन कुमारी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक मो तनवीर, आइए ऋषि राज, आईटी सहायक राजेश प्रसाद गुप्ता, पंकज कुमार, एस तिवारी के अलावा जिप सदस्य विनोद उरांव, कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी व आफताब आलम, रब्बानी हुसैन आदि मौजूद थे।





## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT** (3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (**Section III**)
( कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार संरचना/मकान/भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा:–लोहड़ा, थाना:–पण्डवा, थाना नं0:–199
पत्रांक–**58(R)**/भू0अ0, दिनांक–13.01.2025

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लोहड़ा | 32 | 478 | बकास्त | मकान | 0.000 | 1 | आशिष मिश्रा, पिता पुरूषोत्तम मिश्रा | |
| 2 | | 1 | 14 | बकास्त | मकान | 0.000 | 2 | निर्मला पाण्डेय, पति चन्द्रशेखर पाण्डेय | |
| | | | | | कुल | 0.000 | | | |

कानुनगो जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 345325 Palamu (24-25)_D

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें



प्रहलाद सबनानी

**वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने वाले उद्योगों को भी कुछ राहत प्रदान की जा सकती है क्योंकि आज देश में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की महती आवश्यकता है। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को विशेष सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं।**

वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है।

केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं।

भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है अतः दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी। देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह भी कहना है कि न केवल आय कर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए। इनफोसिस के संस्थापक सदस्यों में शामिल श्री मोहनदास पई का तो कहना है कि 15 लाख से अधिक की आय पर लागू 30 प्रतिशत की आय कर की दर को अब 18 लाख से अधिक की आय पर लागू करना चाहिए। आय कर मुक्त आय की सीमा को वर्तमान में लागू 7.75 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर देना चाहिए। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत किए जाने निवेश की सीमा को भी 1.50 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर देना चाहिए। मकान निर्माण हेतु लिए गए ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर प्रदान की जाने वाली आयकर छूट की सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाना चाहिए।

फरवरी 2025 माह में ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पोलिसी की घोषणा भी होने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे रेपो दर में कम से कम 25 अथवा 50 आधार बिंदुओं की कमी तो अवश्य करेंगे। क्योंकि, पिछले लगातार लगभग 24 माह तक रेपो दर में कोई भी परिवर्तन नहीं करने के चलते मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा मकान निर्माण एवं चार पहिया वाहन आदि खरीदने हेतु बैकों से लिए गए ऋण की किश्त की राशि का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। बैकों से लिए गए इस प्रकार के ऋणों एवं माइक्रो फाइनैन्स की किश्तों की अदायगी में चूक की घटनाएं भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अब मुद्रा स्फीति की दर खाद्य पदार्थों (फलों एवं सब्जियों आदि) के कुछ महंगे होने के चलते ही उच्च स्तर पर आ जाती है जबकि कोर मुद्रा स्फीति की दर तो अब नियंत्रण में आ चुकी है। खाद्य पदार्थों की मंहगाई को ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रखकर कम नहीं किया जा सकता है। अतः भारतीय रिजर्व बैंक को अब इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव के चलते देश में पूंजीगत खर्चों में कमी दिखाई दी है। इसीलिए अब लगातार यह मांग की जा रही है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन कानून को शीघ्र ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि बार बार देश में चुनाव होने से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के चलते अपने बजटीय खर्चों को रोक दिया जाता है जिससे देश का आर्थिक विकास प्रभावित होता है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोक सभा में पेश किए जाने वाले बजट में पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर गम्भीरता दिखाई जाएगी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.50 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपए एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कम से कम 15 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किये जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे देश में धीमी पड़ रही आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में सहायता मिलेगी और रोजगार के करोड़ों नए अवसर भी निर्मित होंगे, जिसकी वर्तमान समय में देश को अत्यधिक आवश्यकता भी है।

विभिन्न राज्यों द्वारा चलायी जा रही फ्रीबीज की योजनाओं पर भी अब अंकुश लगाए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इन योजनाओं से देश के आर्थिक विकास को लाभ कम और नुक्सान अधिक होता है। केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है। इस प्रकार की योजनाओं को चलाने के कारण इन राज्यों के बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। पंजाब तो किसी समय पर देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में शामिल हुआ करता था परंतु आज पंजाब में बजटीय घाटा भयावह स्थिति में पहुंच गया है। जिससे ये राज्य आज पूंजीगत खर्चों पर अधिक राशि व्यय नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इन राज्यों की न तो आय बढ़ रही है और न ही बजटीय घाटे पर नियंत्रण स्थापित हो पा रहा है।

पिछले कुछ समय से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी कम हो रहा है। यह सितम्बर 2020 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत था जो अब गिरकर सकल घरेलू उत्पाद का 0.8 प्रतिशत के स्तर तक नीचे आ गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इस विषय पर भी गम्भीरता से विचार किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2019 के बजट में कोरपोरेट कर की दरों में कमी की घोषणा की गई थी, जिसका बहुत अच्छा प्रभाव विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पर पड़ा था और सितम्बर 2020 में तो यह बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अब एक बार पुनः इस बजट में कोरपोरेट कर में कमी करने पर भी विचार किया जा सकता है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने वाले उद्योगों को भी कुछ राहत प्रदान की जा सकती है क्योंकि आज देश में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की महती आवश्यकता है। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को विशेष सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं। हां, साथ में तकनीकी आधारित उद्योगों को भी बढ़ावा देना होगा क्योंकि वैश्विक स्तर पर भी हमारे उद्योगों को हमें प्रतिस्पर्धी बनाना है। ग्रामीण इलाकों में आज भी भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी निवास करती है अतः कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुटीर एवं लघु उद्योगों पर अधिक ध्यान इस बजट के माध्यम से दिया जाएगा, ताकि रोजगार के अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित हों और नागरिकों के शहर की ओर हो रहे पलायन को रोका जा सके।




## संपादकीय

### हंगामा कितना सही


वक्फ कानून में संशोधन को लेकर बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति की आखिरी बैठक में जबरदस्त हंगामा हुआ। दस विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने के बाद बैठक सुचारू रूप से चली। भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए के चौदह प्रस्ताव पारित कर दिए, जबकि विपक्ष के तरफ रखे सभी 44 प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। वक्फ बोर्ड.से प्रस्तावित दो गैर-मुस्लिम सदस्यों को हटाने के सुझाव प्रमुख थे, जिन्हें नामित करने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। वक्फ संपत्ति पर विवाद होने पर कलेक्टर स्तर का अधिकारी जांच करेगा। यह कानून पिछले मामलों पर लागू नहीं होगा। जो वक्फ की संपत्तियां पंजीकृत नहीं हैं, उनका पंजीकरण शुरू होगा। जिन संपत्तियों पर वक्फ का कब्जा है, वे वापस मालिकों को मिल सकेंगी। आरोप लगाया जा रहा है कि ये प्रस्तावित कानून विधेयक के दमनकारी चरित्र को बरकरार रखेगा और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने प्रयास करेगा। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चोट पहुंचाने का आरोप लगा रहा है। वे संसद से मंजूरी मिलने पर सुप्रीम कोर्ट जाने की धमकी दे रहे हैं। जैसा कि भाजपा कांग्रेस के वोट बैंक की राजनीति में सुराख करने व गरीब मुसलमानों को उनका हक दिलाने के नाम पर इसे कानून बनाने की मशक्कत लंबे समय से कर रही है। तमाम विरोधों के बावजूद कुछ लोग कब्रिस्तान में होने वाले अतिक्रमणों व जबरन की जा रही अनधिकृत कब्जेदारी से निजात पाने के लिए इस निर्णय से खुश भी हैं। वक्फ संपत्तियों के प्रशासन व प्रबंधन के उद्देश्य से संशोधन विधेयक 2024 को लेकर अभी भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। अनुमान है कि 2009 में वक्फ के पास चार लाख एकड़.जमीन थी, जो आठ लाख एकड़.तक जा पहुंची है। इनमें कब्रगाहों के अतिरिक्त मदरसों व मस्जिदों की जमीनें बताई जाती हैं। हालांकि धारा 104ए पहले ही वक्फ संपत्ति की बिक्री, उपहार, किसी भी तरह के बंधन या हस्तांतरण को प्रतिबंधित करता है। मगर वक्फ को दिए गए अधिकारों को लेकर लगातार सवाल उठाए जाते रहे हैं। चूंकि मोदी सरकार समुदाय विशेष के साथ पक्षपाती रवैया रखती है इसलिए उसके द्वारा लिए गए कोई भी निर्णय संदेह से परे नहीं माने जाते। विपक्ष को अपनी बात सलीके से रखनी चाहिए परंतु उसकी अनसुनी किया जाना तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। समिति को एकतरफा निर्णय लेने की बजाए मध्यमार्ग अपनाने के प्रति जबावदेह होना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### जीना और मरना

जिस भांति हम जीते हैं, उसे जीवन नाममात्र को ही कहा जा सकता है। हमे न जीवन का पता है; न जीवन के रहस्य का द्वार खुलता है। न जीवन के आनंद की वर्षा होती है; न हम यह जान पाते हैं कि हम क्यों जी रहे हैं, किसलिए जी रहे हैं? हमारा होना करीब-करीब न होने के बराबर होता है। किसी भांति अस्तित्व ढो लेते हैं, जीवित रहते हुए मुर्दे की भांति। लेकिन ऐसा भी होता है कि मरते क्षण में भी कोई जीवंत होता है कि उसकी मृत्यु को भी हम मृत्यु नहीं कहते। बुद्ध की मृत्यु को हम मृत्यु नहीं कह सकते हैं और अपने जीवन को हम जीवन नहीं कह पाते हैं। कृष्ण की मृत्यु को मृत्यु कहना भूल होगी। उनकी मृत्यु को हम मुक्ति कहते हैं। उनकी मृत्यु को हम जीवन से और महाजीवन में प्रवेश कहते हैं। उनकी मृत्यु के क्षण में कौन-सी प्रांति घटित होती है, जो हमारे जीवन के क्षण में भी घटित नहीं हो पाती। किस मार्ग से वे मरते हैं कि परम जीवन को पाते हैं। और किस मार्ग से हम जीते हैं कि जीवत रहते हुए भी हमें जीवन की कोई सुगंध का भी पता नहीं पड़ता है। जिसे हम शरीर कहें, वह हमारे लिए कब्र से ज्यादा नहीं है, एक चलती-फिरती कब्र। और यह लंबा विस्तार जन्म से लेकर मृत्यु तक, बस आहिस्ता-आहिस्ता मरते जाने का ही काम करता है। ऐसे रोज-रोज और मौत के करीब पहुंचते हैं। हमारी सारी यात्रा मरघट पर पूरी हो जाती है। जीने का सब कुछ निर्भर है जीने के ढंग पर और मरने का भी सब कुछ निर्भर है मरने के ढंग पर। हमें जीने का ढंग भी नहीं आता। बुद्ध जैसे व्यक्ति को मरने का ढंग भी आता है। कृष्ण ने कहा है, ।हे अजरुन, जिस काल में शरीर त्यागकर गए योगीजन, पीछे न आने वाली गति और पीछे आने वाली गति को भी प्राप्त होते हैं, उस काल को, उस मार्ग को मैं तुमसे कहूंगा। इसमें दो-तीन बातें समझ लेनी चाहिए। जिस काल में, जिस क्षण में। बड़ा मूल्य है क्षण का, बड़ा मूल्य है काल का। उस क्षण का जिसमें कोई व्यक्ति मृत्यु को उपलब्ध होता है।

# भारत के कंधों पर ही विश्व का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी : भागवत



कृष्णमोहन झा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गत 26 जनवरी को भारत के 76 वें गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंतर्गत भिवंडी शहर में एक प्रतिष्ठित महाविद्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपने भाषण में उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि हमारे लिए गणतंत्र दिवस जश्न के साथ राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को याद रखने का अवसर भी है। संघ प्रमुख ने कहा कि मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए। भारत के बाहर विविधताओं के कारण झगड़े हो रहे हैं परन्तु विविधता में एकता भारतीय संस्कृति की विशेषता है। हम विविधता को जीवन के स्वाभाविक हिस्से के रूप में देखते हैं। भागवत ने अपने भाषण में इस बात को रेखांकित किया कि आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं लेकिन आपको एक दूसरे के प्रति अच्छा होना चाहिए। एकजुटता ही सद्भाव से जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करती है। अगर आपका परिवार दुखी है तो आप खुश नहीं रह सकते। इस लेकिन तरह ,लेकिन अगर आपके शहर में कोई परेशानी है तो आपके शहर का कोई परिवार खुश नहीं रह सकता।

संघ प्रमुख ने अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत के बढ़ते हुए प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि आज सारा विश्व भारत से नेतृत्व की अपेक्षा कर रहा है। भारत को इस स्थिति तक पहुंचाने के लिए बहुत से लोगों ने समर्पित होकर कार्य किया है। समर्पण की भावना के साथ विश्व का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी भारत के कंधों पर है। संघ प्रमुख ने विश्वास व्यक्त किया कि समर्पण की भावना से ही हम भारत को विश्व गुरु के स्थान पर प्रतिष्ठित कर पाएंगे और भावी पीढ़ी इसी मार्ग पर चलकर भारत को विश्व में गौरवशाली बनाएगी।

संघ प्रमुख ने समर्पण के साथ ज्ञान की आवश्यकता को प्रतिपादित करने के लिए चांवल पकाने की प्रक्रिया का उदाहरण देते हुए कहा कि चांवल पकाने के लिए चांवल , पानी और ताप की आवश्यकता होती है। आपको चावल पकाने की विधि मालूम है तो आपको पकाने में कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन अगर आप कच्चा चावल खाकर और पानी पीकर घंटों धूप में खड़े रहेंगे तब भी चावल पकाना संभव नहीं होगा। इसीलिए समर्पण के साथ ज्ञान भी जरूरी है। बिना सोचे समझे किया गया कार्य केवल परेशानी लाता है ।संघ प्रमुख ने दैनिक जीवन में समर्पण के साथ भरोसे को महत्वपूर्ण बताते हुए एक और सुंदर उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि अगर आप एक होटल में जाकर केवल पानी पीते हैं और वहां से चले जाते हैं तो आपको अपमानित होना पड़ सकता है परन्तु अगर आप किसी घर में जाकर पानी मांगेंगे तो आपको खाने की किसी वस्तु के साथ पानी दिया जाएगा । यह समर्पण के भरोसे का परिचायक है जिसका अच्छा फल मिलता है। मोहन भागवत ने अपने उद्बोधन में बंधुत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। बंधुभाव ही असली धर्म है।

पद्मश्री अन्ना साहेब जाधव भारतीय समाज उन्नति मंडल भिवंडी द्वारा 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से दिए गए अपने उद्बोधन में सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज भारत आगे बढ़ रहा है, प्रगति कर रहा है जिससे उसकी सामरिक शक्ति भी बढ रही है। यह सब अन्ना साहेब जाधव जैसे पूर्वजों के त्यागपूर्ण जीवन के कारण ही संभव हो पाया है। मोहन भागवत ने आगे कहा कि भारत के राष्ट्रीय ध्वज में मौजूद तीनों रंगों का अपना अलग महत्व है जिसमें नारंगी रंग बलिदान और समर्पण , सफेद रंग शुचिता और हरा रंग समृद्धि का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज के मध्य में स्थित अशोक चक्र आपसी भाईचारे और बंधुत्व का प्रतीक है,यह सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देता है।

# गांधी निर्वाण दिवसः अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत



ललित गर्ग


राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।। मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है।

मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है।

मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थों के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी ।।मेक इन इंडिया।। का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं।

हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हों तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है।



आज जबकि समूची दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी संघर्षरत लोगों के लिये गांधी का सत्याग्रह ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। पर्यावरणवादी हों या अपने विस्थापन के विरुद्ध लड़ रहे लोग, सबको गांधीजी से ही रोशनी मिल रही है। गांधी की अहिंसा से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त हो रहे हैं। समस्त समस्याओं का समाधान भी एक ही है, वह है- अहिंसा। अहिंसा व्यक्ति में ।।वसुधैव कुटुम्बकम्।। की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए गांधी से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता।

## एक नजर

### ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**हजारीबाग** : हजारीबाग बरकाकाना रेलवे लाइन के ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव कटकमदाग पुलिस ने बरामद किया है। घटना बुधवार दोपहर बाद की है। कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिरसी के पास रेलवे ट्रैक से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। ऐसा लगता है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। शव की पहचान के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रखा गया है। अब तक शव की पहचान नहीं हो पाई है।

### छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हजारीबाग** : लोहसिंहना थाना क्षेत्र के राजा बांग्ला स्थित किराए के मकान में एक 20 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की पहचान डेमोटांड निवासी कोमल कुमारी पिता अजीत साव के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। छात्र के जीजा सुबह उसके कमरे में पहुंचे तो कमरा नहीं खुला। तो जीजा ने अपनी पत्नी को कॉलेज छोड़कर वापस रूम में आया तो पता चला कि छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया गया है कि मृतक छात्र की शादी रामगढ़ में तय की गई थी।

### अनियंत्रित कार ने दो लोगों को रौंदा एक की मौत

**हजारीबाग** : कोर्रा थाना क्षेत्र के डीवीसी चौक पर अनियंत्रित करने एक लड़के को रौंदा जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। मृतक की पहचान मटवारी निवासी मो इब्राहिम पिता मो अरशद के रूप में हुई है। वहीं कार डीवीसी चौक से आगे बढ़ते ही जिला परिषद चौक के समीप पूर्व वार्ड पार्षद बॉबी कुमार को भी अपने चपेट में ले लिया। इससे उनके पैर में गंभीर चोट आए और पैर टूटकर अलग हो गया। पूर्व वार्ड पार्षद बॉबी का शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया। नए समाहरणालय की ओर से जिला परिषद चौक की तरफ आ रहा है अनियंत्रित कार डीवीसी चौक के पास बाइक सवार युवक मो इब्राहिम को जोरदार टक्कर मार दिया। इब्राहिम टक्कर से सामने पोल पर जा टकराया और बाइक दूसरी तरफ फेंका गया। पोल में टकराने से उसके सर में गहरी चोट आई और मौके पर उसकी मौत हो गई। वहीं कार टक्कर मारने के बाद भागने के क्रम में जिला परिषद चौक के समीप पूर्व वार्ड पार्षद बॉबी को भी टक्कर मारकर पैर तोड़कर रांची रोड की ओर फरार हो गया। मो इब्राहिम की मौत के बाद उसके परिजन ने जिला परिषद चौक पहुंचकर सड़क को जाम कर दिया। परिजनों ने अनियंत्रित कार को पड़कर कानूनी कार्रवाई करने और मौत के बदले मुआवजा की मांग कर रहे थे।

### ट्रांसपोर्टर की हत्या का खुलासा

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के मानगो थाना क्षेत्र के मनान गली में हुए ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या मामले का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें रोहित दीक्षित, शुभम कुमार, विमल गोप, विवेक कुमार और अंकित शर्मा शामिल है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर दो हथियार, एक गोली और घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद की है। जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि साल 2014 में रोहित के पिता की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में संतोष सिंह को आरोपित बनाया गया था और वह जेल भी गया था।


# पलामू में फोरलेन टोल प्लाजा के पास फायरिंग करने वाले शूटर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : पुलिस ने एनएच 39 फोरलेन सड़क निर्माण के क्रम में सदर थाना क्षेत्र के चुकरू स्थित टोल प्लाजा पर फायरिंग करने वाले दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है। फायरिंग में इस्तेमाल पिस्टल और गोली बरामद की गयी है। इस घटना को अंजाम दिलाने वाले राहुल सिंह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज की गयी है। बताते चलें कि 7 जनवरी को गोली चली थी। एक मजदूर के पैर में गोली लगी थी। इस संबंध में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा था। इसी क्रम में मुख्य शूटर शुभम दुबे को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर दूसरा शूटर आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। दोनों शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिका के रहने वाले हैं। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने बुधवार को बताया कि रंगदारी के लिए लातेहार के अपराधी राहुल सिंह के नाम पर गोली चलायी गयी थी। इस घटना के बाद अमन साव गिरोह से जुड़े मयंक सिंह ने क्रेडिट लेते हुए जिम्मेवारी ली थी। साथ ही कंपनी के कर्मियों को रंगदारी के लिए धमकाया था। दरअसल एनएच फोरलेन निर्माण करा रही भारत वाणिज्य इस्ट प्राइवेट लिमिटेड से राहुल सिंह, अमन साव और रांची के कृष्णा यादव ने रंगदारी मांगी थी। अनुसंधान के क्रम में मंगलवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गोली चलाने वाला युवक शुभम दुबे रेड़मा की तरफ घूम रहा है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणिभूषण प्रसाद, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, रंजीत कुमार, मनोज मुंडा एवं जवानों ने कार्रवाई कर शुभम को पकड़ा। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल एक पिस्टल, तीन जिंदा गोली, एक खाली मैग्जिन एवं एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गयी। एसपी ने बताया कि शुभम की जानकारी पर आकाश को पकड़ा गया। घटना में आकाश की मोटरसाइकिल इस्तेमाल हुई थी। नंबर प्लेट बदल कर इस्तेमाल में लायी गयी थी। हथियार शुभम के बेलवाटिका स्थित पुस्तैनी घर से बरामद किया गया। इस घटना को अंजाम देने के लिए शुभम को 60 हजार रूपए मिले थे। आकाश 2019 में मर्डर केस में जेल गया हुआ है। राहुल सिंह की तलाश तेज है। वह पहले भी जेल जा चुका है।

## छात्रों को समय पर मिले यूनिफॉर्म और मध्याह्न भोजन : डीसी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को शिक्षा विभाग के जरिये किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी के जरिये सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संचालित मध्यान भोजन और यूनिफॉर्म डिस्ट्रीब्यूशन के लिए मिले निर्देश की जानकारी दी गई। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन के लिए सरकार के जरिये जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया। डीसी ने सभी बीईईओ को विद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों का आईडी बनाने को कहा। साथ ही यू डैस ईडी में समय पर डाटा भरने का निर्देश दिया। सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था कराने, विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने का भी निर्देश दिया गया। वहीं नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने एवं उन्हें आयरन की गोली खिलाने का भी निर्देश दिया। डीसी ने रसोइयों को आयुष्मान कार्ड और पेंशन योजना से जोड़ने का निर्देश दिया।

## गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : मादक पदार्थों की तस्करी, खरीद बिक्री रोकने को लेकर चलाये जा रहे अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उतरप्रदेश के वाराणसी में गांजा तस्करी की योजना को विफल करते हुए करीब नौ किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। सभी डालटनगंज रेलवे स्टेशन से वाराणसी जाने की तैयारी में थे। उनके पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किये गये हैं। तस्करों की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के डंडारकला के हबीस अंसारी (19 ), पकरिया के दिलीप कुमार (20 ) और पिंटू कुमार (21) के रूप में हुई है। शहर थाना में मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति रेलवे स्टेशन के सामने नवनिर्मित भवन के पास अवैध गांजा की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। सूचना के बाद सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार, गुलशन बिरवा, संदीप कुमार भारती, अभिमन्यू कुमार के अलावा जवानों के जरिये कार्रवाई की गयी। तीन संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस जवानों ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा। उनकी तलाशी ली तो हबीस अंसारी के पास से 6 पैकेट और दिलीप कुमार के पास से तीन पैकेट गांजा बरामद हुआ। इसका वजन 8.959 किलो पाया गया। इसका बाजार कीमत 4.5 लाख है। एसडीपीओ ने कहा कि गांजा को वाराणसी में अमित कुमार गुप्ता को देना था। पांकी के चांदी गंगवार जंगल में मिथलेश भुइयां नामक व्यक्ति ने तीनों तस्करों को गांजा मुहैया कराया था। गांजा की खेप पहुंचाने पर तीनों को 5-5 हजार रूपए मिलते।

## आरसेटी में विशेष प्रशिक्षण का हुआ समापन लाभार्थियों को दी गई वित्तीय सहायता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**खूंटी** : बैंक ऑफ इंडिया आरसेटी खूंटी मे फूलो झानो आशीर्वाद योजना के लाभार्थियो के विशेष प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हो गया। सरकार की महत्वाकांक्षी फूलो झानो आशीर्वाद योजना के लाभार्थियो को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता के साथ प्रशिक्षण भी दिया जा रहा था, ताकि लाभार्थी प्रशिक्षण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करें और उद्यमी बन सकें। बैंक ऑफ इंडिया के जरिये संचालित आरसेटी में खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये 60 प्रशिक्षुओं को दो बैच मे बकरी पालन और व्यवसायिक बागवानी का प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हो गया। समापन समारोह मे आरसेटी के निदेशक मिथिलेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बकरी पालन तथा बागवानी के विषय मे विस्तार से जानकारी दी गयी है। साथ ही बैंक तथा सभी सरकारी स्कीम का लाभ कैसे लें, इसके बारे में लाभार्थियो को बताया गया। फूलो झानो आशीर्वाद योजना के लाभार्थी इस प्रशिक्षण से खुश नजर आये। सभी को सरकारी बीमा योजना से जोड़ा गया है। निदेशक ने खूंटी के सभी लोगो से अपील की कि आप सभी आरसेटी का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाए। आरसेटी में सभी तरह का प्रशिक्षण बिलकुल मुफ्त दिया जाता है। उन्होंने कहा कि 18-25 साल के खूंटी जिले का कोई भी व्यक्ति आरसेटी से प्रशिक्षण लेकर अपना व्यवसाय कर सकता है। संस्था व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण के पश्चात विभिन्न सरकारी बैंकों से लोन भी दिलाता है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एलडीएम खूंटी ऋषिकेश कुमार उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि जिले में बकरी पालन तथा बागवानी में बहुत गुंजाइश है और यहां के किसान बहुत तरह का व्यवसाय कर अपने आपको सुदृढ़ कर रहे हैं। यहां ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, आम, अमरुद की खेती कर किसान न सिर्फ अच्छी आमदनी कर रहे है, बल्कि खूंटी जिले का नाम भी रौशन कर रहे हैं। उन्होंने हौसला अफजाई करते हुए उनको व्यवसाय में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में संकाय सुशील कुमार, संकाय संजय कुमार, सहायक सतनाम कंडुलना, सहायक निर्मल कुमार हेमरोम तथा परिचर जितेन्द्र महतो ने योगदान दिया।

### भारी मात्रा में नकली शराब बरामद

**हजारीबाग** : जिला के कटकमदाग थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात भारी मात्रा में शराब बरामद की है। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन मामले की जानकारी दी। पंकज कुमार ने बताया कि हुरूदाग गांव में एक व्यक्ति के जरिये नकली शराब बनाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस के जरिये टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इसी दौरान एक व्यक्ति को भी पुलिस पकड़ने में सफलता पाई। और दो फरार हो गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम क्रिस्टोपाल हंस (22) बताया गया है। इसके पास से एक मोटरसाइकिल, मोबाईल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि शराब करीब 43 लाख रुपये का बरामद हुआ है। इसके अलावा कांच का खाली बोतल जिसमे नकली शराब भरकर बेचने का काम करते थे वह भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपित को बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

## उपायुक्त ने कम मानव दिवस सृजन करने वाले बीडीओ को उपलब्धि बढ़ाने का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लोहरदगा** : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को जिला विकास समन्वय समिति एवं आंतरिक संसाधन की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। मनरेगा अंतर्गत 2024-25 में प्रखण्डवार मानव दिवस सृजन की समीक्षा की गई। कम मानव दिवस सृजन वाले प्रखण्ड के पदाधिकारियों को उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिये गये। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना अंतर्गत सभी प्रखण्डों को अपनी उपलब्धि सौ फीसदी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मनरेगा के विभिन्न योजनाओं, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन अंतर्गत तैयार किये गये पशु शेड, दीदी बाड़ी योजना, एरिया अफसर एप में एंट्री की समीक्षा की गई। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में लंबित आवेदनों को स्वीकृत का योजना का लाभ दिये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियो को आवेदकों के वेटिंग लिस्ट आवास योजना के लिए लंबित आवेदनों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। पीवीटीजी के संचालित पीएम जनमन योजना में लंबित लक्ष्य को जल्द आच्छादित किये जाने का निर्देश दिया गया। जिन आवेदकों का आधार अपडेट नहीं है उनके आधार अपडेशन के लिए परियोजना पदाधिकारी, यूआइडी को संबंधित पंचायतों में कैंप लगाकर आधार अपडेशन का कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। नीति आयोग के अवार्ड मनी से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें मिलेट, पल्स प्रोडक्शन यूनिट, दूध एवं दुग्ध उत्पाद प्रोडक्शन यूनिट, बीएस कॉलेज में लाईब्रेरी अधिष्ठान, सदर प्रखण्ड में दीदी कैफे का निर्माण आदि योजनाएं शामिल हैं। गव्य विकास पदाधिकारी को कुडू में डेयरी एवं डेयरी प्रोडक्शन यूनिट के लिए बनाये गये उत्पादक समूह को दुधारू गाय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। समाज कल्याण विभाग को आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा और शौचालयों में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के साथ आवश्यक समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को पूर्ण प्रतिरक्षण के लिए सभी टीके ससमय लगावाने का निर्देश दिया गया। भवन प्रमण्डल, लोहरदगा को नया समाहरणालय परिसर में तोड़े जा रहे पुराने भवनों का कार्य तीन दिनों में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को निर्देश दिया गया कि वैसे लाभुकों को चिन्हित करें जो गलत तरीके से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ उठा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खूंटी में 30 हजार लोगों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ



**खूंटी** : सड़क सुरक्षा माह के तहत उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी-निजी कार्यालय, विद्यालय, थाना, बैंक एवं अन्य प्रतिष्ठानों में बुधवार को सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, छात्र सहित लगभग 30000 लोगो ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ ली। इसके साथ ही जिले के हाट-बाजार में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को यातायात नियम, साइनेज, गुड समारीटन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य विषयों की जानकारी दी गई। जिले के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और एनडी ग्रोवर पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के जरिये जानकारी दी गई कि सभी लोग सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें एवं सड़क दुर्घटना में यथासंभव कमी लाने का प्रयास करें। दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति को समय से सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करें। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अथवा एंबुलेंस हेल्पलाइन को सूचित करें।

### महाकुंभ की धर्म संसद में धर्मांतरण पर व्याख्यान देंगी खूंटी की प्रिया मुंडा

**खूंटी** : खूंटी की प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और बिरसा वाहिनी फाउंडेशन की संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिया मुंडा को प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में आयोजित धर्म संसद में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। प्रिया मुंडा इस संसद में देशभर में चल रहे धर्मांतरण के ज्वलंत मुद्दे पर अपना व्याख्यान देंगी। इस अवसर पर प्रिया मुंडा ने कहा कि इतने बड़े मंच पर आदिवासी समाज की सबसे बड़ी समस्या को रखने का अवसर मिलना सचमुच खूंटी एवं झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने यह सम्मान खूंटी की जनता को समर्पित करते हुए इस आमंत्रण के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का आभार प्रगट किया है।

### फरार वारंटी के खिलाफ न्यायालय ने निर्गत किया इश्तेहार

**मुरी/सिल्ली**: मुरी ओ पी थाना में दर्ज दिनांक 17. 5.2022 को कांड संख्या 50/22 भा.द.वि. परिवर्तित धारा 363/377 /323/ 504/ 506 भा.द.वि.एवं 4/8 पोक्सो एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त पारस साह, पिता स्वर्गीय मकसूदन साव, ग्राम गौरा, थाना कोचस, जिला रोहतास (बिहार) के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा पूर्व में निर्गत वारंट के आलोक में अभियुक्त के घर पर गिरफ्तारी हेतु कई बार पुलिस बल द्वारा छापेमारी किया गया लेकिन अभियुक्त को फरार पाया गया जिसके आलोक में माननीय न्यायालय द्वारा उक्त अप्राथमिकी उपयुक्त के विरुद्ध विधि संवत कार्रवाई हेतु इश्तेहार निर्गत किया गया।

### बुद्धा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल महोत्सव शुरू



**सिल्ली**: बुद्धा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव की शुरूआत रन फॉर बीपीएस के तहत किया गया। कार्यक्रम से पूर्व बच्चों ने सिल्लीडीह से मशाल लेकर लगभग 3 किलोमीटर का दौड़ लगाते हुए बीपीएस स्कूल तक पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बताया कि वार्षिक खेलकूद का आयोजन केवल शारीरिक फिटनेस और प्रति स्पर्धा के बारे में नहीं है, बल्कि एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और समुदाय और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के बारे में भी है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि इस तरह का आयोजन शैक्षणिक कार्यक्रम से एक ब्रेक प्रदान करता है और छात्रों को कुछ तनाव दूर करने और मौज मस्ती करने का मौका प्रदान करता है। महोत्सव में विभिन्न कक्षाओं के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मी दौड़, 200 मी दौड़, 300 मी दौड़, 400मी दौड़,800 मी दौड़, 1600 मी दौड़, मेंढक दौड़, घोड़ा दौड़ और जलेबी दौड़ शामिल था साथ ही हुआ 31 जनवरी और 1 फरवरी को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा एवं महोत्सव का समापन 1 फरवरी को होगा। इस कार्यक्रम में शिक्षक गोविन्द्र कुमार सिंह, मुंगालाल महतो, जितेंद्र महतो, विपुल रॉय, राहुल भद्रा, नकुल बड़ाईक, प्रेमचंद महतो, प्रतिमा देवी, आशा चौधरी, पायल कुमारी, सुजाता कुमारी एवं हर्षा कुमारी का आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### यहां के बच्चों में है काफी प्रतिभा : देवेश खान

**रांची** : बच्चों के अंदर काफी प्रतिभा है । यहां के बच्चों ने देशभक्ति गीत गाकर सभी का दिल जीत लिया । उड़ान पंख से नहीं बल्कि हौसलों से उड़ी जाती है । ये बातें मुख्य अतिथि बॉलीवुड एक्टर देवेश खान ने एक कार्यक्रम में बोल रहे थे । ये कार्यक्रम रोटरी क्लब ऑफ नॉर्थ , मेरी आवाज मेरी आवाज मेरी पहचान और बाल संस्कारशाला के संयुक्त तत्वावधान में कला नृत्य सिंगिंग कार्यक्रम ए बी डेविस मेमोरियल हॉल डेविस हॉस्पिटल कांके में आयोजित किया गया । सुलोचना शाहदेव के कुशल संचालन में बच्चों ने शमा बांधा । बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर इनाम से नवाजा गया । निर्णायक मंडली में मेरी आवाज मेरी पहचान के संस्थापक कुमार गहलोत सचिव कविता होरो , जुनैद आलम, राहुल कुमार, वीणा श्री, पिया बर्मन, राजीव रंजन रोटरी क्लब ऑफ नॉर्थ रांची के अध्यक्ष निहार कांता दास , सचिव रिचड दोलय और रोटरी क्लब के सदस्यगण उपस्थित हुए । विशिष्ट अतिथि में आनंद जालान , बुलंद अख्तर, किशन अग्रवाल, गुलजार खान, शिक्षिका सुलोचना शाहदेव , कृति शाह, श्रीमती सुरभि रंजन और पूजा यादव उपस्थित रहे ।

### कॉमेडी किंग एहसान कुरैशी रांची पहुंचकर एक्टर देवेश खान से मिले

**रांची** : कॉमेडी किंग बॉलीवुड एक्टर एहसान कुरैशी अपने पुराने दोस्त बॉलीवुड एक्टर देवेश खान से गर्म जोशी से मिले। उन्होंने देवेश खान को मुंबई आने का न्योता भी दिया। कॉमेडियन एहसान कुरैशी के हसमुख अंदाज से हर कोई वाकिफ है। उदास लोगों को फौरन हंसा देते हैं। एहसान कुरैशी को रांची बहुत पसंद आया उन्होंने कुल्हड़ वाली चाय पीकर खूब तारीफ की। एहसान कुरैशी ने कहा कि आज मैं देवेश खान से 20 वर्षों के बाद मिल रहा हूं । इस मौके पर एक्टर शोएब उर रहमान, बुलंद अख्तर और कॉमेडियन मोहम्मद रियाज मौजूद थे।

# झारखंड बनेगा मेडिको एग्रीकल्चर हब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**रांची :** झारखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने के उद्देश्य से 24 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना का खाका तैयार हो चुका है। इस परियोजना के तहत राज्य को मेडिको एग्रीकल्चर हब बनाने की तैयारी है। सोमवार को फिनलैंड की कंपनी सॉफ्टा के सीईओ सुनील कुमार सिंह और उनकी टीम ने झारखंड के वित्त मंत्री से मुलाकात की और परियोजना पर विस्तार से चर्चा की। यह जानकारी सॉफ्टा कंपनी के सीईओ सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को रांची स्थित स्थानीय होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दो लाख से अधिक रोजगार उत्पन्न करेगी। परियोजना के तहत 500 उत्पादन केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां पूरी तरह से कार्बन-फ्री खेती और एआई तकनीक का उपयोग होगा। इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को न केवल रोजगार मिलेगा बल्कि उन्हें प्रशिक्षित कर सशक्त भी किया जाएगा। इस परियोजना के लागू होने से झारखंड में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन को नियंत्रित किया जा सकेगा। सिंह ने बताया कि वित्त मंत्री ने परियोजना को झारखंड के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार परियोजना के क्रियान्वयन में हरसंभव मदद प्रदान करेगी। मंत्री ने सीईओ सुनील कुमार सिंह को यह भी आश्वस्त किया कि सरकार उनकी आवश्यकताओं और सुझावों पर सकारात्मक कदम उठाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बजट सत्र के बाद कंपनी के साथ एक और बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें विस्तृत कार्य योजना, निवेश मॉडल और विस्तार से रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी। वित्त मंत्री ने इस परियोजना को राज्य के किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए एक बड़ा अवसर बताया और इसे झारखंड की आर्थिक और सामाजिक समृद्धि के लिए मील का पत्थर करार दिया।

सिंह ने बताया कि यह परियोजना झारखंड को देश के अग्रणी कृषि राज्यों की पंक्ति में लाने के लिए डिजाइन की गई है। झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना का उद्देश्य न केवल स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी झारखंड को एक नई पहचान दिलाना है। इसके तहत उत्पादों को सीधे यूरोपीय बाजारों में निर्यात किया जाएगा। उच्च गुणवत्ता और पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल इन उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में बड़ी मांग होगी। उन्होंने बताया कि यूरोपीय बाजारों के साथ सीधे संबंध स्थापित करने से झारखंड के किसानों को उचित मूल्य मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।




## एक नजर

### इलाज के दौरान सदर अस्पताल में किशोरी की मौत



**साहिबगंज :** सदर अस्पताल में मंगलवार की देरशाम इलाज के दौरान किशोरी ने दम तोड़ दिया। जिरवाबाड़ी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है। मृतका तालझारी थाना धनबाद भट्ठा की रहने वाली थी। परिजनों के अनुसार मंगलवार को किशोरी का कीटनाशक दवा खाने से उसकी हालत बिगड़ गई थी। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। किशोरी की उम्र 16 वर्ष बताया जा रहा है। वही बुधवार को सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में किशोरी की शव का पोस्टमार्टम तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड की टीम ने की है। मेडिकल बोर्ड में डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. तबरेज आलम व डॉ. स्नेहा कुमारी थी। जानकारी के अनुसार किशोरी की मौत कीटनाशक दवा खाने से हुई है। इधर पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया गया है। वही किशोरी कीटनाशक दवा क्यो खाई है इस संबंध में परिजनों को कोई जानकारी नही है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### बिहार से चोरी हुआ ऑटो रिक्शा उधवा से बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज/उधवा :** बिहार के कहलगांव पुलिस ने बीते रात्रि राधानगर थाना क्षेत्र के पियारपुर व प्राणपुर में छापेमारी कर चोरी का एक ऑटो रिक्शा बरामद किया गया है। वहीं पुलिस ने दो कथित चोर गिरोह के सदस्यों को भी गिरफ्तार कर साथ ले गई। जानकारी के अनुसार दिसंबर में कहलगांव स्टेशन चौक से एक ऑटो रिक्शा चोरी हुआ था। चोरी के उक्त ऑटो रिक्शा को राधानगर थाना क्षेत्र के एक गिरोह के पास बेचा गया था। कहलगांव पुलिस ने स्थानीय एक चोर को हिरासत में लेकर मंगलवार की देर शाम राधानगर पहुंची। हिरासत में लिए गए कथित चोर गिरोह के सहयोग से राधानगर पुलिस के उपस्थिति में पियारपुर व प्राणपुर से एक-एक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चोरी का ऑटो रिक्शा भी बरामद कर लिया है। राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे ने बताया कि चोरी के ऑटो रिक्शा के साथ दो आरोपी को कहलगांव पुलिस ने साथ ले गई है।

### लापता युवक 5 साल बाद बांग्लादेश में दिखा, परिजनों ने सांसद से लगाई गुहार

**साहिबगंज :** साहिबगंज जिले के एक छोटे से गांव तलबड़िया से लापता युवक सफियान मोमिन पांच साल बाद एक वीडियो में बांग्लादेश में भटकता दिख रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रांगा थाना क्षेत्र के तलबड़िया गांव निवासी जमशेद मोमिन का पुत्र सफियान वर्ष 2020 में गांव से अचानक गायब हो गया। उस वक्त उसकी उम्र करीब 16 साल थी। परिवार ने उसे काफी खोजा, लेकिन कही पता नहीं चला। पिछले दिनों अचानक एक रिश्तेदार ने सफियान का एक वीडियो दिखाया, जिसमें वह मानसिक रूप से अस्वस्थ नजर आ रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि बांग्लादेश पुलिस के कुछ अधिकारी उसे साफ-सुथरा कर नये कपड़े पहना रहे हैं और भोजन भी करा रहे हैं। परिजनों ने राजमहल सांसद विजय हांसदा से मिलकर सफियान को वापस लाने की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है। सांसद ने उसकी घर वापसी के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया है।

## प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय माचा प्रथम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को पीएम पोषण योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय रसोइया कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड के ब्लॉक रिसोर्स पर्सन श्यामपद गोप की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के सभी संकुलों के संकुल स्तरीय विजेता ने भाग ली । मौके पर रसोइया के टीम ने अपने अपने अनुसार स्वादिष्ट भोजन, व्यंजन, मोटा अनाज के हलवा बनाया। प्रतियोगिता में शामिल बनाए व्यंजनों को निर्णायक मंडली द्वारा चखकर देखा गया । जिसमें मध्य विद्यालय माचा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय लायाडीह पटमदा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त सभी विजयी संकुल के रसोइया को उपस्थित अधिकारियों के द्वारा प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया । मौके पर श्यामपद गोप, एमडीएम ऑपरेटर मनोज कुमार महतो, सीआरपी अशोक महतो, बृहस्पति सोरेन आदि उपस्थित थे । विदित हो कि प्रखंड स्तरीय विजयी संकुल के रसोइया जिला स्तरीय कुकिंग में भाग लेंगे।

## जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने नव पदस्थापित थाना प्रभारी से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो बुधवार को तिरुलडीह थाना पहुंचीं, जहां उन्होंने नव पदस्थापित थाना प्रभारी अविनाश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार महतो ने भी थाना प्रभारी को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। मुलाकात के दौरान जीप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने थाना प्रभारी से क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा की। उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने और आमजन को हर संभव सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर थाना परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मधुश्री महतो, थाना प्रभारी अविनाश कुमार और झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार महतो ने पुष्प पौधे लगाए जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर गंगाधर महतो, पंचानन महतो, संजय महतो समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। जीप उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे।



## जन वितरण दुकानदारों के साथ जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड सभागार में बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नू मिश्रा ने जन वितरण प्रणाली विक्रेता के साथ मासिक समीक्षा बैठक किया। बैठक में बीडीओ सन्नी कुमार दास उपस्थित रहे। बैठक में डीएसओ मिश्रा ने बरहरवा प्रखंड के सभी पंचायत के डीलरों से अनाज वितरण के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही डीलरों की समस्या से भी अवगत हुए। इस दौरान डीलरों ने डीएसओ को समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि सरकार के निर्देश पर राशन कार्ड के प्रत्येक लाभुकों का ई-पोश मशीन से ई-केवाईसी का काम चल रहा है। जिसमें बहुत सारे लाभुकों का फिंगर अपडेट नहीं हो पा रहा है। डीलरों ने पंचायत स्तरीय कैम्प लगा कर आंख रेटिंग से ई-केवाईसी कराने की मांग किया गया। जिस पर डीएसओ ने डीलरों को निर्देश दिया कि जिस लाभुक का ई-पोश मशीन पर फिंगर अपडेट नहीं हो रहा है, उसका प्रज्ञा केंद्र में आधार कार्ड अपडेट कराने के बाद ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान डीएसओ झुन्नू मिश्रा ने कहा कि डीलरों के साथ मासिक समीक्षा बैठक में वितरण, स्टाक आदि अन्य की जानकारी ली गई। साथ वितरण में जो भी दिक्कत आ रही है,तथा डीलरों की समस्या से अवगत हुए। डीलरों को कड़ी हिदायत दी गई है कि लाभुकों को ससमय और सही मात्रा में राशन कार्ड धारियों को राशन मुहैया कराएं। राशन कार्ड धारियों को कम अनाज वितरण करने पर संबंधित डीलर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सन्नी कुमार दास को निर्देश दिया गया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी राशन कार्ड के लाभुकों को योजना का लाभ शत-प्रतिशत मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर दिलीप भगत, राम-लखन भगत, मो आलमगीर, सहित सभी पंचायत के डीलर उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत निःशुल्क नेत्र तथा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला-परिवहन विभाग साहिबगंज के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत आज निःशुल्क नेत्र तथा स्वास्थ्य जांच शिविर वाहन चालकों के लिए साहिबगंज जिले के सभी अस्पताल थाना चौक, सदर अस्पताल साहिबगंज एवं साहिबगंज बस स्टैंड में आयोजित किया गया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु साहिबगंज जिला अंतर्गत निःशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जाँच अभियान सभी वाहन चालकों के लिए किया गया। जिसमें सभी वाहन चालकों का विजन टेस्ट, कलर एक्यूरेसी टेस्ट आदि जांच किए गए जिसमें कई चालकों को निःशुल्क चश्मा एवं दवाइयां दी गई। यह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य सभी वाहन चालकों का आंखों का दृष्टि सही बनी रहे एवं आंखों की समस्या एवं दृष्टिबाधित्ता से बचे रहे जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही सड़क सुरक्षा से संबंधित हैंड बील, बुकलेट एवं पंपलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश चौधरी, के साथ जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पाराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं सदर अस्पताल के नेत्र जांच कर्ता ललिता मुर्मू, संतोष कुमार, डॉ राजकुमार, राजमहल थाना प्रभारी एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# सड़क सुरक्षा विषय पर छात्रों ने बनाई पेंटिंग, डीटीओ ने किया पुरस्कृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को श्री कृष्ण विद्या मंदिर में छात्रों ने सड़क सुरक्षा विषय पर पेंटिंग बनाई और लोगों को जागरूक किया। बेहतर पेंटिंग प्रस्तुत करने वाले छात्रों को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने पुरस्कृत किया। विद्यालय में ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए डीटीओ पहुंची थी। यहां उनका स्वागत विद्यालय प्रशासक एसपी सिन्हा ने बुके देकर किया। छात्राओं के जरिये स्वागत गान के बाद सड़क सुरक्षा पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को यातायात नियमों की जानकारी दी। जिला परिवहन विभाग के जरिये बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। डीटीओ मनीषा वत्स ने सभी उपस्थित बच्चों, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मचारियों को यातायात नियमों से संबंधित शपथ दिलाई। साथ ही साथ अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों के माध्यम से सभी अभिभावकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक छोटा सा प्रयास बड़े हादसों को रोक सकता है। छात्रों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात संकेतों का पालन करने जैसे बुनियादी नियमों की जानकारी दी। डीटीओ मनीषा वत्स ने तीन विजेताओं को विभाग की तरफ से पुरस्कार प्रदान किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रौनक अग्रवाल (कक्षा 12वीं विज्ञान), द्वितीय पुरस्कार राधिका चंदेल (कक्षा नवम) एवं तृतीय पुरस्कार निशु कुमारी (कक्षा नवम) को मिला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने जिला परिवहन विभाग के जरिये आयोजित जीवन की सुरक्षा से संबंधित ऐसे आयोजन के लिए मुख्य अतिथि मनीषा वत्स का आभार प्रकट किया तथा बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।



## संक्षिप्त खबरें

### टुसू मेला में उमड़े ग्रामीण, सांस्कृतिक कार्यक्रम में थिरके युवा



**पटमदा :** बिडरा गांव में बिडरा सार्वजनिक कमिटी द्वारा लगाए जा रहे टुसू मेला में मेला प्रेमी का भीड़ उमड़ी। इस दौरान टुसू नाच,मुर्गा पाड़ा,सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।जानकारी देते हुए समाजसेवी सनत कुमार महतो के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिडरा ग्रामवासी के द्वारा टुसू मेला का आयोजन किया गया।मेला में सभी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।वही कमिटी के द्वारा बेहतर टुसू नाच प्रदर्शन करने वाले दल को कमिटी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मेला कमिटी में मुख्य रूप से समाजसेवी सनत महतो, पूर्व मुखिया आदित्य माहली, केदार महतो, जिहुड कैवार्त, गोपेश्वर रजक, प्रबोध महतो,संजय महतो, सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण स्थित थे।

### क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट में द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने वल्चर्स को 37 रनों से हराया



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट में बुधवार को वल्चर्स क्रिकेट क्लब बनाम द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। वल्चर्स क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 198 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अनिकेत ने 13, सुधांशु ने 16, रवि ने 61, सुष्मित ने 26, दीपक ने 11, प्रीतम ने 19 रनों की पारी खेली। वल्चर्स के गेंदबाज प्रणव प्रकाश ने 5, मुजाहिद ने 2, तारिक व विवेकानंद ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वल्चर्स क्रिकेट क्लब 26 .5 ओवर में 161 रन बना कर ऑल आउट हो गई। संतोष ने 38, आशीष ने 18, समर ने 28, तारिक ने 30, प्रणव ने 14 रनों की पारी खेली। द्रोणाचार्य के गेंदबाज प्रशांत कुमार ने 2, राशिद व रवि ने 3-3, प्रीतम व जुनैद ने 1-1 विकेट लिया। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 37 रनों से जीत हासिल की। द्रोणाचार्य के खिलाड़ी रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि जेएससीए डिस्ट्रिक सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, सुधीर राणा, ओंकार, आदित्य ज्ञान व अन्य मौजूद थे।

### 3 फरवरी को प्रसिद्ध फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया करेंगे राजमहल स्टेडियम का उद्घाटन



**साहिबगंज :** जिले के राजमहल प्रखंड में नवनिर्मित आउटडोर स्टेडियम का उद्घाटन भारत के प्रसिद्ध फुटबॉलर और पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया के हाथों आगामी 3 फरवरी को किया जाएगा। तैयारी को लेकर विधायक मो ताजुद्दीन राजा उर्फ एमटी राजा, एसडीओ विमल सोरेन व नपं प्रशासक स्मिता किरण ने स्टेडियम का निरीक्षण बुधवार को किया। राजमहल विधायक ने कहा कि भारत के प्रसिद्ध फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया का प्रथम बार राजमहल आगमन होकर स्टेडियम का उद्घाटन होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। पदाधिकारी को तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि फुटबॉल एवं क्रिकेट का फ्रेंडली मैच भी उद्घाटन समारोह में आयोजित की जाएगी। क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार स्टेडियम में खेल से संबंधित गतिविधि जारी रहेगी ताकि युवा अपने खेल के माध्यम से भी भविष्य तय कर सकें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, मो आजाद, अब्दुल कादिर, सन्नी कुमार, संजय कर्ण सहित अन्य मौजूद थे।

### ई रिक्शा पलटने से बहनोई व साला गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास बुधवार को तेज रफ्तार ई रिक्शा पलटने से एक ही परिवार के ई-रिक्शा सवार जीजा व साला गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिरवाबाड़ी पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने दोनो घायल को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल में बिहार के पीरपैंती के बाराहाट के रहने वाला संतोष कुमार सोहनी उम्र 25 वर्ष व जीजा पुरानी साहिबगंज के दीनानाथ सोनकार उम्र 29 वर्ष है। परिजनों के अनुसार सकरीगली समदा घाट से ई-रिक्शा से अपने साला संतोष को लेकर साहिबगंज रेलवे स्टेशन जा रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास ई रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। इसमे दोनो सवार जीजा व साला गंभीर रूप से घायल हो गया। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सरस्वती पूजा को लेकर नगर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**साहिबगंज :** शांतिपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मानने को लेकर थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ किशोर तिर्की ने की और अधिकारियों के अलावा आम प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। एसडीपीओ ने कहा कि पूर्व की तरह ही इस बार भी सरस्वती पूजा शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में क्षेत्र में मनाए इसके लिए सभी पूजा कमेटी को पूजा स्तर पर डीजे पर प्रतिबंध है। उन्होंने पूजा कमेटियों से पूजा व विसर्जन जुलूस डीजे नहीं बजाने की अपील की व उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। डीजे को जब्त कर डीजे मालिक और पूजा कमेटी पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। किसी प्रकार की भड़काऊ गाना नहीं बजेगी रात्रि 10 :00 बजे तक गाना नहीं बजेगी 4 फरवरी एवं 5 फरवरी तक संपूर्ण प्रतिमा शाम 6 :00 बजे तक विसर्जन करने का दिया निर्देश।

# मौनी अमावस्या पर आस्था की डुबकी

## गंगा घाटों पर उमड़ा भक्तों का सैलाब, बाबा गरीब नाथ मंदिर में उमड़े श्रद्धालु





**बक्सर/मुजफ्फरपुर।** देशभर में श्रद्धा और आस्था के पर्व मौनी अमावस्या पर बिहार के विभिन्न जिलों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बक्सर के रामरेखा घाट, नाथ बाबा घाट, सत्ती घाट समेत अन्य गंगा घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने पुण्य स्नान किया। वहीं, मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लोग अहले सुबह से ही हर-हर महादेव के जयघोष के साथ गंगा स्नान करने पहुंचे और मंदिरों में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। बक्सर के रामरेखा घाट पर मौनी अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने का विशेष महत्व माना जाता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल से यहां पहुंचे और गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने मौन रहकर स्नान किया और दान-पुण्य कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सदर एसडीओ धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी घाटों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। इसके अलावा बोट पर गोताखोरों की टीम और क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया दल) को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात किया गया था। रामरेखा घाट के पुजारी लाला बाबा ने बताया कि गंगा स्नान से कुंडली के अशुभ ग्रहों का प्रभाव कम होता है और पापों का नाश होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन देवी-देवता और पितर भी गंगा में स्नान करने आते हैं। इस बार माघी अमावस्या पर मकर राशि में सूर्य, बुध और चंद्रमा का शुभ संयोग बन रहा है, जिससे यह दिन और भी पावन हो गया है। मुजफ्फरपुर में मौनी अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं का बाबा गरीब नाथ मंदिर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भक्त अहले सुबह से ही बूढ़ी गंडक नदी के पवित्र घाटों पर स्नान कर मंदिर पहुंचे और बाबा गरीब नाथ का जलाभिषेक किया। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक ने बताया कि इस विशेष अवसर पर मंदिर में भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। मान्यता है कि मौनी अमावस्या की तिथि भगवान श्रीहरि विष्णु, शनि देव और पितरों को समर्पित है। इस दिन मौन व्रत रखकर गंगा स्नान करने और पूजा-अर्चना करने से सभी दुखों का नाश होता है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। घाटों पर पुलिस बल तैनात किए गए थे। मंदिर प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष बैरिकेडिंग की थी। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं भी मुहैया कराई गई थीं। मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और दान देकर पुण्य अर्जित किया।

# मछली व्यापारी से 4.60 लाख रुपए की लूट



**मोतिहारी ।** होलसेल मछली व्यापारी से लूट की घटना सामने आई है। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के सोनबरसा में व्यापारी राजन कुमार पर पांच बदमाशों ने हमला कर 4.60 लाख रुपए और सोने की चेन लूट ली। घटना सोनबरसा वार्ड नंबर सात के सिवान टोला में हुई। जब नारायण सहनी के बेटे राजन कुमार अपनी होलसेल मछली की दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। रास्ते में श्रीलाल सहनी, रामविनय सहनी, रूपेश सहनी, सुरेंद्र सहनी और परवेश सहनी ने उन्हें घेर लिया और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में राजन का सिर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राजन को पहले सीएचसी हरसिद्धि ले जाया गया। वहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने मोतिहारी सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित ने हरसिद्धि थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा के अनुसार एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कब्र से शवों के सिर गायब होने का राज खुला

## इमदाद और आजाद ने गिरफ्तारी के बाद सुनाई जादू-टोना की कहानी



**भागलपुर।** जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र के फाजिलपुर सकरामा पंचायत अंतर्गत अशरफनगर गांव में कब्र से छेड़छाड़ एवं नरमुंड की चोरी मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। कहलगांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवानंद सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस घटना की जानकारी दी।एसडीपीओ शिवानंद सिंह ने बताया कि कब्रिस्तान से नरमुंड की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक मानव खोपड़ी भी बरामद हुई है। आरोपियों ने कब्र से छेड़छाड़ कर नरमुंड निकाला था। पूछताछ में यह बात सामने आया कि दोनों आरोपी तंत्र-मंत्र और जादू-टोना में विश्वास रखते हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मो. इमदाद आलम (पिता- स्व. अब्दुल रहीम, निवासी-पोरिया, थाना- बौंसी) और मो. आजाद (पिता) स्व. मो. अफजल हुसैन, निवासी- बीरबलपुर, थाना- धनकुंड) शामिल हैं। दोनों आरोपी बांका जिले के निवासी हैं। हालांकि, एसडीपीओ ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनकी गिरफ्तारी कहां से हुई, और कब से वे इस अपराध में संलिप्त थे। और छ से एक साल के भीतर के शव के नरमुंड को गायब कर जादू टोना और तंत्र मंत्र में इसका प्रयोग करना कुछ अजीब सा प्रतीत होता है । इस संवेदनशील मामले की जांच के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर के निर्देश पर एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। इस टीम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगांव शिवानंद सिंह ने किया। टीम में सन्हौला थाना प्रभारी चंदन कुमार, रसलपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, अमडंडा थाना प्रभारी रवि कुमार, गोराडीह थाना प्रभारी विकास कुमार, सन्हौला थाना के मुकेश कुमार सिंह, डीआईयूएसयू टीम और सशस्त्र बल शामिल थे। कहलगांव एसडीपीओ ने बताया कि जांच के दौरान तकनीकी सहायता और मानव स्रोतों की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह घटना अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र से जुड़ी मानसिकता को उजागर करती है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। मालूम हो कि सन्हौला स्थित इस कब्रिस्तान में पिछले 4-5 साल के दौरान पांच शवों को कब्र से निकालकर नरमुंड की चोरी हो चुकी है। तीन दिन पूर्व ही एक नवजात के शव को भी कब्र से निकालकर उसके सिर को बिखेर दिया गया था।

## बिहार में परीक्षा के नाम पर

# छात्राओं से अवैध वसूली कर रहे शिक्षक



**गोपालगंज।** बिहार के कुछ सरकारी स्कूलों में शिक्षकों पर इंटर की प्रैक्टिकल परीक्षा के नाम पर अवैध वसूली करने के आरोप लग रहे हैं। अब इससे जुड़ा गोपालगंज जिले से वायरल हो रहा है। इसमें प्रैक्टिकल परीक्षा के नाम पर शिक्षक द्वारा छात्राओं से पांच पांच सौ रुपये अवैध रूप से वसूले जा रहे। वायरल वीडियो गोपालगंज शहर के एसएस बालिका उच्च विद्यालय का है। एसएस बालिका विद्यालय में इंटर की रसायन शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा के नाम पर एक शिक्षक द्वारा पांच-पांच सौ रुपये वसूली की जा रही थी। इसका वीडियो किसी ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। फिलहाल वायरल हो रहे वीडियो के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी हरकत में आए और आरोपी शिक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है। मंगलवार को शहर के एसएस बालिका उच्च विद्यालय में रसायन शास्त्र की प्रैक्टिकल परीक्षा चल रही थी। जिसमें शामिल होने के लिए 255 की संख्या में परीक्षार्थी विद्यालय में उपस्थित हुई थीं। आरोप है कि विद्यालय के शिक्षक व इंटरनल विवेक कुमार गुप्ता छात्राओं से पांच-पांच सौ रुपये की वसूली करने लगे। छात्राओं से वसूली का वीडियो बना कर किसी ने वायरल कर दिया। वीडियो में शिक्षक छात्राओं को लाइन लगाने के लिए कहते हैं। फिर हर छात्रा से पांच सौ की नोट लेकर जेब में रख रहे हैं। एक छात्रा गिड़गिड़ाते हुए कहती है कि सर मेरे पास बस 20 रुपये बचे हैं। फिर शिक्षक उससे नोट लेकर जेब में रख लेता है। हालांकि आरोपी शिक्षक ने वायरल वीडियो से अपना पल्ला झाड़ते हुए परीक्षा देने पहुंची छात्राओं से रुपये लेने से इनकार किया है। इधर, वायरल वीडियो सामने आने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी योगेश कुमार ने एक पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि वीडियो फुटेज से ज्ञात होता है कि विवेक कुमार गुप्ता, विषय-रसायन शास्त्र (11-12), माधव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांझ, प्रखण्ड मांझा द्वारा वर्तमान प्रतिनियुक्त विद्यालय एसएस बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, में छात्रों से प्रायोगिक परीक्षा-2025 के समय रुपये लेते हुए दिख रहे हैं। प्रधानाध्यापक, एसएस बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा भी प्रतिवेदित किया गया है कि वर्तमान में ये शिक्षक प्रतिनियुक्त है और प्रायोगिक परीक्षा का संचालन भी कर रहे है। उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि इनके द्वारा प्रायोगिक परीक्षा में अंक देने के नाम पर पैसे ली जा रही है, जो की विडियों में स्पष्ट दिख रहा है। इस प्रकार इनके विरूद्ध प्रायोगिक परीक्षा के नाम पर पैसे लेने का आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित होता है। इनका वह कृत्य शिक्षक के आचरण के प्रतिकुल, अनुशासनहीनता, पठन-पाठन को प्रभावित करना, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ ही विभाग की छवि को धुमिल करने का प्रयास है। अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में विवेक कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।


# रेड लाइट एरिया से दो नाबालिग लड़कियां मुक्त



**सीतामढ़ी ।** रेड लाइट एरिया से 2 नाबालिग लड़कियों को बाहर निकाला गया है। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन को मिली शिकायत के बाद ये कार्रवाई की गई है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने तीन महिला दलालों को गिरफ्तार किया है। मामला नगर थाना क्षेत्र के बोहा टोला की है। पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और बचपन बचाओ आंदोलन के सहयोग से यह रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। ऑपरेशन का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक मो.नजीब अनवर ने किया। जबकि टीम में प्रशिक्षु डीएसपी रवि रंजन और महिला थाना की बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी रश्मि कुमारी भी शामिल थीं। मुक्त कराई गई दोनों नाबालिग लड़कियां पश्चिम बंगाल की निवासी हैं। पुलिस के अनुसार इन लड़कियों को तस्करी करके जबरन देह व्यापार में धकेला जा रहा था। इस मामले में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी रश्मि कुमारी के बयान पर नगर थाना में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के सदस्य स्वेता स्वराज, सुशील कुमार सिंह, उमाशंकर रजक और एसोसिएशन फॉर वॉलेंट्री एक्शन की टीम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में एक बड़ी राहत की लहर दौड़ी है,।

## संक्षिप्त डायरी

### कुंभ मेले को लेकर एनएच 19 पर लगा जाम:कैमूर के कुदरा में दोनों लेन ठप, 72 घंटे से लोग परेशान



**कैमूर।** कुंभ मेले के कारण कैमूर जिले में एनएच 19 पर भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। कुदरा के पास राजमार्ग की दोनों लेन पूरी तरह से ठप है, इससे एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कुछ यात्री 72 घंटों से जाम में फंसे है। मुर्शिदाबाद से कुंभ जा रहे बस चालक छोटू कुमार ने बताया कि 30 यात्रियों के साथ 12 घंटे में मात्र 50 किलोमीटर की दूरी तय कर पाए है। आसनसोल से चंदौली जा रही अनीता शुक्ला तीन दिनों से जाम में फंसी है और उनकी गाड़ी पिछले 8 घंटों से एक इंच भी नहीं हिली है। इसी तरह, कोलकाता से दिल्ली जा रहे एक ट्रक चालक भी तीन दिनों से जाम में फंसे है। कुदरा थाना पुलिस के ललन कुमार के अनुसार, कुंभ मेले के कारण दोनों तरफ से वाहनों की भारी आवाजाही है। पुलिस प्रशासन जगह-जगह तैनात है और एक लेन को खाली कराने का प्रयास कर रही है, लेकिन दोनों दिशाओं से लगातार वाहनों के आने से स्थिति और जटिल हो गई है। यात्रियों का कहना है कि बिहार सरकार के खराब प्रबंधन के कारण उन्हें इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम इतना विकराल है कि आवश्यक सेवाओं को भी रास्ता देना मुश्किल हो गया है।

### 25 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार



**जमुई ।** सिमुलतला थाना पुलिस ने टॉप-10 की लिस्ट में शामिल 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी प्रमोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। प्रमोद पिछले 4 सालों से पुलिस को चकमा दे रहा था। एसपी मदन कुमार आनंद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने किउल-जसीडीह रेलखंड के लाहावन रेलवे स्टेशन के पास से प्रमोद को धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधी की पहचान झारखंड के देवघर जिले के पक्षिमारी कोठिया निवासी पप्पू यादव का बेटा प्रमोद (20) के रूप में हुई है। प्रमोद के खिलाफ सिमुलतला थाने में आर्म्स एक्ट और लूटपाट समेत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी के लिए झारखंड पुलिस से संपर्क कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रमोद झारखंड से बिहार आकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरफ्तारी से सिमुलतला थाना क्षेत्र में अपराध की घटनाओं में कमी आएगी।

### मेला देखने गए युवक को चार लोगों ने पीटा



**दरभंगा ।** जमालपुर थाना क्षेत्र के कुबौल के रहने वाले पीतांबर यादव के 18 साल के बेटे विकास यादव की 28 जनवरी की शाम चार युवकों ने पिटाई कर दी। इस दौरान विकास यादव बुरी तरह घायल हो गया। मारपीट की घटना के दौरान विकास के शोर मचाने पर स्थानीय लोग जुटे, तो चारों हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने घायल विकास को इलाज के लिए तत्काल कीरतपुर के प्राइमरी हेल्थ सेंटर में एडमिट कराया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित युवक ने जमालपुर थाने में आवेदन देकर बताया कि 28 जनवरी को वह चतुर्दशी के अवसर पर पूजा कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान झगरुआ ढलान के पास बाइक सवार चार युवकों ने उसे घेर लिया और गाली गलौज देते हुए मारपीट करने लगे। आवेदन में घायल ने बताया कि जब उसने हमलावरों से पिटाई का कारण पूछा, तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी और दोबारा उसे पिटने लगे। पीड़ित ने थाना को दिए अपने आवेदन में बताया है कि फिलहाल किस कारण से उसके ऊपर हमला किया गया, इसकी जानकारी उसे नहीं है। पीड़ित विकास ने पुलिस को दिए गए आवेदन में हमलावरों की पहचान भी बताई है। उसने बताया कि हमलावरों में अमर यादव का बेटा छोटू कुमार, अमर यादव का बेटा प्रशांत कुमार, शुक्ला यादव का बेटा ओमप्रकाश कुमार और एक अन्य अज्ञात लड़का शामिल था। युवक की पिटाई के संबंध में पूछे जाने पर जमालपुर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि पीड़ित की ओर से बुधवार को आवेदन दिया गया है।

# 2.09 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक स्टेडियम



**नालंदा ।** खेल संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उद्द शशांक शुभंकर ने बुधवार को हिलसा अनुमंडल का दौरा कर रामबाबू उच्च विद्यालय में प्रस्तावित बहुआयामी खेल परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत लगभग 2.09 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस आधुनिक खेल परिसर में एथलेटिक्स ट्रैक के साथ-साथ कई खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परियोजना में दर्शक दीर्घा, पवेलियन, बाउंड्री वॉल, फुटबॉल मैदान और खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम जैसी आधारभूत सुविधाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और बास्केटबॉल के लिए मल्टीपरपज कोर्ट भी बनाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यपालक अभियंता को विशेष निर्देश दिए कि मैदान में जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने परियोजना की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह खेल परिसर क्षेत्र के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा। इसी दौरे में डीएम शुभंकर ने प्रखंड कार्यालय और अनुमंडल कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आरटीपीएस काउंटर के आधुनिकीकरण और लोक शिकायत सेवा केंद्र के विकास पर बल दिया। साथ ही, हिलसा रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। यह परियोजना न केवल क्षेत्र के खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि युवा प्रतिभाओं को निखरने का अवसर भी प्रदान करेगी।

# कटिहार में पहुंची प्रगति यात्रा

## सीएम नीतीश कुमार ने लोगों को दी करोड़ों रुपये की योजनाओं की सौगात





**कटिहार।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा आज कटिहार पहुंची। मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से कटिहार पहुंचे। सबसे पहले अमदाबाद प्रखंड के गोगाबिल झील का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद कोढ़ा प्रखंड के रामपुर गांव में करोड़ों रुपये के विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उनके साथ बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी, नीरज कुमार बबलू और कई वरीय आईएएस अधिकारी मौजूद थे। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि कटिहार जिले में सब तरह के काम करा दिये हैं कुछ नये काम और कराये जाएंगे। इसमें गोगाबील झील का संरक्षण किया जायेगा और इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। कटिहार में राजेन्द्र स्टेडियम को स्पोर्ट्स कम्पलेक्स के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके अलावा आजमनगर प्रखंड में स्थित पौराणिक एवं प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर का विकास एवं सौंदर्यकरण किया जायेगा। इससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। वहीं राजेन्द्र प्रसाद पथ से मिरचाईबाड़ी रोड तक आरओबी एवं एलिवेटेड सड़क का निर्माण कराया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। शहरवासियों के लिए सीएम नीतीश कुमार ने घोषणा करते हुए कहा कि कटिहार नगर निगम के अंतर्गत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जायेगा। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि कटिहार में जलापूर्ति योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। इससे लोगों को पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी। कटिहार जिले के 6 प्रखंडों क्रमशः कटिहार, आजमनगर, कोढ़ा, फलका, बरारी एवं प्राणपुर में नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन तथा डडखोरा प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर का निर्माण कराया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान वे बीएसपी मैदान होते हुए राजेंद्र स्टेडियम पहुंचेंगे। वहां प्रस्तावित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण स्थल का निरीक्षण करने के बाद शरीफगंज में अल्पसंख्यक छात्रावास का दौरा करने पहुंचे।

# ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और शांति का अनुभव कराता गंडिकोटा

गंडिकोटा, आंध्र प्रदेश के सबसे खूबसूरत और अद्भुत पर्यटन स्थलों में से एक है। इसे अक्सर दक्षिण का ग्रैंड कैन्यन कहा जाता है। यह स्थान अपनी शानदार चट्टानों, सुंदर घाटियों और ऐतिहासिक किलों के लिए प्रसिद्ध है। आइए जानते हैं गंडिकोटा के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

1. गंडिकोटा किला

गंडिकोटा का किला इस क्षेत्र का सबसे बड़ा आकर्षण है। इसे 16वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह भव्यता और ऐतिहासिकता का प्रतीक है। किले की दीवारें, मीनारें और दरवाजे अद्भुत वास्तुकला का नमूना हैं। यहाँ से घाटी का दृश्य बेहद सुंदर है।

2. कावेरी नदी

गंडिकोटा के निकट कावेरी नदी बहती है, जो यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को और बढ़ाती है। नदी के किनारे बैठकर लोग शांति और सुकून का अनुभव करते हैं। यहाँ की जलधारा और लहरें पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।

3. गंडिकोटा घाटी

गंडिकोटा घाटी अपने अद्भुत दृश्य और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की चट्टानें और घाटियाँ फोटोग्राफी के लिए एक बेहतरीन स्थान हैं। सूर्यास्त का दृश्य यहाँ से देखने लायक होता है।

4. रानी दुर्गा देवी का मंदिर

यह प्राचीन मंदिर गंडिकोटा में स्थित है और देवी दुर्गा को समर्पित है। यहाँ पर आने वाले भक्तों की एक बड़ी संख्या होती है। मंदिर का वास्तुशिल्प और यहाँ का वातावरण श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है।

5. जैन मंदिर

गंडिकोटा में एक प्राचीन जैन मंदिर भी है, जो जैन धर्म के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण है। यहाँ की शिल्पकला और जैन मूर्तियाँ अद्वितीय हैं।


यात्रा की जानकारी

गंडिकोटा की यात्रा के लिए निकटतम रेलवे स्टेशन जिद्दलूर है, जो लगभग 30 किलोमीटर दूर है। सड़क मार्ग से भी यहाँ पहुँचना आसान है। यह स्थान वर्ष भर में किसी भी समय यात्रा के लिए उपयुक्त है, लेकिन मानसून के बाद यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और भी बढ़ जाती है।

देखा जाये तो गंडिकोटा एक ऐसा स्थान है जहाँ आप ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और शांति का अनुभव कर सकते हैं। यहाँ की चट्टानें, घाटियाँ और किला एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। यदि आप प्रकृति प्रेमी हैं या इतिहास के प्रति रुचि रखते हैं, तो गंडिकोटा आपके लिए एक आदर्श गंतव्य है। यहाँ की यात्रा निश्चित रूप से आपके मन में अद्भुत यादें छोड़ जाएगी।







**ओरछा का इतिहास 16वीं शताबदी से जुड़ा हुआ है, जब यह बुंदेलखंड क्षेत्र के बुंदेला राजवंश के राजा वीर सिंह देव द्वारा स्थापित किया गया था। राजा वीर सिंह देव ने यहां किलों, महलों, और मंदिरों का निर्माण कराया, जो आज भी इस स्थल की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में खड़े हैं।**

# ऐतिहासिक धरोहर और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है ओरछा

भारत के मध्यप्रदेश राज्य में स्थित ओरछा, एक ऐतिहासिक नगर है जो अपनी प्राचीन किलों, महलों, मंदिरों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान भारतीय इतिहास और संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण पेश करता है। ओरछा न केवल अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह एक शांतिपूर्ण पर्यटन स्थल भी है, जो प्रकृति प्रेमियों और इतिहास के शौकिनों के लिए आदर्श स्थल है।

## ओरछा का इतिहास

ओरछा का इतिहास 16वीं शताबदी से जुड़ा हुआ है, जब यह बुंदेलखंड क्षेत्र के बुंदेला राजवंश के राजा वीर सिंह देव द्वारा स्थापित किया गया था। राजा वीर सिंह देव ने यहां किलों, महलों, और मंदिरों का निर्माण कराया, जो आज भी इस स्थल की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में खड़े हैं। ओरछा, पहले बुंदेलों की राजधानी हुआ करता था और इसने कई ऐतिहासिक घटनाओं और सांस्कृतिक परिवर्तनों का साक्षी बनने का कार्य किया।

## ओरछा के प्रमुख आकर्षण

### ओरछा किला

यह किला ओरछा का प्रमुख आकर्षण है, जो नदियों और जंगलों से घिरा हुआ है। किले का निर्माण राजा वीर सिंह देव ने 16वीं शताबदी में करवाया था। किले के भीतर राजमहल, छतरियां और मंदिर स्थित हैं। किले से ही ओरछा शहर का सुंदर दृश्य देखा जा सकता है।

### छतरियां

ओरछा के किले के पास स्थित छतरियां बुंदेला राजाओं की समाधियाँ हैं। ये स्मारक नदी के किनारे बने हुए हैं और इनका वास्तुकला बहुत ही आकर्षक है। छतरियों के वास्तुशिल्प और उनके परिसर का दृश्य बहुत ही भव्य और शांतिपूर्ण होता है।

### रामराजा मंदिर

रामराजा मंदिर ओरछा का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह मंदिर भगवान राम को समर्पित है और यहाँ भगवान राम की एक अनोखी प्रतिमा स्थापित है, जो अन्य राम मंदिरों से भिन्न है। यहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते हैं।

### जंगली महल

यह महल ओरछा किले के भीतर स्थित है और इसका निर्माण राजा वीर सिंह देव ने अपनी पत्नी के लिए करवाया था। जंगली महल की वास्तुकला, जिसमें मुग़ल और बुंदेला शैली का मिश्रण देखने को मिलता है, पर्यटकों को आकर्षित करती है।

### लक्ष्मी मंदिर

यह मंदिर देवी लक्ष्मी को समर्पित है और अपनी भव्यता और सुंदर वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के भीतर की मूर्तियाँ और चित्रण बहुत ही शानदार हैं।

### चतुर्भुज मंदिर

यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है और अपनी भव्य वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर ओरछा के प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में माना जाता है।

## ओरछा की प्राकृतिक सुंदरता

ओरछा न केवल ऐतिहासिक स्थल है, बल्कि यह प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आदर्श स्थल है। यहाँ की शांतिपूर्ण नदियाँ, घने जंगल, और हरे-भरे मैदान एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करते हैं। ओरछा में बेतवा नदी के किनारे की सुंदरता पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। बेतवा नदी में बोटिंग करने का अनुभव भी एक अलग ही रोमांचक होता है।

इसके अलावा, ओरछा का मौसम भी काफी मनमोहक होता है, जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को सुकून और शांति का अनुभव कराता है। सर्दी और गर्मी दोनों ही मौसमों में यहाँ की यात्रा की जा सकती है, लेकिन सर्दी का मौसम (नवंबर से फरवरी) यहाँ यात्रा के लिए सबसे आदर्श समय माना जाता है।

## ओरछा का सांस्कृतिक महत्व

ओरछा का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व बहुत अधिक है। यहाँ के मंदिरों और महलों में बुंदेला संस्कृति और वास्तुकला की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। ओरछा में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होते रहते हैं, जो यहाँ के लोक जीवन को दर्शाते हैं। यहाँ के मेलों और त्योहारों में शामिल होकर आप ओरछा की संस्कृति का अनुभव कर सकते हैं।


## ओरछा कैसे पहुंचे?

वायु मार्ग- ओरछा का नजदीकी हवाई अड्डा झाँसी है, जो लगभग 15 किलोमीटर दूर है। यहाँ से टैक्सी या बस द्वारा आसानी से ओरछा पहुँचा जा सकता है।


रेल मार्ग- झाँसी रेलवे स्टेशन, ओरछा का नजदीकी रेलवे स्टेशन है और यह भारत के प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है। यहाँ से आप टैक्सी या बस द्वारा ओरछा पहुँच सकते हैं।

सड़क मार्ग- ओरछा प्रमुख शहरों से सड़क मार्ग द्वारा अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। झाँसी, ग्वालियर और कानपुर जैसे शहरों से यहां के लिए नियमित बस सेवाएँ उपलब्ध हैं।

ओरछा एक ऐसा स्थल है जहाँ आप भारतीय इतिहास, संस्कृति और वास्तुकला का अद्भुत मिश्रण देख सकते हैं। यहाँ का शांत वातावरण, ऐतिहासिक किले, मंदिर और महल पर्यटकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाते हैं। अगर आप भारतीय इतिहास और संस्कृति में रुचि रखते हैं, तो ओरछा की यात्रा आपके लिए एक यादगार अनुभव साबित होगी।



# साल 2025 में जरूर एक्सप्लोर करें ये बेहतरीन जगह, नए एक्सपीरियंस का मिलेगा मौका




दुनियाभर में घूमने-फिरने में दिलचस्पी रखने वाले लोग हमेशा कहीं न कहीं की ट्रिप प्लान कर लेते हैं। फेमस पर्यटन स्थल हर किसी के पसंदीदा होते हैं। इन जगहों पर कभी पर्यटकों की कमी नहीं होती है। सालों से इन जगहों पर पर्यटन को बढ़ावा मिला है। इस लिस्ट में विदेशी पर्यटक स्थल और देश के पर्यटक स्थल दोनों शामिल हैं। बता दें कि जो लोग शानदार प्राकृतिक नजारों को देखना चाहते हैं, उनके लिए भारत पर्यटन स्थलों से समृद्ध देश है। यहां पर समुद्री तटों के विकल्प और ऊंची बर्फीली पहाड़ियां हैं। हरे-भरे मैदानी क्षेत्र तो सफेद रेतीले मैदान भी हैं। आप जंगल सफारी से लेकर ऊंट सफारी और क्रूज से लेकर फैरी तक के सफर का आनंद उठा सकते हैं।

बता दें कि साल 2024 में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिला है। साल 2024 में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद करोड़ों की संख्या में सैलानी अयोध्या पहुंचे। तो दूसरी ओर पीएम मोदी के आह्वान पर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षदीप पर पर्यटकों की काफी संख्या बढ़ी। वहीं अब साल 2025 में भी कई पर्यटन स्थल लोकप्रिय हो सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी नए साल 2025 में घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए देश के पांच फेमस पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं।

आलाप्पुझा, केरल - अगर आप भी केरल की प्राकृतिक सुंदरता को निहारना चाहते हैं, तो अलाप्पुझा जा सकते हैं। यहां पर आपको पारंपरिक हाउसबोट का अच्छा अनुभव मिलेगा। एलेप्पी के नाम से जाना जाने वाली यह जगह सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। यहां पर आप नवंबर से फरवरी के बीच घूमने आ सकते हैं। इस दौरान आप अलाप्पुझा बीच, वेम्बनाड झील, मारारी बीच, कुमारकोम पक्षी अभयारण्य और पुन्नमदा झील के प्राकृतिक परिवेश का अनुभव करें। यहां पर रेवी करुणाकरण मेमोरियल म्यूजियम, सेंट मैरी चर्च और अलाप्पुझा लाइट हाउस का लुत्फ उठाएं।

जैसलमेर -जैसलमेर थार रेगिस्तान में बसा है, यह राजधानी की संस्कृति के साथ हमेशा बदलते टीलों और परंपराओं का अनुभव कराने के लिए एक परफेक्ट जगह है। प्राचीन बलुआ पत्थर की वास्तुकला, कभी न खत्म होने वाला रेगिस्तान और तेज धूप ने जैसलमेर को गोल्डन सिटी का खिताब दिया है। आप नवंबर से फरवरी के बीच इस खूबसूरत शहर को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप वुड फॉसिल पार्क, कुलधरा गांव, व्यास छतरी, जैसलमेर युद्ध संग्रहालय, जैसलमेर किला, कोठारी की पटवों की हवेली, गड़ीसर झील, नाथमल जी की हवेली और थार रेगिस्तान को घूम ने जा सकते हैं।

गिर नेशनल पार्क -गुजरात में गिर राष्ट्रीय वन के नाम से फेमस यह पार्क भारत में मैजेस्टिक एशियाई शेरों को देखने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यह पार्क जूनागढ़, अमरेली और गिर सोमनाथ जिलों में फैला हुआ है। यह काठियावाड़-गुर शुष्क वन का हिस्सा है। नवंबर से मार्च तक का समय इस जगह को घूमने के लिए सबसे बेहतर है। यहां आप जंगल सफारी के जरिए 674 शेर, 300 तेंदुए और 425 पक्षियों की प्रजातियों में से कोई एक देख सकते हैं।

गोवा - समृद्ध पुर्तगाली संस्कृति, जीवंत नाइटलाइफ़ और शानदार समुद्र तट की वजह से गोवा साल भर घूमने के लायक है। साल 2025 में भी गोवा भारत में घूमने के लिहाज से सबसे अच्छी जगहों में से एक है। वैसे तो गोवा घूमने का सबसे अच्छा समय नवंबर से फरवरी का है। इस दौरान आप कलंगुट, अरम्बोल, अगोंडा, पणजी, कैंडोलिम, बागा, वागाटोर, कोल्वा, पालोलेम और वर्का की खोज करें। समुद्र तट पर मौज-मस्ती के अलावा कयाकिंग, सर्फिंग या स्कूबा डाइविंग भी कर सकते हैं।

# रंगारंग लेजर शो के बीच मोदी ने किया देवभूमि में राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ



**देहरादून (एजेंसी)।** देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी में 38वें राष्ट्रीय खेलों का विभिन्न लेजर शो के बीच आगाज हो गया। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर स्थित राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने राष्ट्रीय खेलों की मशाल 'तेजस्विनी' सौंपी। वहीं, देश भर से आई पैंतीस खिलाड़ी टीमों ने अपने ध्वजों के साथ मार्च पास्ट किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की बहुत सुंदर तस्वीर यहां दिख रही है। नेशनल गेम्स में इस बार भी कई देशी और पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के नेशनल गेम्स एक प्रकार से ग्रीन गेम्स भी है। इसमें एनवायरमेंट फ्रेंडली चीजों का इस्तेमाल हो रहा है। ट्रॉफी और मेडल भी ई-वेस्ट से बनी है। यहां एक पौधा भी लगाया जाएगा, ये एक अच्छी पहल है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दीं।'

श्री मोदी ने कहा कि देवभूमि आज युवा ऊर्जा से और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार, बदरीनाथ जी, माँ गंगा के शुभाशीष के साथ आज नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये वर्ष उत्तराखंड के निर्माण का 25वां वर्ष है। इस युवा राज्य में देश के कोने-कोने से आए हजारों युवा अपना सामर्थ्य दिखाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि आज खेलो इंडिया सीरीज में कई सारे नए टूर्नामेंट जोड़े गए है। खेलो इंडिया से जुड़कर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले लद्दाख में खेलो इंडिया गेम्स का पांचवां एडिशन शुरू हो चुका है।

श्री मोदी ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सैकड़ों सांसद टैलेंट को आगे बढ़ाने के लिए सांसद खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन करवा रहे हैं। काशी संसदीय क्षेत्र से सांसद खेल प्रतियोगिता के माध्यम से सैकड़ों खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'हम स्पोर्टस को सर्वांगीण विकास का माध्यम मानते हैं। जब खेल में कोई आगे बढ़ता है तो देश की साख और प्रोफाइल बढ़ता है इसलिए आज स्पोर्टस को भारत के विकास और आत्मविश्वास से जोड़ा जा रहा है। हम स्पोर्ट्स को भारत के सर्वांगीण विकास का एक प्रमुख माध्यम मानते हैं।'

# आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स ने लॉन्च की नई जर्सी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का आगाज 21 मार्च से होगा। इस बीच लगभग सारी टीमों ने अपनी तैयारियों को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। बहरहाल राजस्थान रॉयल्स ने अपनी नई जर्सी लॉन्च की है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया है। इस पोस्ट में नई जर्सी को देखा जा सकता है। हालांकि, इस नई जर्सी में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं है। वहीं इस वीडियो में जयपुर की झलक साफतौर पर देखने को मिली। साथ ही फ्रेंचाइजी का कहना है कि इस नई जर्सी में राजस्थान के कण-कण के इतिहास की झलक देखने को मिलेगी।

राजस्थान रॉयल्स के वीडियो में नए हेड कोच राहुल द्रविड़ भी नई जर्सी में दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा शेन वॉर्न, शेन वॉटसन, स्टीव स्मिथ, जोस बटलर के अलावा रविचंद्रन अश्विन का भी नाम उन्होंने अपनी नई जर्सी के लॉन्च वीडियो में दिखाया है। सोशल मीडिया पर राजस्थान रॉयल्स का पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

बता दें कि, पिछले 2 सीजन में संजू सैमसन की अगुवाई में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। लेकिन टाइटल तक पहुंचने में टीम नाकामयाब रही है। इस बार राजस्थान रॉयल्स की नजरें खिताब के सूखे को खत्म करने पर होंगी।

# हरियाणा के खिलाफ अहम मुकाबले में केएल राहुल कर्नाटक टीम में




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी कर्नाटक की टीम को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे आखिरी लीग मैच में शीर्ष पर काबिज हरियाणा के खिलाफ बोनस अंक के साथ जीत दर्ज करनी होगी और केएल राहुल की वापसी से टीम को मदद मिलने की उम्मीद है। कर्नाटक के इस समय 19 और हरियाणा के 26 अंक हैं जबकि केरल के 21 अंक हो गए हैं।

कर्नाटक अगर बोनस अंक (कुल सात अंक) के साथ जीतता है तो उसे 26 अंक हो जाएंगे। ऐसे में वह शीर्ष या दूसरे स्थान की टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा। गत चैम्पियन केरल को तिरूवनंतपुरम में बिहार से खेलना है। बोनस अंक के बिना भी जीतने पर केरल के 27 अंक होंगे और वह ग्रुप सी में शीर्ष पर होगा। ऐसे में हरियाणा बाहर हो सकता है क्योंकि कर्नाटक के उससे ज्यादा अंक होंगे। शीर्ष स्थान की टीम का फैसला इस बार बोनस अंक के आधार पर हो रहा है जबकि पहले नेट रनरेट के अलावा आमने सामने के रिकॉर्ड के आधार पर होता है।

कर्नाटक को अगर छह अंक मिलते हैं तो उसके 25 अंक होंगे और उसे दुआ करनी होगी कि केरल और बिहार का मैच या तो ड्रॉ हो या बिहार जीत जाए। राहुल 2020 के बाद पहला रणजी मैच खेलेंगे। कर्नाटक के कोच येरे गौड़ ने कहा कि वह हरियाणा के खिलाफ तीसरे नंबर पर उतरेंगे। उन्होंने कहा, 'उसके पास अपार अनुभव है। हम देखेंगे कि वह अंतिम एकादश में किसकी जगह लेते हैं लेकिन यह तय है कि वह तीसरे नंबर पर उतरेंगे।'

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में तिलक दूसरे नंबर पर पहुंचे, वरुण भी शीर्ष पांच में पहुंचे



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के तिलक वर्मा दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के ही स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 25 स्थान की लंबी छलांग लगाकर शीर्ष पांच में पहुंच गये हैं। वहींबल्लेबाजों की सूची में ट्रैविस हेड नंबर एक पर हैं। तिलक ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में नाबाद 19, नाबाद 72 और 18 रन बनाए हैं जिसका लाभ उन्हें मिला है। इस सीरीज में अभी दो मैच खेले जाने बाकी हैं, ऐसे में तिलक के पास रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का अवसर है।

तिलक की 832 अंकों की वर्तमान रेटिंग टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा हासिल की गई चौथी सबसे बड़ी रेटिंग है। इस छोटे प्रारूप में भारत की तरफ से केवल सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली और केएल राहुल ही उनसे अधिक रेटिंग अंक हासिल कर पाए। वहीं युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 59 स्थान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन पांच पायदान ऊपर 32वें स्थान पर और बेन डकेट 28 पायदान ऊपर 68वें स्थान पर है। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच में 24 रन देकर पांच क्रिकेट लेने वाले वरुण अपने शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष के पांच गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं। उनके साथी स्पिनर अक्षर पटेल पांच पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद टी20 अंतरराष्ट्रीय कि गेंदबाजों की रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह 2023 में पहले नंबर पर पहुंचे थे। वहीं भारतीय भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर एक पर बने हुए हैं।


# आदिल रशीद हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी है : जोस बटलर

राजकोट । इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर का मानना है कि उनकी टी20 टीम में लेग स्पिनर आदिल रशीद सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी है जिन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। रशीद की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने



तीसरा टी20 जीतकर श्रृंखला में वापसी की। उन्होंने चार ओवर में 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। चेन्नई में दूसरे टी20 में भी उनका इकॉनॉमी रेट चार रन प्रति ओवर से कम था। भारत को 26 रन से हराने के बाद बटलर ने कहा, 'वह हमारे लिए सबसे अहम खिलाड़ी है और उसके प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। उसके पास काफी विविधता है। एक कप्तान के लिए वह ट्रंपकार्ड से कम नहीं है। पिछले दोनों मैचों में उसने शानदार प्रदर्शन किया है।' श्रृंखला में अभी भी 1-2 से पीछे होने के बावजूद बटलर ने कहा कि उनकी टीम सही दिशा में जा रही है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। लिवी (पांच छक्के लगाने वाले लिविंगस्टोन) ने जबरदस्त छक्के लगाए। उसके अलावा रश (रशीद) और वुडी (मार्क वुड) को भी श्रेय जाता है जिन्होंने आखिरी विकेट के लिए 20 रन जोड़े। मुझे पता था कि 170 का स्कोर अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'हम इसी शैली में आगे खेलते रहेंगे। गेंद और बल्ले दोनों से आक्रामक प्रदर्शन करेंगे।'

## पीटरसन ने हैरी को आधुनिक समय का सबसे अच्छा क्रिकेटर बताया



लंदन । इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने अपने देश के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे आधुनिक समय का सबसे अच्छा क्रिकेटर करार दिया है। इससे साफ है कि अब पीटरसन के पसंदीदा खिलाड़ी विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह नहीं बल्कि हैरी हो गये हैं। हैरी ने अपने पदार्पण के बाद से ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाई है। वह सभी प्रारूपों में गेंदबाजों पर हावी होने की अपनी क्षमता के कारण खासे सफल हुए हैं। हैर ने हालांकि ईडन गार्डन्स में सीरीज के शुरूआती मैच में खराब प्रदर्शन के लिए स्मॉग को जिम्मेदार ठहराया था और कहा था कि इससे भारतीय स्पिनरों की गेंदें देखने में परेशानी आई थी। ब्रूक दूसरे टी20 में वह एक बार फिर से स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर बोल्ड हो गए। वहीं तब कमेंट्री कर रहे रवि शास्त्री ने ब्रूक द्वारा पिछले मैच में स्मोग को जिम्मेदार बताने वाले हैरी बयान को याद दिलाते हुए तंज कसा कि एक बार फिर से वरुण ने उनका विकेट लिया पर इस दौरान कोई धुंध नहीं थी। यह सीधी गेंद थी जोकि स्टंप से जा लगी।

# सूर्यकुमार ने हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया




राजकोट । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 क्रिकेट मुकाबले में मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा कि इसका कारण खराब बल्लेबाजी रहा। साथ ही कहा कि जब तक हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल बल्लेबाजी कर रहे थे तब तक मैच हमारे हाथ में था। उन्होंने माना कि इंग्लैंड के गेंदबाज आदिल राशिद ने काफी अच्छी गेंदबाजी की। उससे हमारे बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पाये।' उन्होंने कहा, 'हम हमेशा हर मैच से कुछ न कुछ सीखते हैं। हमें बल्लेबाजी को ध्यान में रखते हुए अपनी कमियों को देखना होगा। हमें ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाना होगा और अपनी गलतियों से सीखना होगा। साथ ही कहा कि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती अभ्यास सत्रों के दौरान कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वह अनुशासित हैं और कड़ी मेहनत के कारण उन्हें मैदान पर विकेट मिल रहे हैं। दोनो ही टीमों के बीच अब अब 31 जनवरी को चौथा मैच खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम का प्रयास जीत दर्ज करना रहेगा।

# स्टीव स्मित श्रीलंका के खिलाफ ठोका सबसे तेज 35वां टेस्ट शतक, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड




**गॉले (श्रीलंका) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। जिसके पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ ने बुधवार को बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सबसे तेज शतक ठोका। उन्होंने गॉल के मैदान पर स्टंप्स तक 188 गेंदों में 10 चौकें और 1 छक्के के दम पर नाबाद 104 रन बनाए। ये उनके टेस्ट करियर का 35वां शतक है। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले प्लेयर्स की फेहरिस्त में शामिल हो गए हैं वो इस एलीट लिस्ट में सातवें बल्लेबाज बन गए हैं।

वहीं 35 वर्षीय स्मिथ ने पारियों के लिहाज से सबसे तेज 35 टेस्ट शतक कंप्लीट करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर एंट्री मारी है। उन्होंने 115वें टेस्ट के दौरान 205वीं पारी में ये आंकड़ा बनाया है।

वहीं टेस्ट में सबसे तेज 35 शतक ठोकने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के नाम है। उन्होंने 194वीं पारी में ऐसा किया था। पोंटिंग ने अपने करियर में 168 टेस्ट में कुल 41 शतक जमाए। दूसरे नंबर पर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। जिन्होंने 200वीं पारी में 35 टेस्ट सेंचुरी पूरी की है। सचिन ने 200 टेस्ट में सबसे ज्यादा 51 शतक लगाए। स्मिथ ने श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर कुमार संगाकारा को पछाड़ा है, जो अब चौथे पायदान पर हैं।

संगाकारा ने 134 टेस्ट में कुल 36 सेंचुरी लगाई। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर जैक्स कैलिस हैं। कैलिस ने 166 मुकाबलों में 45 टेस्ट शतक लगाए हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने 268 पारियों में ये कारनामा दर्ज किया है। रूट ने अभी तक 152 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 36 शतक जमाए। जबकि पूर्व भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ सातवें स्थान पर हैं। जिन्होंने 272 पारियों में 35 शतक पूरे किए हैं।

साथ ही स्टीव स्मिथ ने इस दौरान एक अनोखा रिकॉर्ड भी बनाया है। दरअसल, वह श्रीलंकाई सरजमीं पर तीन शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 2022 में श्रीलंका दौरे पर गॉल में नाबाद 145 रनों की पारी खेली थी। स्मिथ ने 2016 में कोलंबो के स्टेडियम में 119 रन जुटाए थे। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन स्टंप्स तक 81.1 ओवर में दो विकेट पर 300 रन जोड़े।

## रोहित और कोहली के साथ काम करने को उत्साहित हैं बल्लेबाजी कोच सितांशु



राजकोट । भारतीय क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा है कि वह आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा ओर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। सितांशु ने कहा कि कहा कि इनको लेकर उनके दिमाग में एक योजना भी है जिसके लिए दोनो से ही वह बात करेंगे। सितांशु ने इससे पहले भी एनसीए और भारत ए स्तर पर बल्लेबाज कोच की जिम्मेदारी निभाई है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के खिराब प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम की बल्लेबाजी को बेहरत बनाने की जिम्मेदारी मिली है। रोहित और कोहली 6 फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम से जुड़ेंगे। सितांशु ने कहा कि रोहित और विराट बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं पर इस टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। मेरा काम यह समझने की कोशिश करने के बारे में कि खिलाड़ी अपने खेल की योजना कैसे बना रहे हैं, उनकी सोच क्या है और हम किस तरह से उनके खेल में कुछ जोड़ सकते हैं। मैं इसी तरह सोचता हूं। उन्होंने कहा कि मैं अगर किसी खिलाड़ी के खेल में दो या पांच फीसदी भी जोड़ सका तो यह बड़ी बात होगी। उन्होंने जितना क्रिकेट खेला है और जिस तरह का प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा। मुझे भी उनसे काफी कुछ सीखने को मिलेगा। सितांशु ने कहा कि आने वाले समय में वह विराट और रोहित से बात करेंगे। साथ ही कहा कि यह खेल इसी तरह चलता है, आपको दूसरों के विचारों को सुनने और सीखने के लिए तैयार रहना होगा। साथ ही कहा कि वे अगर मुझ से कुछ पूछना चाहते हैं तो मेरे दिमाग में कुछ बाते हैं जो मैं कहूंगा पर इसके लिए सही समय होना चाहिये। उन्हें यह महसूस करना चाहिये कि वे इसके लिए तैयार है।

# डब्ल्यूसीएल लीग में गेम चेंजर्स की कप्तानी करेंगे डिविलियर्स

जोहांसबर्ग । दक्षिण अफ्रीक के स्टार बल्लेबाज एबी डिविलियर्स अब एक बार फिर मैदान पर चौके, छक्के लगाते हुए दिखेंगे। डिविलियर्स ने हाल ही में खेल में वापसी की बात कही थी। इसी के तहत ही अब वह पूर्व क्रिकेटरा की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) लीग के दूसरे संस्करण में खेलते हुए दिखेंगे। इसमें डिविलियर्स गेम चेंजर्स दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी करेंगे। इस लीग में वही क्रिकेटर खेल सकते हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो। दिग्गजों क्रिकेटरों वाली इस प्रीमियर टी20 टूर्नामेंट से दुनिया भर के प्रशंसकों की



यादें फिर ताजा हो जाएंगी। अपनी वापसी को लेकर डिविलियर्स ने कहा, चार साल पहले मैंने सभी क्रिकेट प्रारूप से संन्यास ले लिया था क्योंकि मुझे अब और खेलने की इच्छा नही थी। खैर, समय बीत गया है और मेरे बच्चे खेलने लगे हैं। हम बगीचे में अधिक से अधिक खेल रहे हैं जिसमें भी आनंद आ रहा है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं एक बार फिर जिम और नेट्स पर वापस जा रहा हूं और मैं जुलाई में डब्ल्यूसीएल लीग के लिए तैयार हो जाऊंगा। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले डिविलियर्स की वापसी से क्रिकेट जगत में भी खुशी का माहौल है। गेम चेंजर्स टीम के पहले सत्र में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन और इमरान ताहिर जैसे दिग्गज शामिल थे, अब डिविलियर्स की कप्तानी में टीम और भी बेहतर बनकर उभरेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीकी चैम्पियंस के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने उत्साहित होकर कहा, हम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान क्रिकेटरों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारे कप्तान के रूप में एबी डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनका नेतृत्व हमें शीर्ष पर ले जाएगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका चैम्पियंस के सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा, डिविलियर्स केवल एक खिलाड़ी नही हैं; वे एक आइकन हैं जिन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। हमारी टीम का नेतृत्व करने का उनका फैसला खेल के प्रति उनके प्यार को दिखाता है और हम उन्हें टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। यह टीम और लीग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। लीजेंड्स लीग के संस्थापक और सीईओ हर्षित तोमर ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, यही कारण है कि हमने इस लीग की शुरुआत की ताकि उन दिग्गजों को वापस लाये जा सके जिन्हें लोग देखना चाहते हैं।

# घरेलू क्रिकेट में टैलेंट की कद्र न हुई तो इस क्रिकेटर ने किया विदेश का रुख



**खेल डैस्क ।** टीम इंडिया में जगह बनाना मुश्किल होता जा रहा है। बहुतरे क्रिकेटर आईपीएल से टीम इंडिया में सीधी एंट्री ले लेते हैं लेकिन घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन उन्हें टीम इंडिया में जगह नहीं दिला पाता। ऐसा ही कुछ करुण नायर के साथ हुआ है। भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले करुण सिर्फ दूसरे प्लेयर हैं। उन्होंने 8 साल बाद भारतीय टीम में वापसी के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में जमकर बल्ला चलाया। 5 शतक के साथ 779 रन बना दिए लेकिन यह भी उनके काम नहीं आए क्योंकि बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनके नाम पर विचार ही नहीं किया। बीसीसीआई द्वारा प्रदर्शन के बावजूद ठुकराने जाने के बाद करुण नायर ने आखिरकार विदेश का रुख कर लिया है। करुण जल्द ही अपने क्रिकेट करियर को जिंदा रखने के लिए काउंटी क्रिकेट में हाथ आजमा सकते हैं। भारत की तरह इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेली जाती है जो एक घरेलू टूर्नामेंट है। जिसमें राज्य टीमें हिस्सा लेती है। अच्छी बात यह है कि इन टीमों में दूसरे देशों से भी टैलेंटिड प्लेयरों को जगह दी जाती है।

### बीते दिनों बोले थे- मेरा सपना हमेशा देश के लिए खेलना

करुण ने विजय हजारे ट्रॉफी से पहले कहा था कि मेरा सपना हमेशा देश के लिए खेलना होता है। इसलिए, हां, सपना अभी भी जिंदा है। यही कारण है कि हम यह खेल खेलते हैं, अपने देश के लिए खेलना। इसलिए, मेरा एकमात्र लक्ष्य देश के लिए खेलना था। मुझे लगता है कि यह मेरी तीसरी वापसी है (हंसते हुए)। और मुझे वही करना जारी रखना होगा जो मैं इस समय कर रहा हूं। मैं जितने भी मैच खेलता हूं, उसमें जब भी संभव हो रन बनाता रहूंगा। मैं यही कर सकता हूं। बाकी सब मेरे नियंत्रण में नहीं है।

### विजय हजारे ट्रॉफी में बनाए थे 779 रन

33 वर्षीय करुण नायर ने विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 के इस सीजन में 9 मैचों की 8 पारियों में 389.50 की औसत से 779 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 163* के बेस्ट स्कोर के साथ 5 शतक और 1 अर्धशतक जड़ा है। वह इस विजय हजारे सीजन सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस वजह से उनके वापसी की लगातार चर्चाएं चल रही हैं। कुछ समय पहले जब इंग्लैंड वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम का ऐलान किया गया था तो सभी यह बात कह रहे थे कि उनको मौका क्यों नहीं मिला। बीसीसीआई और चयनकर्ताओं ने हाल के दिनों में घरेलू क्रिकेट के महत्व पर जोर दिया है, लेकिन नायर के लिए वनडे टीम में जगह बनाना आसान नहीं था। बीसीसीआई सूत्र ने कहा कि अगर आपको 15 में करुण को चुनना हो तो आप किसे छोड़ेंगे? आप श्रेयस अय्यर जैसे किसी खिलाड़ी को नहीं छोड़ सकते, जिन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में 2023 एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में शतक बनाया और घरेलू क्रिकेट में सभी प्रारूपों में शानदार फॉर्म में हैं।

# एक भी अंतरराष्ट्रीय नहीं खेले बडोनी की कप्तानी में आज से रणजी ट्रॉफी में उतरेंगे विराट

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली गुरुवार से होने वाले रणजी ट्रॉफी मुकाबले में दिल्ली की ओर से उतरेंगे। विराट एक दशक से अधिक समय के बाद घरेलू क्रिकेट खेलने उतरेंगे। ये मुकाबला यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे से होगा। दिल्ली की टीम का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है और वह नॉकआउट से बाहर हो गयी है। अभी तक टीम को 6 मैचों में केवल एक बार ही जीत मिली है पर ये मैच इसलिए चर्चाओं में है क्योंकि इसमें विराट एक ऐसे खिलाडी की कप्तानी में खेल रहे हैं जिसने अब तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। इस मैच में दिल्ली की टीम युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी की कप्तानी में मैदान पर उतर रही है। बडोनी ने अब तक घरेलू क्रिकेट के अलावा आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेला है। डीडीसीए ने इस मैच में विराट से कप्तानी संभालने को कहा पर उन्होंने इंकार कर दिया था। इसी वजह से बडोनी के पास ही कप्तानी रहेगी। बडोनी का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। अभी तक उन्होंने 13 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 53.55 की औसत से 964 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और दो अर्धशतक लगाये हैं।

## एक नजर

### इथेनॉल की कीमत बढ़ी, अब 57.97 रुपये प्रति लीटर मिलेगा

**नई दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए अपनी योजना के तहत सी हैवी मोलासेस से प्राप्त इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के लिए इथेनॉल खरीद मूल्य में संशोधन को आज मंजूरी दी है। इथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2024-25 (1 नवंबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025) के लिए सी हैवी मोलासेस (सीएचएम) से प्राप्त ईबीपी कार्यक्रम के लिए इथेनॉल की प्रशासित एक्स-मिल कीमत 56.58 रुपये प्रति लीटर से 57.97 रुपये प्रति लीटर तय की गई है। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि इथेनॉल की कीमतों में 3 प्रतिशत की वृद्धि से बढ़े हुए मिश्रण लक्ष्य को पूरा करने के लिए इथेनॉल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि सरकार इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम लागू कर रही है। इसके तहत तेल विपणन कंपनियां 20 प्रतिशत तक इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचती हैं। वैकल्पिक और पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम पूरे देश में लागू किया जा रहा है।

### प्रयागराज से सटे 8 जिलों के बॉर्डर पर 2 लाख वाहन फंसे

**मऊ :** महाकुंभ में उमड़े आस्था के सैलाब को देखते हुए प्रयागराज से सटे 8 जिलों के बॉर्डर पर वाहनों को रोक दिया गया है। पुलिस के मुताबिक जब तक कुंभ मेला प्रशासन से अनुमति नहीं मिलती, आगे वाहनों को नहीं जाने दिया जाएगा। बॉर्डर पर वाहन या तो रोड पर खड़े हैं, या पार्किंग में रोका गया है। महाकुंभ में भीड़ कम होने पर इन्हें जाने दिया जाएगा। प्रयागराज से सटे सभी बॉर्डर को मिलाकर करीब 2 लाख वाहन रोके गए हैं।

### भारत में स्कोडा एसयूवी काइलैक की डिलीवरी शुरू

**रांची :** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी पहली सब-4-मीटर एसयूवी, काइलैक को भारत में आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दिया है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और तेजी से बढ़ते भारतीय एसयूवी बाजार में स्कोडा के लिए नए रास्ते खोलता है। यह गाड़ी भारत में स्कोडा के नए मॉडर्न सॉलिड डिजाइन लैंग्वेज का उदाहरण है, जिसमें मजबूती, कार्यक्षमता और प्रामाणिकता को प्राथमिकता दी गई है। ग्राहकों के लिए गाड़ी की टेस्ट ड्राइव और डिलीवरी बुधवार से शुरू हो चुकी है। कंपनी डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा कि यह एसयूवी भारतीय बाजार में स्कोडा के विकास को नई दिशा देने के लिए पूरी तरह तैयार है। काइलैक की उपलब्धता स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए एक नए युग की शुरूआत का संकेत है। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी सुरक्षा, बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव और अपने सेगमेंट के सबसे उन्नत फीचर्स का अद्भुत संयोजन है। कुशाक और स्लाविया की सफलता के बाद, काइलैक स्कोडा की भारत-केंद्रित उत्पाद रणनीति को और आगे बढ़ाती है। यह न केवल नए बाजारों में स्कोडा की उपस्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि स्कोडा परिवार से और भी अधिक ग्राहकों को जोड़ने में मदद करेगी। काइलैक की किफायती कीमत और उन्नत यूरोपीय तकनीक इसे भारतीय सड़कों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाती है। यह लक्ष्य काइलैक की उन्नत विशेषताओं, बेहतरीन सुरक्षा मानकों और भारतीय सड़कों के लिए उपयुक्त यूरोपीय तकनीक की लोकप्रियता पर आधारित है।

# दक्षिण कोरिया में विमान में लगी आग एक घंटे तक फंसे रहे 176 लोग

एजेंसी



**सियोल :** दक्षिण कोरिया में बुसान के गिम्हे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान के लिए तैयार एयर बुसान के यात्री विमान (अ321-200) में मंगलवार रात 10:26 बजे आग लग गई। उड़ान भरने से पहले इस विमान के पिछले हिस्से में आग की तेज लपटें उठनी शुरू हो गईं। यह देखकर विमानस्थल पर अफरातफरी मच गई। द कोरिया हेराल्ड समाचार पत्र के अनुसार, चालक दल के सात सदस्य और 169 यात्री करीब एक घंटे तक विमान में फंसे रहे। सभी 176 लोगों को रात 11:31 बजे सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। परिवहन मंत्रालय ने बुधवार सुबह आग के कारणों की जांच के लिए राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी के साथ मिलकर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम का गठन किया। टीम जांच करने हवाई अड्डा पहुंची। बताया गया है कि इस हादसे में चालक दल के चार सदस्य और तीन यात्री झुलस गए। सातों के बुधवार दोपहर तक अस्पताल में भर्ती होने की पुष्टि हुई है। देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति और वित्तमंत्री चोई सांग-मोक ने गहन जांच के आदेश दिए हैं।

## आम आदमी पार्टी में शामिल हुए भाजपा नेता संजीव अरोड़ा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बुधवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा के कार्यकारिणी सदस्य व इंद्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष संजीव अरोड़ा अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी नेता और सांसद संजय सिंह ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में संजीव अरोड़ा को पटका और टोपी पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर राजेंद्र नगर के आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक भी मौजूद रहे। दुर्गेश पाठक ने कहा कि संजीव अरोड़ा राजेंद्र नगर क्षेत्र में तीस साल से समाज सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कोरोना काल में लोगों को खाना व अन्य वस्तुएं देकर मदद की थी।इस मौके पर संजीव अरोड़ा ने भारतीय जनता पार्टी पर वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी करके टिकट देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इससे राजेंद्र नगर के लोग आहत हैं। उन्होंने कहा कि वह आम आदमी पार्टी की विधारधारा और उनकी योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समाज के आखिरी आदमी के बारे में सोचते हैं।

## अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अदालत में परिवाद दायर

**केजरीवाल के पानी सम्बंधी बयान पर हरियाणा सरकार ने कड़ा रुख अपनाया**

एजेंसी



**चंडीगढ़ :** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि दिल्ली में सप्लाई किए जाने वाले पानी को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान का हरियाणा सरकार ने संज्ञान लिया है। हरियाणा सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत केजरीवाल के खिलाफ सोनीपत की अदालत में परिवाद दायर किया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने बुधवार को यह जानकारी चंडीगढ़ स्थित सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। विपुल गोयल ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का बयान बेतुका और भ्रमित करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के घटिया और गैरजिम्मेदाराना बयान के लिए चुनाव आयोग भी केजरीवाल के खिलाफ कड़ा संज्ञान लें। विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार पर इस प्रकार का आरोप लगाकर केजरीवाल ने घटिया राजनीति की है। हरियाणा सरकार कानूनी कार्रवाई कर रही है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री ने कहा कि जो पानी दिल्ली को सप्लाई किया जा रहा है वहीं राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री भी पीते हैं। केजरीवाल ने यह बयान देकर दिल्ली ही नहीं हरियाणा की जनता में भी भय फैलाने का काम किया है। उन्होंने कहा दिल्ली सरकार यमुना को स्वच्छ बनाने में पूरी तरह विफल रही है। चुनाव में अपनी साख बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की जनता पर शर्मनाक और निराधार आरोप लगाए हैं। हरियाणा की जनता यमुना जी को आराध्य मानती है। इस प्रकार का मिथ्या प्रचार न केवल हरियाणा का अपमान है बल्कि दिल्ली के लोगों को गुमराह करने की साजिश भी है।

## प्योर ईवी ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में क्रांति लाने के लिए एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 किया लॉन्च

एजेंसी

**पटना :** भारत के प्रमुख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निमार्ताओं में से एक प्योर ईवी ने एक्स प्लेटफॉर्म का एक महत्वपूर्ण अपग्रेड, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 लॉन्च करने की घोषणा की। एडवांस एआई तकनीक द्वारा संचालित यह नया प्लेटफॉर्म, यूजर एक्सपीरियंस बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वाहन के प्रदर्शन, कनेक्टिविटी और समग्र राइडर सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई एडवांस फीचर्स के साथ उपलब्ध है। थ्रिल मोड एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की मुख्य विशेषताओं में से एक है, जो टॉर्क और समग्र प्रदर्शन को 25 प्रतिशत तक बढ़ाता है। यह फीचर यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक दमदार और पावरफुल ड्राइविंग एक्सपीरियंस की तलाश में हैं। यह फीचर इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शन में नए मानक स्थापित करता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, प्योर ईवी के संस्थापक और एमडी डॉ. निशांत डोंगरी ने कहा, एक्स प्लेटफॉर्म 3.0 की शुरूआत के साथ, हम एडवांस एआई तकनीकों को सहजता से एकीकृत करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति के अगले चरण में कदम रख रहे हैं। यह प्लेटफॉर्म प्योर ईवी के लिए अद्वितीय है और भारतीय नवाचार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की हमारी महत्वाकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। हम अपने वाहनों को न केवल परिवहन के साधन के रूप में देखते हैं, बल्कि एक इंटेलिजेंट, कनेक्टेड डिवाइस के रूप में भी देखते हैं, जो मोबिलिटी की अवधारणा को फिर से परिभाषित करती है, और हमारे ग्राहकों को एक बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है। इसके अलावा, यह प्लेटफॉर्म एडवांस प्रिडिक्टिव एआई से लैस है, जो राइडर के व्यवहार से सीखता है और बदलती स्थितियों के अनुसार खुद को ढालने में सक्षम है। विश्वसनीयता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, यह फीचर प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर के सिद्धांत पर काम करता है और संभावित समस्याओं का पता लगाकर और उन्हें पहले ही हल करके वाहन की 100 प्रतिशत अपटाइम सुनिश्चित करता है। क्लाउड एआई के साथ मिलकर, यह प्लेटफॉर्म ओवर-द-एयर अपडेट्स और अपग्रेड्स की सुविधा भी प्रदान करता है, जिससे वाहन का सॉफ़्टवेयर अप-टू-डेट रहता है और प्रदर्शन के लिए अनुकूलित होता है।

## जेपीसी ने वक्फ पर विधेयक के संशोधित प्रारूप को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने बुधवार को इससे जुड़ी रिपोर्ट और मसौदा विधेयक के संशोधित प्रारूप को बहुमत के वोट के आधार पर मंजूरी प्रदान कर दी। समिति ने 15 बनाम 11 मतों से इसे स्वीकार किया है। समिति की ओर से विधेयक में 14 खंडों में संशोधनों को अपनाया गया है। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने आज जेपीसी की बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कल लोकसभा अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। दूसरी ओर संशोधित विधेयक अपनाए जाने की विपक्षी सदस्यों ने कड़ी आलोचना की है। विपक्ष का कहना है कि यह पूरी तरह से असंवैधानिक है और इससे वक्फ बोर्ड यानी मुसलमान के धार्मिक मसले में सरकारी हस्तक्षेप को अनुमति मिल जाएगी। दूसरी ओर समिति के अध्यक्ष का कहना है कि विपक्ष की ओर से उठाए गए कई मसलों और चिंताओं का संशोधित स्वरूप में ध्यान रखा गया है। विधेयक के कानून बनने पर वक्फ बोर्ड अपनी जिम्मेदारियों को पारदर्शिता और प्रभावी रूप से निभा पाएगा। तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि हमने 32 पेजों को लेकर अपना डिसेंट नोट दिया है। हमें कल शाम ही 653 पेजों की ड्राफ्ट रिपोर्ट 7.55 मिनट पर मिली थी। विपक्षी नेता असदुद्दीन औवेसी ने कहा कि इतने कम समय में 653 पेजों की ड्राफ्ट रिपोर्ट को कैसे अध्ययन किया जा सकता है।

# कांग्रेस की सरकार बनी तो दिल्ली में पूर्वांचलियों के लिए अलग मंत्रालय बनेगा : अजय राय

एजेंसी



**नई दिल्ली :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि पार्टी दिल्ली में रह रहे पूर्वांचल के लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार बनने पर पूर्वांचल के लोगों के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया जाएगा। ताकि राजधानी में रह रहे पूर्वांचलियों के हितों की रक्षा की जा सके। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में अजय राय ने कहा कि मैं इन दिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजधानी के विभिन्न इलाकों में गया हूं। यहां की जनता अब दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित (कांग्रेस) द्वारा किए गए विकास कार्यों को याद कर रही है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली की जनता चाहती है कि यहां फिर से कांग्रेस की सरकार बने। अजय राय ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर पूर्वांचल के लोगों के हितों की रक्षा के लिए दिल्ली में एक अलग मंत्रालय बनाएंगे। इस मंत्रालय के लिए अलग से बजट आवंटित होगा। इसके अलावा महाकुंभ की तरह छठ महापर्व का आयोजन करेंगे और यमुना तट पर विशेष घाट विकसित किया जाएगा। कुल मिलाकर पूर्वांचलियों के आर्थिक उत्थान और उनकी जीवन शैली को औसत से बेहतर बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के लोग पूर्वांचल के लोगों की तुलना रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों से करती है, वहीं दूसरी तरफ केजरीवाल कहते हैं कि मतदाता सूची में पूर्वांचलियों के फर्जी वोट जुड़वाए जा रहे हैं। केजरीवाल कहते हैं कि पूर्वांचलियों द्वारा द्वारा यमुना को गंदा किया जा रहा है। इससे सम्बन्धित एक पुरानी वीडियो क्लिप भी उन्होंने प्रदर्शित की। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस तरह के बयान देकर पूर्वांचल के लोगों को अपमानित किया जा रहा है, जबकि दिल्ली को बनाने में पूर्वांचलियों का बहुत बड़ा योगदान है। आज दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों को पीने का साफ पानी तक नहीं मिल पा रहा है। उनके पास रोजगार नहीं है, बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं हैं। इसलिए मैं अपने पूर्वांचल के भाई-बहनों से कहना चाहूंगा कि कांग्रेस आपके साथ खड़ी है। कांग्रेस ने जो वादा किया है, वो जरूर पूरा करेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने प्रयागराज में महाकुंभ में मची भगदड़ पर दुख व्यक्त करते हुए इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कुंभ का आयोजन होता था लेकिन इस तरह से देश-विदेश में मार्केटिंग नहीं की जाती थी। इसी मार्केटिंग के कारण बेइंतहा भीड़ जुटी और भगदड़ मचने पर सरकारी बंदोबस्त नाकाफी साबित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीलंकाई नौसेना ने 13 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया



**कोलंबो :** श्रीलंका की नौसेना ने 13 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इन पर श्रीलंका के समुद्री जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप जड़ा गया है। इनको जापना के पास कांकेसंथुराई में 28 जनवरी को पकड़कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। डेली न्यूज के अनुसार, इनकी न्यायिक हिरासत अवधि 10 फरवरी को पूरी होगी। एक नौसेना अधिकारी ने 27 जनवरी को कांकेसंतुरई पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि श्रीलंकाई जल क्षेत्र में भारतीय मछुआरे अनधिकृत रूप से मछली पकड़ने की गतिविधियों में संलिप्त हैं। इस शिकायत के बाद नौसेना ने अपने जल क्षेत्र में निगरानी तंत्र को सक्रिय किया। शिकायत दर्ज कराने के 24 घंटे बाद 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ा गया। खबर में यह भी कहा गया है कि धरपकड़ के दौरान एक भारतीय मछुआरा नौसेना के अधिकारी से उलझ गया। इस अधिकारी की बंदूक गलती से चल गई। गोली दो भारतीय मछुआरों के पैरों में लगी है। उन्हें जाफना जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सैफ अली खान पर हमला मामले के आरोपी को भेजा गया जेल

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के आरोपित हमलावर मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को बांद्रा मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 14 दिनों तक न्यायिक कस्टडी में भेज दिया है। बांद्रा पुलिस ने आरोपित की पुलिस कस्टडी खत्म होने के बाद बुधवार को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया था। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपित बहुत चालाक है और उसने वारदात को अंजाम देने से पहले रेकी की थी। पुलिस ने आरोपित की आज फिर पुलिस कस्टडी मांगी, लेकिन आरोपित के वकील ने कहा कि उनके मुअक्विल से अब किसी भी तरह की पूछताछ की जरूरत नहीं है। इसलिए आरोपित को न्यायिक कस्टडी में भेजा जाना चाहिए। न्यायाधीश ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है, इसलिए अब पुलिस कस्टडी की जरूरत नहीं लगती। अगर जांच में कुछ नए तथ्य सामने आते हैं तो नए बीएनएसएस कानून के तहत बाद में पुलिस कस्टडी का अनुरोध किया जा सकता है। पुलिस के अनुसार आरोपित मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने 16 जनवरी को बांद्रा में सैफ अली खान के आवास में घुसकर उन पर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में घायल सैफ का इलाज लीलावती अस्पताल में किया गया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को 19 जनवरी को ठाणे जिले में से गिरफ्तार किया था।

### करोड़ों का सोना लेकर हुआ था फरार क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** दक्षिणी दिल्ली के सीआर पार्क इलाके में ज्वेलर के यहां से 2.90 करोड़ का सोना लेकर फरार हुए स्टोर इंचार्ज (मैनेजर) को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पश्चिम बंगाल के नादिया से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान कृष्णु गोस्वामी (45) के रूप में हुई है। करीब 1500 किलोमीटर पीछा करने के बाद आरोपित को दबोचा गया। मामला दर्ज होने के बाद इसकी गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। क्राइमब्रांच की टीम इसे दिल्ली लेकर आई। पूछताछ के बाद इसे स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दो अगस्त 2023 को सीआर पार्क थाने में राजकुमार नामक ज्वेलर ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि उसका स्टोर इंचार्ज (मैनेजर) करीब 4.732 किलोग्राम सोना लेकर फरार हो गया। इसकी कीमत 2.90 करोड़ रुपये है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। क्राइम ब्रांच की टीम ने भी आरोपित की तलाश शुरू की। इस बीच कृष्णु गोस्वामी की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित अपने पैतृक निवासी नादिया पश्चिम बंगाल में छिपा हुआ है। एक टीम को पश्चिम बंगाल भेजा गया। 27 जनवरी को आरोपित को उसके गांव से दबोच लिया गया।

### अमेरिका ने निर्वासित किए जाने वाले 14 लाख लोगों से अधिक का आंकड़ा किया सार्वजनिक



**काठमांडू :** अमेरिकी सरकार ने वहां रह रहे अवैध प्रवासियों की एक सूची प्रकाशित की है जिनको जल्द ही डिपोर्ट किया जाना है। इस नई सूची में अफ्रीकी देशों के नागरिकों की संख्या सर्वाधिक है जबकि चीन और भारत के नागरिकों की संख्या भी हजारों में है। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से बुधवार को डिपोर्ट किए जाने वाले विदेशी नागरिकों की एक सूची प्रकाशित की गयी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अवैध विदेशी नागरिकों को वापस भेजने की नीति के तहत अमेरिकी प्रशासन ने इस सूची को सार्वजनिक किया है। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के मुताबिक अब तक विभिन्न देशों से कुल 14,45,549 प्रवासियों को अमेरिका से निर्वासित किए जाने की तैयारी है। इस सूची के मुताबिक सबसे अधिक संख्या होंडुरास, ग्वाटेमाला, मेक्सिको और अल सल्वाडोर के नागरिकों की है जो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर वहां रह रहे हैं। इनमें होंडुरास के 2,61,651, ग्वाटेमाला के 2,53,413, मेक्सिको के 2,52,044 और अल सल्वाडोर के 203,822 नागरिक हैं। इसके अतिरिक्त 37,908 चीनी नागरिक और 17,940 भारतीय नागरिकों का भी निर्वासन किए जाने की जानकारी दी गई है। इसमें 1,365 नेपाली नागरिक भी निर्वासन सूची में हैं।

### मारुति सुजुकी इंडिया को तीसरी तिमाही में 3,727 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नई दिल्ली :** देश की दिग्गज कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमआईएस) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 3,207 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 38,764 करोड़ रुपये हो गई, जो विगत वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 33,513 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सुजुकी मोटर गुजरात को मोटर वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी में विलय करने की योजना को मंजूरी दे दी है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**